RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 55
नई दिल्ली, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




साइना एशियाई मिश्रित टीम के ट्रायल्स में शामिल

स्पोर्ट्स-12

# यूपी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण रद्द

● हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने तुरंत चुनाव कराने के दिए आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सूबे** में निकाय चुनावों के लिए जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रद्द कर दिया है। पीठ ने एससी व एसटी को छोड़कर शेष सीटों को सामान्य सीट के तौर पर अधिसूचित करने का आदेश दिया है। साथ ही निकाय चुनावों की अधिसूचना तत्काल जारी करने का आदेश सरकार को दिया है। पीठ के इस आदेश से राज्य सरकार को तगड़ा झटका लगा है।

पांच दिसंबर 2022 को राज्य सरकार ने निकाय चुनावों के लिए ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन में एससीए एसटी व ओबीसी के लिए आरक्षण प्रस्तावित था। पीठ ने इस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को रद्द करते हुए कहा है कि बगैर ट्रिपल टेस्ट के ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने इसके साथ ही संवैधानिक प्राविधानों के मुताबिक निकाय चुनावों में महिला आरक्षण देने का आदेश भी दिया है। पीठ ने 12 दिसंबर 2022 को जारी उस शासनादेश को भी खारिज कर दिया



है, जिसके मुताबिक निकायों का कार्यकाल खत्म होते ही प्रशासनिक व्यवस्था लागू होना था। पीठ ने आदेश दिया है कि यदि किसी निकाय का कार्यकाल चुनाव से पूर्व समाप्त हो जाता है, तो जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी अथवा नगर आयुक्त द्वारा नामित जिला स्तर के किसी अधिकारी की कमेटी उक्त निकाय का कामकाज देखेगी।

लेकिन कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेगी। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश वैभव पांडेय समेत कुल 93 याचिकाओं पर दिया है। इनमें 15 जनहित याचिकाएं थीं। इन याचिकाओं में निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया गया था। इनमें एक याचिका ट्रांसजेडरों को भी आरक्षण देने के मसले पर थी। यह याचिका पिंकी किन्नर की ओर से दाखिल की गई थी। बीते शनिवार को पीठ ने इन सभी याचिकाओं पर दोनों पक्षों की बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।

मंगलवार को पीठ ने 87 पृष्ठ का अपना विस्तृत आदेश जारी किया। पीठ ने फैसले में कहा है कि ट्रिपल टेस्ट फार्मूले को अपनाए बगैर ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। पांच दिसंबर 2022 को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को तैयार करने के लिए कराए गए सर्वे में शैक्षिक और सामाजिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखा गया है जबकि सुप्रीम कोर्ट ने राजनैतिक पिछड़ेपन का अध्ययन अनिवार्य बताया है। पीठ ने कहा है कि अब ट्रिपल टेस्ट कराने में काफी वक्त लग सकता है। जबकि संविधान के मुताबिक निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व चुनाव करा लेना चाहिए। ऐसे में निकायों के लोकतांत्रिक स्वरुप को मजबूत रखने के लिए ( शेष पेज 8 )

## जरूरत पड़ी तो जाएंगे सुप्रीम कोर्टः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**निकाय** चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सुप्रीम कोर्ट में अपील भी करेगी। इस संबंध में प्रदेश के नगर ( शेष पेज 8 )

## पिछड़ा विरोधी है यूपी सरकारः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गए दलितों के आरक्षण को भी छीन लेगी। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने न केवल पिछड़ों को धोखा दिया है अपितु बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिए संविधान को भी खत्म करने की साजिश की है। निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। न्यायालय ( शेष पेज 8 )

## पिछड़ों का पक्ष रखने में विफल रही सरकारः मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष सरकार को घेरने में लगा हुआ है। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच व मानसिकता को प्रकट करता है। मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में बहुप्रतीक्षित निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले आरक्षण को लेकर सरकार की कारगुजारी का संज्ञान लेने संबंधी हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच ( शेष पेज 8 )

# ओडिशा में दो रूसी नागरिकों की मौत पर रहस्य बरकरार

● दो दिन के अंतराल पर दोनों की एक ही होटल में हुई मौत, रूसी दूतावास ने कहा-पुलिस ने किसी प्रकार की आपराधिक साजिश से इनकार किया है

● रूसी सांसद एंटोव, पुतिन के यूक्रेन पर हमले के कटु आलोचक थे

● डीजीपी ने जांच सीआईडी को सौंपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ओडिशा** के एक होटल में दो दिन के अंतराल में दो रूसी नागरिकों की मौत को लेकर रहस्य बरकरार है। वहीं रूसी दूतावास ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय पुलिस को उनकी मौत के पीछे कोई आपराधिक साजिश नजर नहीं आ रही है। दूतावास की टिप्पणी उन बयानों के बीच आई है जिसमें इन मौतों पर तमाम तरह के संदेह जताए जा रहे हैं।

मृतकों की पहचान पावेल एंटोव और व्लादिमीर बिडेनोव के रूप में की गई। सोमवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। इस बीच, ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनील कुमार बंसल ने रूसी नागरिकों की मौत के मामले की जांच को सीआईडी से कराने के आदेश दिए हैं। करोड़पति एंटोव सांसद थे और बताया जाता है कि वे व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर हमले के कटु आलोचक थे और इसे उन्होंने 'आतंक' करार दिया था। रूसी दूतावास ने कहा कि हम मृतकों के संबंधियों के साथ साथ स्थानीय अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं। जहां तक हमें जानकारी है कि पुलिस इन दुखद हादसों के पीछे कोई आपराधिक साजिश नहीं देख रही है। 65 वर्षीय एंटोव को शनिवार को ओडिशा के रायगढ़ जिले में एक होटल में खून से लथपथ मृत पाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि होटल की छत से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई।

पावेल एंटोव ओडिशा में अपना 66वां जन्मदिन मनाने आए थे और उनके साथ 61 वर्षीय व्लादीमीर बिडेनोव, उनके सहयोगी तथा एक दंपति मिखाइल तूरोव और नतालिया पनासेनको थे। इनके साथ भारतीय टूरिस्ट गाइड भी था। एंटोव की मौत से दो दिन पहले व्लादीमीर बिडेनोव भी इसी होटल में मृत पाए गए थे। बिडेनोव होटल की पहली मंजिल पर अपने कमरे मे अचेतावस्था में पाए गए थे। पुलिस के मुताबिक व्लादिमीर की ( शेष पेज 8 )

# कोविड से निपटने को देशभर में मॉक ड्रिल

● तैयारियों का लिया गया जायजा, राजधानी दिल्ली के अस्पतालों में भी किया गया अभ्यास

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सतर्क रहने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 की नई लहर आने पर उससे निपटने की तैयारियों के लिए मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने आगाह करते हुए कहा कि देश में मामले फिर बढ़ सकते हैं लिहाजा हमें सतर्क रहने की जरूरत है।

मांडविया ने यहां केंद्र सरकार द्वारा संचालित सफदरजंग अस्पताल में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने की स्थिति से निपटने की अस्पताल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आयोजित मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। चीन समेत कुछ देशों में कोविड-19 के मामलों में तेजी के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से एहतियाती कदमों के ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल में कोविड-19 से निपटने की तैयारियों का जायजा लेते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया।

## दूसरी बूस्टर डोज लेने की अनुमति देने की अपील

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और अन्य शीर्ष चिकित्सक तथा जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से अनुरोध किया कि वे लोगों को दूसरी कोरोना वायरस बूस्टर डोज लेने की अनुमति दें। कोविड-19 से निपटने की तैयारियों को लेकर हुए वीडियो कांफ्रेंस में यह अपील की गई। सूत्रों के मुताबिक मांडविया विशेषज्ञों से कोविड के खिलाफ लड़ाई मे शामिल होने तथा डर को दूर करने और महामारी से बचाव के लिए लोगों को सही जानकारी देने की अपील की।

## कोरोना रोधी इनकोवैक की कीमत 800 रुपए होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**भारत** बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (बीबीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसकी नाक से दी जाने वाली कोविड-19 रोधी दवा इनकोवैक की कीमत निजी बाजार में 800 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) और सरकारी आपूर्ति के लिए 325 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) रखी गई है। यह दवा अब कोविन पोर्टल पर उपलब्ध है। टीका निर्माता कंपनी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह दवा जनवरी 2023 के चौथे सप्ताह से उपलब्ध होगी। इनकोवैक दुनिया की पहली नाक से दी जाने वाली कोविड-19 रोधी दवा है जिसे दो प्राथमिक खुराक के लिए और हीट्रोलोगस (विजातीय) बूस्टर खुराक के रूप में इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। हीट्रोलोगस बूस्टर खुराक में प्राथमिक खुराक से अलग बूस्टर खुराक दी जा सकती है। इस महीने की शुरुआत में भारत बायाटेक को इनकोवैक की विजातीय बूस्टर खुराक के इस्तेमाल के लिए केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन से मंजूरी मिली थी।

# कर्नाटक के 865 गांवों के विलय पर महाराष्ट्र कानूनी रूप से आगे बढ़ेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** विधानसभा ने कर्नाटक के साथ बढ़ते सीमा विवाद के बीच पड़ोसी राज्य में स्थित 865 मराठी भाषी गांवों का अपने प्रदेश में विलय करने पर कानूनी रूप से आगे बढ़ने के लिए एक प्रस्ताव मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि कर्नाटक राज्य विधायिका ने सीमा विवाद को जानबूझकर भड़काने के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित किया था।

महाराष्ट्र विधानसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है, राज्य सरकार 865 गांवों और बेलगाम (जिसे बेलगावी भी कहा जाता है), कारवार, निपाणी, बीदर और भाल्की शहरों में रह रहे मराठी भाषी लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। राज्य सरकार कर्नाटक में 865 मराठी भाषी गांवों और बेलगाम, कारवार, बीदर, निपाणी, भाल्की शहरों की एक-एक इंच जमीन अपने में शामिल करने के मामले पर उच्चतम न्यायालय में कानूनी रूप से आगे बढ़ेगी। महाराष्ट्र के प्रस्ताव में कहा गया है कि जब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी तो यह तय हुआ था कि मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने तक यह ( शेष पेज 8 )

## महाराष्ट्र विधानमंडल का प्रस्ताव संघीय ढांचे के खिलाफ : बोम्मई

**बेलगावी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सीमा मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानमंडल के प्रस्ताव को गैर जिम्मेदाराना और संघीय ढांचे के खिलाफ बताते हुए दोहराया कि राज्य की एक इंच जमीन भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में न्याय मिलने का भरोसा जताया।

बोम्मई ने कहा, हम महाराष्ट्र के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हैं, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 को आए हुए काफी समय हो गया है और दोनों तरफ के लोग शांति से रह रहे हैं। महाराष्ट्र में वहां की राजनीति के लिए ऐसे बयान देने और प्रस्ताव लाने का चलन है। यहां पत्रकारों से बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक अपने रुख पर दृढ़ और स्पष्ट है कि वह एक इंच भी जमीन नहीं छोड़ेगा तथा उनकी सरकार सीमा के दूसरी तरफ कन्नड़ भाषियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे और उनके प्रस्ताव के बीच अंतर देखें, हम कह रहे हैं कि हम अपनी जमीन नहीं देंगे, जबकि वे हमारी जमीन लेना चाहते हैं। जब मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष है तो ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं है। हम न्याय मिलने के बारे में आश्वस्त हैं क्योंकि हमारा रुख संवैधानिक और कानूनी दोनों है।

# चीन आठ जनवरी से कोविड यात्रा प्रतिबंधों को हटाएगा

**एजेंसी।** बीजिंग

**चीन** में बड़े पैमाने पर कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच जनवरी आते-आते चीन व्यावहारिक रूप से अपनी तीन साल पुरानी शून्य कोविड नीति और अपने अंतरराष्ट्रीय अलगाव को त्याग देगा तथा यात्रा और व्यापार के लिए अपने हवाई अड्डों और बंदरगाहों को पूरी तरह से खोल देगा। चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ जनवरी से चीन अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए न्यूक्लिक एसिड परीक्षण, विदेशों में चीनी दूतावासों से कोविड ग्रीन कोड प्राप्त करने और आगमन पर पृथक-वास को बंद कर देगा। यात्रा नियमों की पूरी तरह से समाप्ति ऐसे समय की जा रही है जब शी चिनफिंग शासन द्वारा इस महीने की शुरुआत में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बाद अपनी कठोर शून्य-कोविड नीति में ढील दिए जाने के बाद चीन ओमीक्रॉन स्वरूपों के चलते संक्रमण के मामलों में अचानक आई तेजी का सामना कर रहा है। अधिकारियों का ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,927 | ↑ 361 | |
| निफ्टी | 18,132 | ↑ 117 | |
| सोना | 55,074 | ↑ 173 | /10g |
| चांदी | 70,205 | ↑ 926 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अधिया गुजरात के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार नियुक्त

**अहमदाबाद।** पूर्व केंद्रीय वित्त सचिव हसमुख अधिया को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिया को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सफलतापूर्वक लागू करने का श्रेय है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार ने गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एस. एस. राठौड़ को भी मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया है। इसमें कहा गया है कि अधिया वित्त, आर्थिक मामलो, शिक्षा, ऊर्जा और गैर-पारंपरिक ऊर्जा, निवेश से संबंधित नीतियों और उनकी निगरानी तथा राज्य सरकार द्वारा तय किए गए अन्य क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार के रूप मे काम करेंगे।

# मणिपुर के विद्रोही समूह के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने मंगलवार को मणिपुर के एक विद्रोही समूह के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो हिंसा छोड़कर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ। त्रिपक्षीय समझौते पर केंद्र और मणिपुर सरकार और राज्य में सक्रिय विद्रोही समूह जेलियांग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (जेडयूएफ) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उग्रवाद मुक्त और समृद्ध पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण को साकार करते हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में, भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने एक दशक से अधिक समय से सक्रिय जेडयूएफ के साथ नई दिल्ली में समझौता किया। बयान के मुताबिक सशस्त्र समूह के प्रतिनिधियों ने हिंसा छोड़ने और देश के कानून द्वारा स्थापित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की।

# सड़क हादसे में मोदी के भाई और परिवार के सदस्य जख्मी



**पायनियर समाचार सेवा।** मैसुरु

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी और उनके परिवार के सदस्य मैसुरु के निकट कार हादसे में घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के वक्त चालक के अलावा प्रह्लाद, उनके पुत्र, पुत्रवधू और एक बच्चा कार में था। ऐसा बताया गया है कि उन्हें कुछ चोटें आई हैं और उन्हें जेएसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कि चोटें मामूली बताई जा रही हैं।

यह हादसा अपराह्न करीब डेढ़ बजे काडाकोला के निकट हुआ। ऐसा बताया जा रहा है कि बांदीपुर जा रही कार सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराई। सूत्रों ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव लड़ेगी भाजपा

● विरोधाभासी बयानों के बाद पार्टी ने आप प्रत्याशियों के खिलाफ उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

● महापौर के लिए रेखा गुप्ता, उप महापौर के लिए कमल मैदान में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने मंगलवार को एमसीडी महापौर चुनाव नहीं लड़ने के अपने फैसले को बदलते हुए मंगलवार को रेखा गुप्ता को महापौर और कमल बागड़ी को उप महापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया।

भाजपा ने यह निर्णय विरोधाभासी बयानों के बाद आप के खिलाफ उम्मीदवारों को उतारने का फैसला किया है। महापौर उम्मीदवार रेखा गुप्ता शालीमार बाग से तीन बार की पार्षद हैं, वहीं कमल बागड़ी पहली बार राम नगर से पार्षद हैं। यह चुनाव छह जनवरी को होना है। उधर, आम आदमी पार्टी (आप) ने महापौर पद के लिए पार्षद शैली ओबेरॉय और उप महापौर पद के लिए आले मोहम्मद इकबाल को मैदान में उतारा है। भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख हरीश खुराना ने बताया कि भाजपा ने उप महापौर के पद के लिए कमल बागड़ी और स्थाई समिति सदस्य के पदों के लिए कमलजीत सहरावत, गजेंद्र दराल तथा पंकज लूथरा को उम्मीदवार बनाया है। सभी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि सात दिसंबर को आप ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 250 में से 134 वार्ड में जीत हासिल करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 15 साल तक चले शासन पर विराम लगा दिया था। चुनाव में भाजपा ने 104 वार्ड में जीत दर्ज की थी।



भाजपा की मेयर पद की प्रत्याशी रेखा गुप्ता।

मुंडका के पार्षद दराल बाद में भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा महापौर प्रत्याशी रेखा गुप्ता पार्टी महासचिव और राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य भी हैं। उत्तरी दिल्ली के पीतमपुरा क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखने वाली रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ की 1996-1997 की अध्यक्ष भी रही हैं। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगी। मैं सभी पार्षदों से विकास और दिल्ली की बेहतरी के लिए वोट देने की अपील करती हूं। मुझे उम्मीद है कि वो अपने शहर के लिए सही मेयर का चुनाव करेंगे और अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे।

आप ने स्थाई समिति के अन्य सदस्यों के लिए रमिंदर कौर, सारिका चौधरी, मोहिनी जीनवाल तथा मोहम्मद आमिल मलिक को उम्मीदवार बनाया है। चुनाव में महापौर और उप महापौर पद पर भाजपा की जीत की संभावना नहीं है, लेकिन वह एमसीडी की महत्वपूर्ण स्थाई समिति के सदस्यों के तीन पदों को जीतने की कोशिश करेगी। महापौर का चुनाव एक गुप्त मतदान के माध्यम से होता है और पार्षद किसी भी उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र होते हैं, क्योंकि दलबदल विरोधी कानून इस पर लागू नहीं होता।

# कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल

## ज्वॉइंट डायरेक्टर ने लिया तैयारियों को जायजा, कुछ कर्मचारी बिना मास्क पहने नजर आए

पीएनएस। नोएडा/गाजियाबाद

नोएडा और गाजियाबाद में कोविड से लड़ने को अस्पताल कितने तैयार हैं, इसको लेकर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में मॉकड्रिल की गई। लखनऊ से आए स्वास्थ्य विभाग के ज्वॉइंट डायरेक्टर डॉ विकास सिंघल ने जिले में कोविड की तैयारियों को परखा। इस दौरान ज्वॉइंट डायरेक्टर और सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने जिला अस्पताल में मॉकड्रिल की। सबसे पहले ऑक्सीजन प्लांट को चलाकर देखा गया और ऑक्सीजन का प्रेशर चेक किया गया। इसके बाद वार्ड, ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर, वेंटीलेटर, कोरोना मरीज के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं, उपकरणों की उपलब्धता, ऑक्सीजन मास्क, पीपीई किट आदि की उपलब्धता परखी गई। मॉकड्रिल के उपरांत शासन को रिपोर्ट सौंपी



जाएंगी। वर्तमान में गाजियाबाद में पांच सक्रिय मरीज हैं जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल कोरोना को लेकर जिले में स्थिति सामान्य है। कोविड मेडिसिन किट तैयार कराई जा रही हैं और कोविड हेल्प डेस्क की भी संख्या बढ़ाई जा रही है। संयुक्त अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल, संतोष अस्पताल, ईएसआईसी, डासना, मोदीनगर, मुरादनगर व लोनी सीएचसी पर भी मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता, सीएमएस डॉ विनोद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

मॉकड्रिल के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आईं जिसने मॉकड्रिल की गंभीरता को लेकर सवाल खड़े कर दिए। लोनी सीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों ने पीपीई किट पहनकर ड्रिल की, लेकिन जिला संयुक्त अस्पताल में मॉकड्रिल में शामिल कर्मचारी बिना मास्क के नजर आए। जबकि यहां खुद ज्वॉइंट डायरेक्टर, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दवाओं की उपलब्धता में भी कुछ कमी दिखाई दी तो वहीं वार्ड में वेंटीलेंटर चलाने के लिए एक ही व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं दिखा। अन्य सीएचसी पर भी ऑक्सीजन प्लांट चलाकर तो देखे गए, लेकिन उनका प्रेशर जांच के कोई इंतजाम दिखाई नहीं दिए।

होटल में हत्या करने वाले प्रेमी का कबूलनामा

# पुलिस से बोला- दो बीवी छोड़कर चली गई अब ये भी जाने की लगातार कर रही थी जिद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के होटल में प्रेमिका की हत्या करने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में प्रेमी ने बताया कि दो बीवी उसे छोड़कर जा चुकी हैं। अब प्रेमिका भी जाने की जिद कर रही थी। उसको बहुत समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। गुस्से में गला दबाकर हत्या कर दी। रातभर लाश के पास बैठा रहा। कुछ समझ नहीं आ रहा था। सुबह होने पर पैसे निकालने के बहाने भाग गया।



गाजियाबाद के कस्बा मुरादनगर में कॉलेज के सामने होटल रीयल रेजिडेंसी है। इसके एक कमरे में सोमवार दोपहर एक बजे 44 साल की रचना का शव पड़ा मिला। रचना बागपत जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवाड़ा की रहने वाली थी। पता चला कि वो अपने 35 साल के प्रेमी गौतम सिंह के साथ रविवार रात 9 बजे इस होटल में आई थी। गौतम सिंह गाजियाबाद में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव अमराला का रहने वाला है। रविवार रात में ही गौतम ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। रुपए निकालकर लाने की बात कहकर होटल से फरार हो गया। मुरादनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने आरोपी गौतम सिंह को अरेस्ट कर इस पूरे केस का खुलासा कर दिया। मेरा नाम गौतम सिंह है। मैं कारपेंटर हूं। पहले दो शादियां कर चुका हूं, लेकिन दोनों बीवियां मुझसे झगड़ा कर छोड़कर चली गईं। दोनों में से कोई भी मेरे साथ अब नहीं रहती हैं। वो मुझसे बात भी नहीं करती हैं। 4 महीने पहले मैं वॉट्सएप ग्रुप के जरिए रचना से मिला। ये ग्रुप बागपत के स्वयं सहायता समूह का था। इसमें रचना काम करती थी। हम दोनों की बातचीत शुरू हो गई।


अक्सर मिलने.जुलने लगे। 24 दिसंबर को रचना अपने घर से ड्यूटी पर जाने के लिए कहकर निकली। लेकिन मैंने उसे फोन करके मेरठ बुला लिया। पहले हम एक परिचित के यहां रुके। इसके बाद 25 दिसंबर को हम दोनों कस्बा मुरादनगर आ गए। यहां होटल में कमरा लिया। गौतम सिंह ने बताया रचना के मोबाइल पर उसके घरवालों की लगातार कॉल आ रही थी। उसके घरवाले परेशान हो रहे थे। रात के करीब 3 बज रहे थे। रचना अपने घर जाने की जिद करने लगी, लेकिन मैं नहीं चाहता था कि रचना घर जाए।

# तेंदुआ देखे जाने के दावों से ग्रेनो की सोसाइटी में दहशत, वन विभाग ने शुरू की तलाश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में मंगलवार को तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ लोगों ने इलाके में एक तेंदुए को देखे जाने का दावा करते हुए लोगों को सतर्क किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वन विभाग ने तलाश शुरू कर दी है।

अधिकारी ने कहा, हालांकि तलाशी में अब तक कुछ नहीं मिला है और यह एक अफवाह प्रतीत होती है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें सुबह करीब 10 बजकर



10 मिनट पर ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में एक तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिली। सुबह साढ़े 10 बजे तक हमारी टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए की तलाश शुरू की। श्रीवास्तव ने कहा, हमारी अब तक की खोज और जांच के आधार पर यह एक अफवाह प्रतीत होती है। फिर भी, हमारी टीम काम में जुटी है। अजनारा ले गार्डन ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के सुरक्षा गार्डों ने इलाके में तेंदुए जैसे पशु के देखे जाने के बारे में निवासियों को सचेत किया और कहा कि क्षेत्र में कुछ लोगों ने तेंदुए जैसे पशु के देखे जाने का दावा किया है इसलिए निवासियों से आग्रह है कि वे बाहर निकलते समय सावधान रहें। सोसाइटी में दहशत का माहौल है। सोसाइटी के निवासी मुकेश गुप्ता ने बताया, अभी वन विभाग का तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा, हमें इस बारे में सोसाइटी के रखरखाव विभाग से एक नोटिस मिला। नोटिस में यह भी सुझाव दिया कि हम बाहर निकलते समय सावधानी बरतें।

## प्रोन्नति पाकर 232 दरोगा बने निरीक्षक

**गाजियाबाद।** शासन ने पुलिस महकमे में तैनात 232 उप-निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत कर दिया। सूत्रों के अनुसार इस संदर्भ में डीजीपी ने आदेश जारी कर दिये हैं।

गाजियाबाद कमिश्नरेट में जिन दरोगाओं का प्रमोशन निरीक्षक के पद पर हुआ है उनके नाम शिवशरण लाल त्रिवेदी, मनोज कुमार, महेश कुमार शर्मा, लोकेंद्र कुमार शर्मा, इशहाक अहमद और रामदास यादव आदि हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने रैंक प्रतीक लगाकर शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।



पुलिस कमिश्नरेट में तैनात आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को रैंक प्रतीक लगाकर शुभकामनाएं देती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

## संक्षिप्त समाचार



लेबर चौक पर अवैध रूप से खड़े वाहन का कटा चालान।

### विधायक बोले-मांस खाने वाले को टिकट नहीं मिलेगा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में लोनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगर निकाय चुनाव में टिकट को लेकर अजीबो.गरीब बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मदिरापान करने वाले या मांस खाने वाले किसी व्यक्ति को लोनी नगर पंचायत से टिकट नहीं दिया जाएगा। संस्कृत वाटिका आवासीय कल्याण समिति की तरफ से वेदविहार लोनी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि विधायक नंदकिशोर गुर्जर शामिल हुए। विधायक ने कहा जनता के लोगों से मेरा निवेदन है कि वो नाराज न हों शराब को छोड़ दें, ये समाज का नाश करती है। लेकिन जनता पर प्रतिबंध नहीं है, क्योंकि जनता मालिक है।

### यूपी पुलिस का परचम फहराने वाली प्रियंका सम्मानित

**नोएडा।** ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में टेबल टेनिस में दो गोल्ड मेडल सहित 03 मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने वाली कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त महिला कांस्टेबल प्रियंका अरोड़ा को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उनको 25000 का इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने वाली महिला कांस्टेबल प्रियंका अरोड़ा को पुलिस मुख्यालय सूरजपुर पर सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर द्वारा उनकी प्रतिभा को सराहते हुए उन्हें 25000 के इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया एवं उन्हे भविष्य में और अधिक कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला चुनाव संपन्न

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद का जनपदीय निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जनपद हापुड़ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी सुबोध गुप्ता ने प्रात 10.00 बजे से 12.00 बजे तक नामांकन पत्र प्रविष्ट करने का समय निर्धारित किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शरद कुमार बाजपेयी, मंत्री पद पर रवीश कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर प्रधानाचार्य प्रेम सिंह के ही नामांकन पत्र प्राप्त हुए। तीनों पदों पर अन्य कोई नामांकन पत्र नहीं प्राप्त होने पर चुनाव अधिकारी ने उपस्थित जिला प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से उक्त पूर्व पदाधिकारियों को पुन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

### किसान नेता के घर में घुसकर चोरी का प्रयास

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-3 पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये लोग घरों वा पीजी में घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। हाल ही में इन लोगों ने भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा के घर में घुसकर लूटपाट का प्रयास किया था। जिसके बाद किसानों ने थाना फेज.3 में मुकदमा दर्ज कराया था। एडीसीपी साद मिया खान ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान फरदीन, अरबाज व अब्दुल रहमान निवासी भजनपुरा दिल्ली हुई है। इन तीनों को सेक्टर.70 पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एडीसीपी ने बताया कि ये तीनों चोरी करने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को सुखवीर खलीफा के घर में घुसे थे। पीछा करने पर ये लोग वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि ये बदमाश गाजियाबाद, नोएडा के पीजी एवं घरों में चोरी करते थे।

# जज की कार से हुई दुर्घटना मामले में छात्र गिरफ्तार

- बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय की हुई थी मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिले के सेक्टर 113 थाना क्षेत्र में न्यायाधीश स्टिकर वाली एक तेज रफ्तार कार से एक मोटरसाइकिल को टक्कर लगने से हुई एक डिलीवरी ब्वॉय की मौत के मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय एक विधि छात्र को गिरफ्तार किया है।

नोएडा पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के समय उस कार में दो और विधि विद्यार्थी सवार थे जो फरार हो गए। उनके अनुसार तीनों ही एक परिवार न्यायालय के न्यायाधीश के बेटे के मित्र थे और उन्होंने



गाजियाबाद जाने के लिए उससे कार ली थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि पिछली रात करीब डेढ़ बजे जब जोमैटो का डिलीवरी ब्वॉय परविंदर परथला गोल चक्कर के पास था टोयोटो कोरोला कार ने उसे टक्कर मार दी। उनके अनुसार परमविंदर को बिसरख के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। नोएडा पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, कार के चालक सुयश मिश्रा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। लापरवाही से चलाई जा रही कार ने डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार सुयश मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले का निवासी है। पुलिस के अनुसार न्यायाधीश मंजीत सिंह श्योराण के बेटे वैभव श्योराण ने बिसरख थाना में मामला दर्ज करवाया था कि उसके दोस्त शिवाजी, रूबेल, शिवांग गुप्ता, सुयश मिश्रा आदि उसकी कार उससे बिना पूछे ले गए थे।

# नौकरानी को घर में किया कैद, बर्तन न धोने पर मैम साहब ने डंडों से पीटा

- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के एक हाईराइज सोसाइटी में 6 महीने से काम कर रही युवती से उसकी मालकिन ने मारपीट की है। मारपीट के वजह से लड़की के शरीर पर कई निशान बने हुए हैं।

लड़की ने मालकिन पर जबरदस्ती घर में बंधक बनाकर काम करवाने का आरोप लगाया है। नौकरानी ने कई बार घर से भागने की कोशिश की लेकिन हर बारी मालकिन उसको पकड़ लेती थी। नौकरानी और मालकिन का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें घर की मालकिन लड़की को जबरदस्ती खींच कर ले जा रही है।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला थाना फेस 3 के सेक्टर-120 क्लियो काउंटी सोसाइटी का है। जहां का वीडियो एक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोसाइटी के लिफ्ट का है।

## वकील से हुई लूट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**नोएडा।** अधिवक्ता से हुई लूट का ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल और 30600 की नकदी बरामद की है।

फिलहाल इनका एक साथी अभी भी फरार है। दरअसल, 10 दिसंबर को सूरजपुर थाना क्षेत्र की सोनिया विहार सोसाइटी के सामने एक वकील से अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान बदमाश अधिवक्ता से 90 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए थे।

# गौतम बुद्ध नगर में मिली बच्ची के सेहत में सुधार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में झाड़ियों में मिली बच्ची की हालत अब पहले से बेहतर है। नवजात बच्ची का इलाज राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहा है। बच्चे के उपचार को लेकर जिम्स की तरफ से जानकारी दी।

गौरतलब है कि नवजात बच्ची को एसएचओ की पत्नी ने दूध पिलाकर बचाया था, जिसको लेकर उनकी जमकर प्रशंसा भी हो रही है। दरअसल, 20 दिसंबर को नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में शारदा हॉस्पिटल के पास एक नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी हुई मिली थी। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार और उनकी पत्नी के द्वारा बच्ची की देखभाल की गई।

थाना प्रभारी की पत्नी प्रीति सिंह ने बच्ची को दूध पिलाया और फिर ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिम्स अस्पताल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान में नवजात बच्ची का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा पहले बच्ची को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की लाश मिली

- 3 शादी, 2 बार धर्म बदला, दवाइयों सप्लाई का काम करती थी, पति ने कहा-रात सोई, मगर सुबह नहीं उठी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में घर में मृत मिली भव्या शर्मा की मौत का राज अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही खुलेगा। पता चला है कि 2 पतियों को छोड़ने के बाद भव्या तीसरे पति संग रह रही थी। पहले वो मुस्लिम थी, लेकिन हिन्दू से शादी करने की वजह से धर्म बदलना पड़ा। उनकी मौत किन हालात में हुई और कैसे हुई, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

विजयनगर इलाके की कांशीराम कॉलोनी के एक मकान में 36 वर्षीय भव्या शर्मा मृत मिली। भव्या आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई चेन से जुड़ी थी। इस सिलसिले में अक्सर दूसरे शहरों में उसका आना.जाना होता रहता था। पति विनोद शर्मा के अनुसार, भव्या ने रविवार रात शराब पी और फिर खाना खाकर सो गई। सोमवार सुबह वो बेड पर मृत अवस्था में पाई गई। घर पर पति विनोद शर्मा और बेटा आदिल मौजूद थे। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार है। पुलिस जांच में ये बात भी पता चली कि मृतका पहले मुस्लिम धर्म से थी। करीब 16 साल पहले उसने हिन्दू व्यक्ति से शादी की और नाम अंजलि रख लिया। इससे अंजलि उर्फ भव्या को 15 साल का बेटा है, जो पहले पति के पास रहता है। इसके बाद अंजलि ने अनीस नामक व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली। इससे उसको एक बेटा पैदा हुआ, जिसका नाम आदिल है। अनीस से भी अंजलि का तलाक हो गया। इसके बाद उसने तीसरी बार विनोद शर्मा से शादी की और अंजलि से नाम बदलकर भव्या शर्मा कर लिया।

# नोएडा के संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन की नजर

- पुलिस अधिकारियों ने संकरे रास्तों और डार्क स्पाट का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नए साल के जश्न और आगामी त्योहारों को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त व आपराधिक गतिविधियों पर रोक के लिए ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है।

पुलिस पे ट्रोलिंग के साथ ड्रोन निगरानी से उन स्पॉट पर भी नजर रखी जा रही है जो काफी सकरें और डार्क स्पाट है। इस क्रम में नोएडा जोन के थाना फेस-1 क्षेत्र में हरौलाए थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में



सेक्टर-37 व कंचनजंगा मार्केट आदि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखी गई।

इस दौरान पुलिस बल द्वारा कैमरे की सहायता से यातायात व्यवस्था व संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी की गई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी धार्मिक स्थलों, मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील जगहों पर पुलिस द्वारा लोगों की गतिविधियों की निगरानी रखी गई व संदिग्ध लोगों की तलाश की गई। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष व आगमी त्योहार मनाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने व संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने

# फ्लैट नहीं मिलने पर खरीदारों ने सुपरटेक के बाहर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सपनों का आशियाना पाने के इंतजार में 12 साल बीत गए। मगर, अभी तक न फ्लैट मिला और न ही बिल्डर, प्राधिकरण और सरकार की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया।

इससे आहत होकर आज सैकड़ों की संख्या में सुपरटेक अप कंट्री यमुना सेक्टर-17, के बायर्स ने सेक्टर-96 सुपरटेक के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान बिल्डर ग्रुप की ओर से आए प्रतिनिधियों के साथ बायर्स की बातचीत हुई। अपकंट्री बायर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सुपरटेक ने उनके साथ धोखा किया। 2011 में सुपरटेक ने अप कंट्री प्रोजेक्ट लॉन्च किया। उनको बताया कि दो से तीन साल यानी 2013, 2014 में बुनियादी सुविधाओं के साथ सभी को पजेशन मिलेगा। 2011 में करीब 5000 बायर्स ने फ्लैटों को बुक कराया।

वर्तमान में सभी बायर्स 90 प्रतिशत से ज्यादा की रकम बिल्डर को दे चुके है। यही बिल्डर ने अपने आप को बचाने के लिए जबरन लोगों को पजेशन देना शुरू किया। वर्तमान में करीब 200 परिवार ऐसे है जो फ्लैटों में रह रहे है। जिनको सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। बिजली के अस्थाई कनेक्शन दिया गया है। जिसके एवज में बिल्डर सात रुपए यूनिट के हिसाब से चार्ज वसूल रहा है। यही नहीं मेंटेनेंस भी वसूल रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मॉक ड्रिल में परखी महामारी से लड़ने की तैयारी

## एलएनजेपी में मौजूद रहे डिप्टी सीएम सिसोदिया, बिस्तरों और चिकित्साकर्मियों की संख्या के बारे में ली गई जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सफदरजंग अस्पताल में कोविड-19 महामारी की तैयारियों का जायजा लेते स्वास्थ्यकर्मी।

चीन में कोविड-19 के नए वैरिएंट बीएफ-7 के बाद संक्रमण मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए मंगलवार को मॉकड्रिल कर राजधानी के अस्पतालों के तैयारी की समीक्षा की गई। यह मॉकड्रिल दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी की स्थिति पैदा होने पर कुछ अस्पतालों में बिस्तरों एवं चिकित्साकर्मियों की उपलब्धता समेत अन्य तैयारियों के आकलन को लेकर था। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मॉक ड्रिल की समीक्षा के लिए दिल्ली सरकार द्वारा संचालित लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल आए। सिसोदिया के पास स्वास्थ्य मंत्रालय का भी प्रभार है।

सिसोदिया ने अस्पताल में कहा कि दिल्ली सरकार हर प्रकार की आपात स्थिति के लिए तैयार है। एलएनजेपी में 200 बिस्तर हैं और इनमें से 450 कोविड-19 के मरीजों के लिए आरक्षित है। यदि आवश्यकता पड़ती है और हम सभी 2,000 बिस्तर कोविड-19 के लिए समर्पित कर सकते हैं। हम निकटवर्ती भोज कक्षों का इस्तेमाल करके इस संख्या को बढ़ा भी सकते हैं और कोविड-19 के लिए 500 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था कर सकते हैं, ताकि कोई कमी न हो। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वह घबराए नहीं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आंकड़े बताते हैं कि कोरोना वायरस का नया बीएफ-7 सबवैरिएंट पहले वैरिएंट की तरह ही है।

उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में ऑक्सीजन की उपलब्धता में 10 गुणा वृद्धि हुई है, पांच पीएसए (प्रेशर स्विंग ऐब्जॉर्प्शन) संयंत्र स्थापित किया गया है और वेंटिलेटर भी उपलब्ध हैं। सिसोदिया ने कहा कि मॉक ड्रिल में मरीजों के इलाज, संक्रमित पाए जाने के पांच मिनट में तय स्थान पर ले जाया जाएगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिसोदिया ने दोपहर करीब 12 बजे एलएनजेपी का दौरा किया और मॉक ड्रिल के तहत तैयारियों की समीक्षा के लिए 30 से 40 मिनट वहां बिताए। कुछ देशों में कोविड-19 मामलों में तेजी से वृद्धि के बीच केंद्र ने सोमवार को इस संबंध में परामर्श जारी किया था। राष्ट्रीय राजधानी में एलएनजेपी अस्पताल जैसे दिल्ली सरकार के अस्पतालों और निजी केंद्रों में यह मॉक ड्रिल की गई।

सिसोदिया ने संवाददाताओं से कहा कि अब हमारे पास नए सिलेंडर हैं, जो कोविड की पहली लहर में खरीदे गए थे और हमारे पास ढुलाई के लिए टैंकर भी हैं। दिल्ली सरकार और हमारा स्वास्थ्य विभाग हर प्रकार की स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है। एलएनजेपी के चिकित्सकीय निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लोगों को सतर्क रहना चाहिए, कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए और टीकों की एहतियाती खुराक लेनी चाहिए।

मॉक ड्रिल में बिस्तरों की उपलब्धता, चिकित्सा कर्मियों, रेफरल संसाधनों, जांच की क्षमता, चिकित्सकीय उपकरण एवं अन्य सामान, टेलीमेडिसिन (दूरसंचार एवं डिजिटल माध्यमों की मदद से चिकित्सा सेवा) सेवा और चिकित्सकीय ऑक्सीजन उपलब्धता समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार के एक पोर्टल पर आमजन के लिए बिस्तर, ऑक्सीजन सिलेंडर और वेंटिलेटर की उपलब्धता का वास्तविक समय के आधार पर

### जांच में लायी जाएगी तेजी

एक अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 संबंधी जांच में भी जल्द तेजी लाए जाने की संभावना है और इस समय शहर में रोजाना करीब 2,500 से तीन हजार नमूनों की जांच की जा रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में अब तक महामारी के करीब 20,07,143 मामले आ चुके हैं और 26,521 मरीजों की मौत हो चुकी है। नवंबर के मध्य से ही संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या 20 से कम और संक्रमण दर एक प्रतिशत से कम है। वहीं अस्पतालों में 8200 कोविड बेड मौजूदा है। जरुरत पड़ने पर बेड की संख्या 36,000 की जा सकती है । 928 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन भंडारण की क्षमता रखी है।



एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया। फोटोः रंजन डिमरी

# शिक्षकों की इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर तैनाती का आदेश वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने कोविड प्रोटोकॉल लागू करने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शिक्षकों की तैनाती किए जाने का अपना आदेश मंगलवार को वापस ले लिया। नए आदेश में कहा गया है कि तैनात किए जाने वाले शिक्षकों और अन्य शिक्षण कर्मचारियों को 31 दिसंबर से 15 जनवरी की अवधि के लिए हवाई अड्डे पर ड्यूटी करने से छूट दी जाती है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि आगे, जरूरत पड़ने पर पश्चिमी जिले से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों को तैनात किया जाएगा। शिक्षकों के एक वर्ग की तरफ से डीडीएमए की आलोचना होने के बाद पूर्व के आदेश को वापस ले लिया गया है। इसे डीडीएमए की ओर से जिलाधिकारी (पश्चिम) ने जारी किया था। पूर्व के आदेश में कहा गया था कि दिल्ली सरकार के कई स्कूल शिक्षकों को 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक आईजीआई हवाई अड्डे पर तैनात किया जाएगा। इसमें कहा गया था कि विभिन्न विद्यालयों से कम से कम 85 शिक्षकों को तैनात किया जाएगा। दिल्ली में अधिकारियों ने सोमवार को शहर के सभी सरकारी अस्पतालों का दौरा किया और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया।

# 'स्वस्थ गर्भ' ऐप से समय पर मिलेगा इलाज

**पायनियर समाचा सेवा।** नई दिल्ली

● एम्स दिल्ली और आईआईटी-रुड़की ने मिलकर किया विकसित

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रुड़की और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के शोधकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल और वास्तविक समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन स्वस्थ गर्भ विकसित किया है। अधिकारियों के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सुविधा के लिए यह पहला ऐप है जो डॉक्टर की सलाह तक तुरंत पहुंच प्रदान करता है। यह ऐप चिकित्सकीय रूप से समर्थित होने के साथ-साथ विश्वसनीय भी है और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है, जिनके पास डॉक्टरों तक आसान पहुंच नहीं है।





आईआईटी-रुड़की के निदेशक के के पंत ने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में टेलीमेडिसिन की उपयोगिता सामने आई। स्मार्टफोन के दुनिया भर में एक अरब से अधिक उपयोगकर्ता हैं। इसमें चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र को बदलने और स्वास्थ्य सेवा में सुधार करने की जबरदस्त क्षमता है। ऐप का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसवपूर्व देखभाल सुविधा सुनिश्चित करना, हर क्लीनिकल टेस्ट की रिकॉर्डिंग करना और दवा संबंधी हिदायतों के पालन में सुधार करना है। आईआईटी-रुड़की के बायोसाइंसेज और बायो इंजीनियरिंग विभाग के दीपक शर्मा ने कहा कि नवजातों में उच्च मृत्यु दर बेहद चिंता की बात है, स्वस्थ गर्भ मोबाइल ऐप सभी गर्भवती महिलाओं को वास्तविक समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा और मातृ-भ्रूण के स्वास्थ्य में सुधार करेगा।

# अस्पताल में अब रात में भी हो सकेगा पोस्टमार्टम

● उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्वास्थ्य विभाग को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी के अस्पतालों में अब सूर्यास्त के बाद शवों का पोस्टमार्टम हो सकेगा। इससे न केवल मृतक के परिजनों के लिए स्थितियां बदलेंगी जिन्हें अक्सर शव पाने के लिए एक लंबा इंतजार करना पड़ता है, साथ ही अंगदान और प्रतिरोपण को भी बढ़ावा मिलेगा। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त सुविधाओं वाले अस्पतालों में रात में भी पोस्टमार्टम करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अस्पताल इंचार्जस को सभी जरूरी इफांस्ट्रक्टर पोस्टमार्टम हाउस पर सुनिश्चित करने के लिए कहा।

सिसोदिया ने कहा कि रात के समय पोस्टमार्टम होने के चलते दिल्ली में अब लोगों को शवों के पोस्टमार्टम के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे मृतकों के परिजनों को काफी सहूलियत मिलेगी। हालांकि उन मौतों के मामले में जहां हत्या, आत्महत्या, बलात्कार या किसी तरह की गड़बड़ी का संदेह है तो शवों की जांच केवल दिन में करने का प्रावधान रखा गया है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अस्पतालों में सूर्यास्त के बाद पोस्टमार्टम कराने की मंजूरी के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा था। ऐसे पोस्टमार्टम उन अस्पतालों में किए जाएंगे, जिनके पास उन्हें नियमित आधार पर करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं है। अंगदान से जुड़े मामलों का पोस्टमार्टम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पहले शवों को रात के वक्त मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया जाता था।

शोक संतप्त स्वजनों को शवों की अंत्येष्टि करने के लिए पूरी रात इंतजार करना पड़ता था। पर अब रात्रि में पोस्टमार्टम हाउस पर आने वाले शवों के अंत्य परीक्षण की प्रक्रिया को मुकम्मल करने के लिए अगले दिन का इंतजार नहीं करना होगा। किसी भी संदेह को दूर करने के लिए पूरी रात सभी पोस्टमार्टम के लिए वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। मृतक के दोस्तों और रिश्तेदारों के अलावा, यह नई प्रक्रिया अंगदान और प्रतिरोपण को भी बढ़ावा देगी, क्योंकि प्रक्रिया के बाद निर्धारित समय में अंगों को निकाला जा सकता है।

# महापौर चुनावः आप के बैकअप उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शैली ओबराय, आले मोहम्मद इकबाल ने सोमवार को भरा था नामांकन



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महापौर और उप महापौर पदों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के बैकअप उम्मीदवारों ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

महापौर और उप महापौर पद के लिए पार्टी के उम्मीदवारों शैली ओबराय और आले मोहम्मद इकबाल ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। नामांकन भरने के आखिरी दिन मंगलवार को आशु ठाकुर और जलज कुमार ने अपना पर्चा भरा। एमसीडी में महापौर पद के लिए ठाकुर बैकअप उम्मीदवार होंगे जबकि कुमार उप महापौर पद के लिए बैकअप उम्मीदवार होंगे।

श्रीराम कालोनी वार्ड से पार्षद आमिल मलिक, हरिनगर वार्ड से रमिंदर कौर, सीमापुरी वार्ड से मोहिनी जीनवाल और जंगपुरा वार्ड से सारिका चौधरी ने भी स्थाई समिति के लिए सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। आप ने शुक्रवार को मेयर और डिप्टी मेयर सहित एमसीडी के विभिन्न पदों के लिए छह उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया था, जिसमें ओबेरॉय नगर निकाय में शीर्ष पद के लिए उसकी पसंद के रूप में उभरी थीं। इसकी राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में नामों को अंतिम रूप दिया गया था। ज्ञात हो कि भाजपा ने अंतिम समय में अपनी रणनीति बदलकर मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए अपने प्रत्याशी उतारे है। महापौर का चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है। आप ने जहां निगम चुनाव में 134 सीटें जीती है वहीं भाजपा के पास केवल 104 सीटे है। निगम चुनाव में दल बदल कानून लागू नहीं है।

# एलजी ने किया आश्रय बोर्ड के सीईओ का तबादला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल ही में कई रैन बसेरों को निरीक्षण किया था जहां पर अव्यवस्थाएं पाई गईं. इस पर दिल्ली एलजी सक्सेना ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के सीईओ का ट्रांसफर कर दिया।

एलजी के आदेशों पर ड्यूसिब के सीईओ के. महेश का ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह पर अब आईएएस गरिमा गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एलजी ने कश्मीरी गेट और यमुना बाजार इलाके के रैन बसेरों का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने पाया था कि रैन बसेरे में सिर्फ 600 बेड्स की व्यवस्था है और हजारों लोग फुटपाथ पर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं।

# मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत

● करीब 100 साल पुरानी थी इमारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पुरानी दिल्ली में मंगलवार को एक मकान की छत गिरने से उसकी चपेट में आकर 30 वर्षीय महिला और उसके तीन साल के बेटे की मौत हो गई, जबकि उसका सात साल का दूसरा पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रुख्सार और उसके बेटे आलिया के रूप में हुई है।

पुलिस को चांदनी चौक के चांदनी महल थाने को चितली कबर स्थित पहाड़ी राजन में मकान की छत गिरने की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (मध्य दिल्ली) श्वेता चौहान ने बताया कि रूख्सार अपने पांच बच्चों के साथ अपने पिता के मकान में रहती थी। अधिकारी ने बताया, रूख्सार और उसके बेटे आलिया की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी, जबकि जुनैद की हालत नाजुक बनी हुई है। बाकी तीनों बच्चे सही-सलामत हैं। वहीं, एमसीडी की कहना है कि मकान करीब 100 साल पुराना था और मकान की आधी छत पर कमरे बने हुए थे। उसका कहना है कि परछत्ती (बरसाती) की हालत खस्ता थी और इसकी मरम्मत मकान मालिक की जिम्मेदारी है। एमसीडी ने अपने बयान में कहा कि इसमें स्थानीय निकाय की कोई भूमिका नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार



बीएसएफ की महिला बाइक टीम 'सीमा भवानी' कर्तव्य पथ पर।

### केजरीवाल ने छीना बुजुर्गों के मुख से निवालाः बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया है कि अपने आपको श्रवण बताने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में 20 लाख बुजुर्गों का निवाला छीन लिया है। इस साल जुलाई से दिल्ली सरकार बुजुर्गों को पेंशन नहीं दे रही। पिछले पांच सालों से दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन के नए फार्म स्वीकार नहीं किए गए। लाखों बुजुर्ग इस सरकार के इस निकम्मेपन से पूरी तरह निराश हो गए हैं। बिधूड़ी ने बताया कि भाजपा विधायक दल ने इस साल 11 अक्टूबर को उपराज्यपाल को एक ज्ञापन दिया था जिसमें बताया गया था कि 2018 से वृद्धावस्था पेंशन के नए आवेदनों पर रोक लगा रखी है।

### बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को दबोचा

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेरी इलाके में चार साल की बच्ची को इलाके से लालच देकर बहाने से अपहरण करके पार्क में ले जाकर दुष्कर्म हुआ था। वारदात में महिला आयोग ने भी दिल्ली पुलिस को नोटिस देकर मामले को संज्ञान में लिया था। भलस्वा पुलिस ने मंगलवार सुबह फरार चल थे, आरोपी अनिल पाठक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा डेरी थाने में बच्ची के अचानक से लापता होने की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। सीसीटीवी के आधार पर अनिल पाठक की पहचान हुई। दूसरी तरफ परिवार ने रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

### लूट का विरोध करने पर गार्ड को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके में बीती रात तीन बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड को लूट का विरोध करने पर चाकू से कई वार किए। बदमाश से गार्ड करीब दो से तीन मिनट तक अकेला ही जूझता रहा। आरोपी गार्ड को खून से लथपथ हालात में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस की कई टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जिनको जल्द पकड़ने का पुलिस ने आश्वासन भी दिया है।

### महिला अपराध के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की 'वी केयर' पहल के तहत, उत्तर-पश्चिम जिले की तेजस्विनी टीम ने आदर्श नगर इलाके में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपराध की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्हें अपने बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया ताकि वे बेझिझक अपनी समस्या साझा कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कई बार देखा गया है कि महिला आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं करवाती हैं।

### 'प्राचीन है राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान'

**नई दिल्ली।** भारत की पहचान राष्ट्र के रूप में बेहद प्राचीन है, यह गलत धारणा है कि भारत का नाम राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर पड़ा। यह बात प्रसिद्ध लेखक और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य डॉ. संजीव सान्याल ने एक व्याख्यान में कहा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में मंगलवार को आयोजित पद्मविभूषण डॉ. कपिला वात्स्यायन स्मारक व्याख्यान में 'भारतवर्ष : हमारी सभ्यता की पहचान का इतिहास' पर अपने व्याख्यान में कही। इस अवसर पर आईजीएनसीए के कलानिधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक प्रोफेसर रमेश चन्द्र गौड़, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने भी विचार रखे।

# धर्मशाला और नैनीताल से भी ज्यादा सर्द रही राजधानी

## दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनें देरी से चल रही, सर्द हवाएं से न्यूनतम 5.6 डिग्री व अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कड़कड़ती ठंड में बेघर खुले में सोने को मजबूर।

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को बहुत ठंडा दिन दर्ज किया गया और दिल्ली का न्यूनतम तापमान देहरादून, धर्मशाला और नैनीताल से भी नीचे पहुंच गया। राष्ट्रीय राजधानी के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा जिससे कुछ इलाकों में दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई। कम दृश्यता के कारण दिल्ली आने-जाने वाली 15 ट्रेनें विलंबित रही जबकि दो के समय में बदलाव किया गया।

विभाग के अनुसार, ठंडा दिन तब माना जाता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जाए। अधिकतम तापमान के सामान्य से 6.5 डिग्री या उससे अधिक कम होने पर उसे बेहद ठंडा दिन माना जाता है। दिल्ली में सोमवार को बेहद ठंडा दिन था, क्योंकि अधिकतम तापमान कुछ स्थानों पर सामान्य से 10 डिग्री कम दर्ज किया गया था। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

इसकी तुलना में देहरादून में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस, धर्मशाला में 6.2 डिग्री सेल्सियस और नैनीताल में 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने दिन के तापमान में इस गिरावट के लिए मैदानी इलाकों से गुजरने वाली उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं और कोहरे के मौसम के कारण कम धूप निकलने को जिम्मेदार ठहराया है। स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी विभाग के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण 25-26 दिसंबर को पहाड़ों में फिर से बर्फबारी हुई, जिसके बाद उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं अब मैदानी इलाकों में बह रही हैं।

एनसीआर), हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों समेत पश्चिमोत्तर भारत के व्यापक हिस्सों में मंगलवार को घने से बेहद घना कोहरा छाया रहा। राष्ट्रीय राजधानी में दृश्यता गिरकर केवल 50 मीटर तक रह गई और सड़क यातायात और ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जहां मंगलवार को भी कड़ाके की ठंड रही।

हरियाणा में नारनौल सबसे ठंडा स्थान रहा जहां मौसम केंद्र के मुताबिक पारा सामान्य से चार डिग्री कम एक डिग्री सेल्सियस रहा। पंजाब के बठिंडा में तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी है जहां बीते सोमवार की रात चुरू में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर शीतलहर की चपेट में है तथा समूची घाटी में तापमान कई डिग्री सेल्सियस तक लुढ़कने से पारा शून्य से और नीचे चला गया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात का न्यूनतम तापमान रविवार रात्रि की तुलना में एक से दो डिग्री तक गिरा है।अधिकारियों ने बताया कि कड़ाके की सर्दी की वजह से कई इलाकों में पानी की आपूर्ति करने वाली पाइप लाइनों में पानी जम गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022



सिविल अस्पताल बनना तो दूर

# बिल्डिंग तोड़ने में ही बीत गया साल 2022

### रेनोवेशन पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी छतों से टपकता था पानी

### साल 2019 में सेक्टर-10 अस्पताल में किया गया था शिफ्ट

### उत्तर भारत का श्रेष्ठ अस्पताल बनाया जाना है यहां का सिविल अस्पताल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**स्वास्थ्य** सेवाओं में बढ़ोतरी करने के तमाम दावों के बीच साल-2022 भी बीत गया है। बेहतर सेवाओं में सबसे बड़ा काम गुरुग्राम का नया सिविल अस्पताल बनाना था। जिसे बनाया जाना या काम शुरू होना तो दूर की बात, 2022 में अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग ही टूट पाई है। थोड़ा सा मलबा उठाया जाना बाकी है। इसके बाद इसके निर्माण की तरफ कदम बढ़ेगा।

55 साल पहले वर्ष 1967 में बनाए गए जिला के नागरिक अस्पताल की इमारत भी काफी कंडम हो गई थी। इसके रेनोवेशन पर करोड़ों रुपये भी खर्च किए गए, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। आलीशान इमारत की छतों से सदा पानी ही टपकता रहा। विशेषकर ओपीडी एरिया में तो डॉक्टर्स के कमरों के बाहर टपकते पानी को लेकर सदा बाल्टियां ही रखी रहती थी। वैसे तो वर्ष 2017 में पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट में कह दिया था कि अस्पताल की इमारत अब इस्तेमाल करने लायक नहीं रही। ऐसे में मुख्य नागरिक अस्पताल नया बनाने के लिए एक साल बाद 2018 में अस्पताल को शिफ्ट करने की तैयारी हुई। कुछ विभाग इस साल शिफ्ट किए गए और बाकी अस्पताल (एमआरआई, सीटी स्कैन विभाग को छोड़कर) 2019 में शिफ्ट हो गया। इसे सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल और सेक्टर-31 पॉलीक्लीनिक में शिफ्ट किया गया।



गुरुग्राम के सिविल अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग, अब तोड़े जाने के बाद समतल मैदान।

इसके बाद इसे तोड़ने के लिए टेंडर आदि देने के लिए कार्यवाही होती रही। अस्पताल के विस्तार के लिए साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) की जमीन को स्वास्थ्य विभाग के नाम ट्रांसफर की कार्यवाही हुई। विभाग ने स्कूल की आधी से अधिक जमीन को अपने कब्जे में लिया।

**जून 2021 से तोड़ने का काम हुआ था शुरू** : जून-2021 से अस्पताल की बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू किया गया। वर्ष 2022 के मध्य तक आधी बिल्डिंग तो तोड़ दी गई, लेकिन आधी का काम अधूरा रह गया था। ऐसा इसलिए कि वहां पर एमआरआई और सीटी स्कैन सेंटर चल रहे थे, जिन्हें शिफ्ट नहीं किया गया।

कई बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अस्पताल परिसर का दौरा किया। काम तेजी से करने के आदेश भी दिए, लेकिन काम में तेजी कभी नजर नहीं आई। काम कछुआ गति से ही हुआ। एमआरआई, सीटी स्कैन सेंटर को शिफ्ट करने में भी सालभर का समय लग गया।

**मंत्री के मई में दिए आदेशों पर अक्टूबर में हुआ अमल** : 31 मई 2022 को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दोनों केंद्रों को जल्द शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। जिस पर सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने इसके लिए डेढ़ से दो महीने का समय लगने की बात कही थी। तब तक सेक्टर-10 अस्पताल में बिल्डिंग भी तैयारी हो चुकी थी। उनके मुताबिक तो अगस्त 2022 में दोनों केंद्र सेक्टर-10 में शिफ्ट हो जाने थे, लेकिन यह समय और दो महीने बढ़ गया। अक्टूबर में दोनों सेंटर की शिफ्टिंग सेक्टर-10 अस्पताल में हो पाई। 14 अक्टूबर 2022 को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने एमआईआई सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन किया। इसके बाद पुराने नागरिक अस्पताल की इमारत को तोड़ने का काम शुरू किया गया। दिसम्बर के अंत तक सिविल अस्पताल की पूरी इमारत तोड़ी जा चुकी है। लगभग मलबा भी वहां से उठा लिया गया है। पहले इस अस्पताल को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 500 बेड का बनाने की घोषणा की थी, जो कि अब 100 बेड घटाकर 400 बेड कर दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनील सैनी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में रेफरी चयनित


सुनील सैनी को रेफरी का पत्र भेंट करते अधिकारी।

**गुरुग्राम।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों के लिए गुरुग्राम के सुनील सैनी को रेफरी के रूप में चयनित किया गया है। सुनील सैनी यहां सेक्टर-5 में साईं कराटे अकादमी के निर्देशक हैं। उनका ऑल इंडिया कलस्टर पुलिस खेलों में भी योगदान रहा है। सुनील सैनी ने इस जिम्मेदारी मिलने पर अपनी एसोसिएशन इंडिया के महासचिव रजनीश चौधरी का आशीर्वाद लिया। अपनी नियुक्त पर सुनील सैनी ने कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रधान कुलदीप वत्स, महासचिव रजनीश चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वे इसका बखूबी निर्वहन करेंगे। स्पोर्ट्स कराटे-डू एसोसिएशन सभी पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने सुनील सैनी का भव्य स्वागत किया।

### बंद मकान का ताला खोल जेवरात और कीमती सामान चोरी

**सोहना।** भोंडसी की भीम सिंह इंकलेव कॉलोनी में मकान का ताला खोल एलईडी समेत जेवरात चोरी हो गए। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। रूपेश ने बताया कि वह गार्ड की नौकरी करता है। 20 दिसम्बर को उसकी पत्नी अपने पिता के घर चली गई। 25 दिसम्बर की सायं साढ़े 7 बजे वह भी अपनी ड्यूटी पर गया था। 26 की सुबह वह नौ बजे घर पर पहुंचा तो उसने देखा दरवाजे पर लटका ताला खुला हुआ था। अंदर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घर में लगी 43 इंच की एनईडी गायब थी। इसके अलावा सोने की चेन समेत चांदी के अन्य आभूषण गायब थे। भोंडसी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद आस पास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**सोहना।** पुलिस कमिश्नर के आदेश पर भोंडसी थाना पुलिस ने मारुति कुंज निवासी विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट करना और घर से बाहर निकाल देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी विवाहिता सोनी धीमान पुत्री विजेन्द्र कुमार निवासी मारुति कुंज भोंडसी ने पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी द्वारका विहार, धर्मपुरा एक्सटेंशन नजफगढ़ नई दिल्ली निवासी भारत कुमार से आठ मार्च 2018 को आर्य समाज मंदिर शास्त्री नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी डॉटकॉम के जरिये उसने अपने माता पिता के खिलाफ जाकर भारत कुमार से शादी की थी। शादी से पहले ही भारत कुमार ने उससे सगाई के नाम पर एक लाख रुपये की मांग की थी। उसने अपने दोस्त पूजा से यह पैसा लेकर दिया। उसके बाद भारत ने उससे शादी के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की। यह पैसे उसने एचडीएफसी बैंक से पर्सनल ऋण लेकर अगस्त 2018 में दे दिए। शादी के तीन माह बाद ही आरोपियों ने पिता के घर से 10 लाख रुपये दहेज के नाम पर मांगे। सास रीता को 59 हजार रुपये की कान की झुमकी, 25 हजार रुपये का माईक्रोवेव, 11 हजार रुपये के सास के पाजेव दिलाए। उसे गोल्ड योजना के तहत 58 हजार 500 रुपये मिले थे। यह पैसे भी उसके पति भारत कुमार ने उससे छीन लिए। जुलाई 2021 में उसके पति ने उससे डेढ़ लाख रुपये मांगे। यह पैसे उसने अपने पीएफसे निकवाकर दे दिए थे। इतना सब करने के बाद देवर करण कुमार समेत सभी ने मिलकर उसे प्रताड़ित किया और 26 जनवरी 2022 को सभी आरोपियों ने योजना बनाकर उसके साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया था।

## जीयू के छात्रों को अब घर बैठे ऑनलाइन मिलेगा माइग्रेशन सर्टिफिकेट


विवि में ऑनलाइन माइग्रेशन सेवा की शुरुआत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

### गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति ने ई-माइग्रेशन पोर्टल किया लांच

### ई-माइग्रेशन की सुविधा से छात्रों के समय व धन की भी बचत होगी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**अब** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए विवि के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जीयू ने माइग्रेशन शाखा को ऑनलाइन कर दिया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर ई-माइग्रेशन के पोर्टल को लांच किया है।

छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए अब उन्हें जीयू में आकर इस प्रक्रिया को पूरा नहीं करना पड़ेगा, बल्कि छात्र घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से इस प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे। जीयू की और से बनाए गए पोर्टल पर छात्र माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन ही छात्र इसमें फीस भी जमा करवा सकेंगे। माइग्रेशन के लिए निर्धारित फीस जमा करने के पश्चात एक ही दिन में छात्रों को माइग्रेशन मिल जाएगी। पिछले एक वर्ष के दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने ई-गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते हुए आल स्टूडेंट्स फॉर्म ऑनलाइन, ऑनलाइन फीस सबमिशन, संबद्ध कॉलेजों सहित सभी छात्रों के लिए ई-सेवाएं, आदि लागू करते हुए मजबूत कदम उठाए है। निकट भविष्य में ई-ऑफिस, छात्रों के लिए ई-शिकायत तंत्र प्रणाली भंडार प्रबंधन, शाखाओं/कार्यालयों का स्वचालन आदि लागू करने की योजना है। इस अवसर पर गुरुग्राम कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अधिकतर स्टूडेंट्स अंडर-ग्रेजुएशन करने के बाद दिल्ली, पंजाब जैसे शहरों का रुख करते हैं। इसमें माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने में उनका काफी समय बर्बाद होता है। ई-माइग्रेशन की सुविधा से हजारों छात्रों को राहत मिलेगी और इस व्यवस्था से छात्रों के समय व धन की भी बचत होगी।

## शहर में बढ़ रही बंदरों की तादाद, बुजुर्ग महिला चोटिल

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में बंदरों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से शहर के लोग काफी खौफजदा नजर आ रहे हैं। शहर में बढ़ रही बंदरों की तादाद को लेकर नगर पालिका पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। हाल ही में बंदरों के एक झुंड ने 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर आक्रमण कर दिया और उसके कान काट डाले।

फिरोजपुर झिरका वार्ड 3 रतनलाल कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला लीला पत्नी रामचंद्र सैनी अपने घर के बाहर प्रांगण में बैठकर धूप ले रही थी। अचानक बंदरों के एक झुंड ने बुजुर्ग महिला पर आक्रमण कर दिया और घर के प्रांगण में रखे तुलसी व मनी प्लांट के पौधे नष्ट कर दिए जैसे ही वो बंदरों को भगाने के लिए खड़ी हुई तो उसके कान काटकर उसे चोटिल कर दिया। जबकि इससे पूर्व कुछ दिन पहले गढ़ अंदर के एक बुजुर्ग व आठ वर्षीय बच्चे को भी यह खूंखार बंदर आक्रमण कर उन्हें चोटिल कर चुके हैं।

समस्या को लेकर शहर के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन व उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका को भी मौखिक व लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं, लेकिन नगर


नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन।

पालिका प्रशासन इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। बार-बार टेंडर के नाम पर शहर के लोगों को बरगलाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के कुछ पार्षदों ने यह कहकर पल्ला झाड़ दिया। इन सभी बंदरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए तिजारा राजस्थान से लंगूर बुलाए गए हैं। जबकि खूंखार बंदरों की समस्या शहर में जस की तस बनी हुई है।

**क्या कहते हैं नगर पालिका चेयरमैन** : फिरोजपुर झिरका के नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन का कहना है कि शहर में बढ़ रहे खूंखार बंदरों की समस्या का मामला मेरे संज्ञान में है। पिछले कई दिनों से नगर पालिका के अधिकारियों को बंदर पकड़वाने के टेंडर के लिए बोल दिया है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया के चलते शहर में आचार संहिता लगने के कारण यह मामला अधर में ही लटक गया जल्द ही उच्च अधिकारियों से अप्रूवल मिलते ही टेंडर छुड़वाया जाएगा।

## शिव कुंड का गर्म पानी बन रहा रामबाण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हाड़** कपा देने वाली सर्दी के मौसम में सोहना के शिव कुंड का गर्म पानी रामबाण बना हुआ है। आस्था के इस कुंड में स्थानीय नागरिकों से लेकर दूर-दराज से आने वाले पर्यटक भी गर्म पानी में स्नान करके सर्दी के ठिठुरन को कम कर रहे हैं। एक दिन में 800 से 900 भक्तजन स्नान करते हैं। शुक्रवार से सर्दी के मौसम ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

ठिठुरन भरी सर्दी जहां मुंह के जबड़े में दांतों को बिना ताल के डांस कराने के लिए मजबूर कर रही है। ऐसे में सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए अलाव समेत बिजली के हीटर, तंदुरी कोयला जलाकर अपने आपको को सुरक्षित करने में जुटे हैं। ऐसे में सोहना में अरावली पहाड़ी की तलहटी में बना आस्था का शिव कुंड के गर्म पानी में स्नान करना भक्तजनों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं है। शनिवार व रविवार को स्नान करने वालों की संख्या 1000 के आंकड़े को भी पार कर देते हैं।


सोहना के गर्म पानी कुंड में स्नान करते हुए।

**अन्य शहर व महानगरों से आते हैं श्रद्धालु** : आस्था के शिव कुंड पर वैसे तो गंगा स्नान, नववर्ष, 26 जनवरी, 15 अगस्त और दो अक्टूबर के दिन श्रद्धालु यहां स्नान करने के लिए आते हैं, लेकिन गर्मी के मौसम की अपेक्षा सर्दी के मौसम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दो से तीन गुणा अधिक हो जाती है। यहां पर प्रदेश के जिले झज्जर, रोहतक, जींद, हिसार, भिवानी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी समेत दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएड़ा आदि अन्य स्थानों से नागरिक स्नान करने आते हैं।

**तीन श्रेणी में कुंड उपलब्ध** : कुंड में स्नान करने आने वाले भक्तजनों को स्थानीय कमेटी ने अच्छे प्रबंध किए हैं। स्नान करने के लिए सामान्य कुंड से लेकर परिजनों के साथ स्नान करना और चर्म रोगी के लिए विशेष कुंड में स्नान करने की सुविधा है। कुंड के गर्मपानी में स्नान करने से चर्म रोग तक दूर होते हैं।

> “ **दूसरे** राज्य व शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं के रात्रि में ठहरने के लिए विशेष सुविधा कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई हुई है। स्नान करने की सुविधा सुबह चार बजे से रात्रि आठ बजे तक उपलब्ध है। **-अनुराग राणा-कुंड कमेटी प्रधान।**

## सीवर या सेप्टिक टैंक में मैनुअल प्रवेश दंडनीय अपराध : आहुजा

### नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में मैनुअल स्क्वैंजर्स रोकथाम को सख्ती से कर रहा क्रियान्वित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में मैनुअल स्क्वैंजिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नियमों की अवहेलना करने पर 2 से 5 साल तक का कारावास और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

मैनुअल स्क्वैंजिंग रोकथाम एवं उनके रोजगार व पुनर्वास अधिनियम (पीईएमएसआरए)-2013 का क्रियान्वयन सख्ती से किया जा रहा है। मैनुअल स्क्वैंजिंग कानून के तहत पूरी तरह से प्रतिबंधित है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को सफाई या रख-रखाव के काम के लिए सीवर और सेप्टिक टैंक में मैनुअल रूप से प्रवेश ना करना पड़े। इसके लिए उपयुक्त मशीनों और प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। सभी कनिष्ठ अभियंताओं व पर्यवेक्षकों को नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को इस बारे में प्रेरित करें कि किसी भी व्यक्ति को मैनुअल सफाई के लिए शामिल ना किया जाए। सेप्टिक टैंक को हर तीन साल में एक बार अधिकृत एजेंसियों और डिसिल्टिंग ऑपरेटरों के माध्यम से ही साफ करवाना सुनिश्चित किया


निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

जाए। किसी भी प्रकार की सेवा एवं शिकायत के लिए हेल्पलाईन नंबर 14420 पर संपर्क करें।

कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक वार्ड में सीवरेज से संबंधित हॉट स्पॉट क्षेत्रों को समझने और प्रत्येक क्षेत्र के लिए निवारक रख-रखाव योजना बनाने के लिए नागरिकों से मिलें। प्रत्येक सीवरमैन की भूमिका और जिम्मेदारी को रेखांकित करने वाली एक मानक संचालन प्रक्रिया भी बनाई हुई है, जिसकी पालना हमेशा सुनिश्चित की जाए। नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा का कहना है कि अगर किसी क्षेत्र में असुरक्षित व्यवहार जैसे कि टैंकरों द्वारा कीचड़ के अनाधिकृत डंपिंग, डेयरी या सीएंडडी वेस्ट को सीवर में डालना कानूनन अपराध है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके बारे में नगर निगम गुरुग्राम को सूचित करें। सरकार द्वारा जारी सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम के लिए एसई राधेश्याम शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया हुआ है तथा उनके साथ सलाहकार डॉ. अनीता फलसवाल सहित अन्य कर्मचारियों को शामिल किया हुआ है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार, मुंबई संवाद में आईपीएस विकास वैभव द्वारा लेखिका ज्योति झा का सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ज्ञान,** शौर्य, एवं उद्यमिता से परिपूर्ण पूर्वजों की उत्कृष्टता द्वारा विकसित किए गए मार्ग से प्रेरित बिहार की भूमि सदैव क्षमतायुक्त रही है। ऊर्जा निश्चित आज भी वही है, आवश्यकता केवल चिंतन की है कि उस ऊर्जा का प्रयोग कहां कर रहे हैं, इस प्रेरणा श्रोत से उत्पन्न 'लेट्स इंस्पायर बिहार' नामक अभियान, प्रसिद्ध आइपीएस विकास वैभव के नेतृत्व में एक भाव संचार एवं प्रोत्साहन है, बिहार में शिक्षा, समता, तथा उद्यमिता के भावों के समग्र विकास के लिए।

संस्कृति एवं साहित्य के महत्व से संचित बिहार की धरती पर अनेक उभरते कलाकार, कवि, लेखक, एवं साहित्यकार, इस गौरव गाथा को विस्तृत करने में अपना योगदान देने के लिए अग्रसर रहे हैं। ऐसी ही एक उभरती हुई भागलपुर की चर्चित लेखिका ज्योति झा को लेट्स इंस्पायर बिहार के मुंबई संवाद में विकास वैभव द्वारा सम्मानित किया गया। तीन पुस्तकों की लेखिका, ज्योति झा एक एच आर प्रोफेशनल रह चुकी हैं। इंग्लैंड और अमेरिका में कई वर्षों तक रहने के बाद उन्होंने लेखन को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम चुना और वर्तमान में एक लेखिका और कॉलम्निस्ट हैं। 'द टाइम्ज ऑफ इंडिया राइट इंडिया' की सम्मानित विजेता रह चुकी ज्योति IITs और IIM लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में स्पीकर और पैनलिस्ट रह चुकी हैं। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय सम्मान, आयकॉनिक ऑथर अवार्ड 2022, ग्लोबल प्रोग्रेसिव विमन अवॉर्ड 2022, एवं एशियन लिटरेरी अवार्ड (एशियन चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीस) से सम्मान प्राप्त ज्योति, IIT BHU के काशियात्रा में एक सम्मानित जज रह चुकी हैं। उनकी पुस्तक 'आनंदी', महिला सशक्तिकरण की उस अस्पर्शित कड़ी का स्वरूप है जो बिहार राज्य के एक ग्रामीण परिवेश से उभरकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक पाठकों एवं मीडिया में चर्चा का विषय रही है, प्रतिष्ठित संस्थानों, लिटरेरी फेस्टिवल, बुक फेयर, अवॉर्ड नॉमिनेशन (ऑथर



एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023, पीवीएलएफ फरंटलिस्ट) में स्थान प्राप्त कर चुकी है। साहित्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने लेखन के अथक प्रयासों से समाज को साहित्य के नए रूप से मिलाने के लिए ज्योति निरंतर प्रयत्नशील हैं और उनके इन्ही प्रयासों को उत्तर भारतीय संघ के सभागार भवन, बीकेसी, मुंबई में आयोजित लेट्स इंस्पायर बिहार के मुंबई संवाद में सराहा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आईपीएस विकास वैभव ने अपने संबोधन में बिहार के प्राचीन गौरवशाली इतिहास से परिचय करा कर बिहार वासियों को प्रेरित किया और अधिक से अधिक लोगों को इस नेक अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रबंधक मोहन कुमार झा, नीलोत्पल मृणाल, और मुंबई टीम के अन्य सदस्य थे और प्रायोजकों में विकास सक्सेना, फाउंडर एवं नीतीश राज, को-फाउंडर की स्टार्टअप लिटेरिया इनसाइट का नाम सम्मिलित था। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुपमा कुमार ने किया और मुंबई, बैंगलोर, पूना, दुबई, एवं अन्य कई स्थानों से बिहारवासी ने इसका हिस्सा बनकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया।

## नागरिक अस्पताल में कोविड मामलों से निपटने की तैयारी



सोहना का नागरिक अस्पताल।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में वैरियंट बीएफ-7 के संभावित संक्रमितों के उपचार के लिए पांच बेड का फ्लू क्लीनिक वार्ड बनाया है। जल्द ही आरपीआर और आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरू होंगे। नागरिक अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में वैरियंट बीएफ-7 के रोगियों को तुरन्त प्रभाव से उपचार देने के उद्देश्य से विशेष वार्ड बनाया है। इस विशेष वार्ड में एक साथ पांच रोगियों का उपचार किया जा सकता है। इसके साथ ही स्थानीय अस्पातल प्रशासन ने कोविडकाल के दौरान संक्रमितों के उपचार में बनाई गई डॉक्टरों से लेकर नर्स और विभाग के अन्य कर्मचारियों की टीम को फिर से तैयार किया जा रहा है। जल्द ही मॉकड्रिल के माध्यम से सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**अस्थाई कर्मचारियों नहीं होगी छुट्टी** : कोविड काल में संक्रमित रोगियों के उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती की गई अस्थाई कर्मचारियों का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के फिर से सक्रिय होने की संभावना देखते हुए अस्थाई कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। यह रोक कब तक लगाई है। अभी विभाग की तरफ से समय सीमा तय नहीं किया है।

> “ **बुखार** से पीड़ित आने वाले रोगियों की कोरोना जांच अवश्य किया जाएगा। ऐसे रोगी को संक्रिमत होने की संभावना से विशेष वार्ड में भर्ती किया जाएगा। जहां पर उसको उपचार देने और कोरोना की जांच के बाद ही छुट्टी दी जाएगी। विशेष वार्ड के साथ उनकी पूरी टीम को तैयार कर लिया गया है। **दशरथ राव-एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना।**

## कोविड से निपटने को लेकर सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में हुई मॉकड्रिल

### डीसी बोले, पैनिक क्रिएट ना करते हुए सतर्कता बरतें जिलावासी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते खतरे व केंद्र सरकार द्वारा कोविड को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के मद्देनजर गुरुग्राम जिला में महामारी से निपटने की तैयारी तेज कर दी गई हैं। जिला में कोविड अस्पतालों में पहले से मौजूद संसाधनों के बेहतर व सुव्यवस्थित उपयोग की तैयारी हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को कोविड से निपटने की मॉक ड्रिल की गई।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव व सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव की उपस्थिति में गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में यह मॉकड्रिल हुई। कोविड के मरीज के अस्पताल आने पर बरते जाने वाले ऐहतियात और कोविड संक्रमित मरीज के इलाज की प्रक्रिया की रिहर्सल की गई। सबसे पहले मैक्स व फोर्टिस


गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में कोविड से निपटने की मॉक ड्रिल के दौरान कोविड के मरीज के उपचार की प्रक्रिया देखते डीसी निशांत कुमार यादव।

अस्पताल में कोरोना के उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू व पीएसए प्लांट का भी निरीक्षण किया। मॉकड्रिल के उपरांत मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहे कोरोना व उसके नए वैरिएंट को लेकर केंद्र सरकार के परिवार और स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय द्वारा पिछले चार दिनों से निरंतर गाइडलाइंस और एडवाइजरी जारी की जा रही है। अभी गुरुग्राम में कोविड के केवल 16 केस ही एक्टिव है। जिला में पॉजिटिविटी रेट भी एक प्रतिशत से कम है। पत्रकारों द्वारा गुरुग्राम में बाहर के देशों से आ रहे लोगों के साथ क्या एहतियात बरतने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोरोना प्रभावित देशों से आ रहे आगंतुकों की टेस्टिंग की व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा पहले ही एयरपोर्ट पर कर दी गयी है। एयरपोर्ट पर उनकी जांच होने के बाद ही उन्हें उनके गंतव्य स्थान पर जाने दिया जा रहा है।

**नए वेरिएंट की पहचान होते ही लागू होगा कोविड प्रोटोकॉल** : उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला प्रशासन इस पूरे मामले पर करीब से नजर बनाए हुए है। मरीज की पहचान होते ही कोविड प्रोटोकॉल लागू होगा।

# लूटपाट और दुर्घटनाग्रस्त असर्फी घर लौटने को हुआ मौहताज

## बिहार से यहां मजदूरी के लिए आए व्यक्ति की दर्द भरी दास्तां

कविता। फरीदाबाद

बिहार से मजदूरी करने यहां आए एक व्यक्ति से पहले कुछ बदमाशों ने फोन, पैसे, कपड़े और यहां तक कि फोन नंबर की डायरी तक लूट ली। जिसके बाद वह मजदूरी कर रात को बल्लभगढ़ बस अड्डे में सोकर किसी तरह समय काट रहा था, लेकिन किसी अज्ञात वाहन चालक ने सोते हुए व्यक्ति को रौंद डाला। बीके अस्पताल में दाखिल पीड़ित अपने घर जाने और परिजनों से सम्पर्क करने को भी मौहताज है। चलने में मौहताज इस घायल को घिसट-घिसट कर भोजन के लिए जाते देख पायनियर संवाददाता ने बातचीत की तो उसने अपनी दर्दनाक दास्तां बयां की।

बीके अस्पताल में दाखिल असर्फी मंडल ने बताया कि उसके पिता का नाम रामदेव मंडल है। वह बिहार के जमुई जिले के गांव हरला का रहने वाला है। वह राजमिस्त्री का काम करता है। करीब एक माह पहले वह फरीदाबाद में अपने गांव से काम की तलाश में आया था। यहां दिनभर मेहनत मजदूरी करने के बाद बल्लभगढ़ बस स्टैंड के निकट ही सो जाता था। गत 21 दिसंबर को अन्य दिनों की तरह रात को थककर सो गया। किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पैरों पर वाहन चढ़ा दिया और मौके से फरार हो गया।



बीके अस्पताल में पैरों में पट्टी के होने से घिसट-घिसट कर खाना खाने जाता असर्फी मंडल।

किसी ने उसे उठाकर बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल भेज दिया। लेकिन वहां उसको इलाज न मिला तो वह बीके अस्पताल में आ गया। यहां आने पर चिकित्सकों ने जांच की और उसकी ड्रेसिंग कर दी, लेकिन दोनों पैरों में पट्टी होने से अब चलने-फिरने में लाचार हो गया। ऐसे में वह बीके सिविल अस्पताल में ही रहने को मजबूर है। उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

**किया दर्द बयां :** असर्फी मंडल ने बताया कि उसके घर में उसकी पत्नी रुकमनिया देवी, बेटा पंकज मंडल, सिबल मंडल रहते हैं। उसने बताया कि जब वह यहां आया था तो उसके पास पैसे और फोन सब था, लेकिन कुछ लोगों ने उसके पैसे, कपड़े, फोन सब कुछ ले लिया। यहां तक कि उसके फोन नम्बर की डायरी तक उससे छीन ली। ऐसे में वह अब घर में किसी से भी सम्पर्क नहीं कर पा रहा है। उसकी मदद भी यहां कोई नहीं कर रहा है। वह अपने घर पहुंच कर एक बेहतर जिंदगी जीना चाहता है।


# कोविड से बचाव को नियमों का पूर्ण रूप से सभी पालन करें : उपायुक्त

## कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए हमारे पास हैं पर्याप्त सभी संसाधन : विक्रम सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड-19 की किसी भी संभावित लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए हमारे पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन जिला के प्रत्येक नागरिक को एहतियात बरतने व कोविड-19 नियमों का अधिक से अधिक पालन करने की जरूरत है। उपायुक्त विक्रम मंगलवार को एनआईटी-3 स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड-19 की तैयारियों का निरिक्षण किया।

उपायुक्त ने ईएसआई हॉस्पिटल में कोविड के मरीजों के लिए बनाए गए वार्डों का निरीक्षण किया और



एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल में कोविड-19 की तैयारियों के बारे में जानकारी लेते डीसी विक्रम सिंह।

कोविड टेस्ट से लेकर लिक्विडिटी मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी संभावित लहर को पूरी तरह से गंभीरता से साथ लेना है। उन्होंने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को निर्देश दिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में सभी सुविधाओं की पुन: समीक्षा की जाए और अगर कहीं भी कोई कमी दिखाई देती है तो तुरंत पूरा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और कोविड-19 के नियमों का पालन करने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में बूस्टर डोज मात्र 25 प्रतिशत लोगों ने ली है और 12 से 15 व 15 से 17 वर्ष के बच्चों को प्रिकॉशन डोज मात्र 28 प्रतिशत ली है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्कूलों में सभी बच्चों को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जिला के सभी 45 सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी व स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में पिछली कोविड-19 लहर के दौरान सबसे ज्यादा जरूरत 50 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ी थी। उस समय जिला में मात्र दो ऑक्सीजन प्लांट थे। उन्होंने बताया कि अब जिला में 24 अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट हैं जिनमें 10 सरकारी व 14 प्राइवेट अस्पतालों में हैं। उन्होंने बताया कि इन प्लांटों की अब प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 92.40 मीट्रिक टन है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या 1049 हैं। डी टाइप सिलेंडर 25109, बी टाईप सिलेंडर 1813 और ए टाईप सिलेंडर 277 हैं। जिला में लिक्विडिटी मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की स्टोरेज क्षमता 43.6 मीट्रिक टन है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिला के लोगों को घबराने नहीं बल्कि एहतियात रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला में पिछले 15 दिनों में कोई भी कोविड-19 का केस सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा लक्षण दिखने पर अपनी जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि कोविड की जांच व टीकाकरण की सुविधा सभी 45 सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



छापे के दौरान नर्सिंग होम पर छानबीन करती सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य और एसएमओ डॉक्टर मान सिंह।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने बल्लभगढ़ की भगतसिंह कॉलोनी में बिना डिग्री के लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर को पकड़ा है। आरोपी के विरुद्ध फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बल्लबगढ़ की चावला कॉलोनी टी पॉइंट के पास आशीर्वाद नर्सिंग होम में एक डॉक्टर बिना डिग्री के बाल रोग विशेषज्ञ बन कर बच्चों का इलाज कर रहा है। अगर चेकिंग की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गुप्त सूचना के आधार पर 33 फुट रोड़, नियर बोहरा पब्लिक स्कूल, भगत सिंह कॉलोनी बल्लभगढ़ में स्थित आशीर्वाद अस्पताल को डॉक्टर मान सिंह, एसएमओ फरीदाबाद तथा टीम में शामिल अन्य डॉक्टर व स्थानीय पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त अस्पताल में एक डॉक्टर एक 6-7 साल के बच्चे का इलाज करता हुआ मिला। डॉक्टर मान सिंह द्वारा पूछताछ करने पर पाया कि इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम पंकज कुमार गुप्ता है तथा इलाज करने वाले पर्चे पर उसकी डिग्री एमडी डिप्लोमा पिडिएट्रिक लिखी हुई है, लेकिन वह मौके पर कोई डिग्री पेश नहीं कर सका। इस संबंध में थाना आदर्श नगर में अभियोग अंकित कराने की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# संक्षिप्त समाचार

### खेल प्रतियोगिता में 129 बच्चों ने लिया भाग



फरीदाबाद। अरुणाभा वेलफेयर सोसायटी की ओर से सेक्टर 31, फरीदाबाद स्थित टाउन पार्क में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 129 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बैलून रेस, लंगड़ी टांग, फ्राग रेस और म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। वेलफेयर की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रणीता प्रभात ने बताया कि बलून रेस में रानी प्रथम स्थान पर रही। सोनाली दूसरे और आयुष तीसरे स्थान पर रहे। लंगड़ी टांग में कार्तिक ने प्रथम स्थान लिया, आशीष दूसरे और मनोज तीसरे स्थान पर रहे। वहीं फ्राग रेस में यश प्रथम, खुश दूसरे और निखिल तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप के म्यूजिकल चेयर में आंसू ने बाजी मारी, मोहित दूसरे और मोहित सेकंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुनीता शर्मा ने मेडल देकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पढ़ने लिखने के लिए भी प्रेरित किया। समारोह में डॉ. सुरेंद्र शर्मा, आरके श्रीवास्तव, ममता मित्तल, राजश्री, अनु रस्तोगी, रेशमी गोपी, सपना, खुशी और पवन द्वारा बच्चों को गिफ्ट और स्नैक्स वगैरह वितरित किया गया।

### कशिश एक नई दास्तां ने किया कवि सम्मेलन आयोजित



फरीदाबाद। कशिश एक नई दास्तां ग्रुप ने जिले में द क्लासिक आफ आर्ट थियेटर में बड़ी धूमधाम से किया गया। साहित्य प्रेमियों इस मिलन समारोह में रंगारंग गीत व मनोरंजन का भी मिश्रण था भारत के विभिन्न प्रदेश से आए साहित्यकार लेखक व कवि गणों ने अपनी सुन्दर रचना से सभी का मन मोह लिया। उपन्यासकार लेखक कवि विनोद ढींगरा राजन द्वारा आयोजित प्रोग्राम के मंच का संचालन प्रसिद्ध कवियत्री व साहित्यकार कशिश ग्रुप की एडमिन कंचन वाष्णेय द्वारा बखूबी निभाया गया। अतिथि डॉ. सीपी यादव मशहूर जादूगर सम्राट व लाफ्टर चेलेंज कोमेडी के कलाकार प्रदीप गुप्ता व गायिका रेखा श्रीवास्तव भी समारोह में उपस्थित थे। इस अवसर पर कवि विनोद ढींगरा राजन कवियत्री कंचन वाष्णेय जी कवि समधुसूदन यूपी रवि सचदेवा घायलपंजाब मिथलेश शुक्ला हरियाणा देवेश दीक्षित दिल्ली देवेन्द्र सिंह यू. पी. कवियत्री सलोनी चावला फरीदाबाद अमन सिंह आदि रचनाकारों ने अपनी सुन्दर कविताओं से मन मोह लिया। मशहूर गायिका रेखा प्रभाकर शर्मा व राजन ढींगरा ने गायिकी का समा बांध दिया। इस अवसर पर साहित्यकार लेखिका कंचन वाष्णेय ने मुख्य अतिथि का शॉल ओढ़ाकर व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। डॉ. सीपी यादव जादूगर सम्राट ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहना कर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रेखा श्रीवास्तव व हास्य कलाकार प्रदीप गुप्ता का भी सम्मान किया गया। सभी सम्मानित कवियों को कशिश एक नई दास्तां ग्रुप की तरफ से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए व लंच के साथ प्रोग्राम की समाप्ति हुई।

### श्री राम कथा श्रवण से मिट जाती है, जन्म-जन्म की व्यथा



फरीदाबाद। मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश स्वामी चित्रकूट धाम ने कहा है कि भगवान राम भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। श्रीराम जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है उनके आदर्श, संस्कार, अनुशासन हमें सिखाते हैं कि किस तरह पति का पत्नी से, भाई का भाई से, राजा का प्रजा से प्रेम, व्यवहार व संबंध होना चाहिए। कितनी भी कठिन परिस्थिति आ जाएं उससे घबराना नहीं चाहिए, धैर्य व संयम से उसका मुकाबला करना चाहिए इससे सफलता जरूर मिलेगी। मनुष्य को ज्ञान विद्या में निपुण होने पर भी कभी घमंड नहीं करना चाहिए। अपने बड़ों का सम्मान करना, अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। श्री राम बड़े दयालु व विनम्र हैं। तभी उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। राम नाम का जप करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। कथा प्रसंग में व्यास जी ने श्री नारद जी के मोहनी राम व राम जन्म की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन आ रहे हैं जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। व्यास जी ने श्री नीलकंठ महादेव मंदिर के अध्यक्ष सतीश मित्तल व उनकी समस्त प्रबंध समिति को स्मृति चिह्न व सम्मान पट्टिका देकर आशीर्वाद प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रान्तीदेव गुप्ता, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, चेयरमैन प्रोजेक्ट अमर बंसल ने सभी दानी सज्जनों, समाजसेवियों से अपील की है कि वे मानव सेवा समिति के नए मानव भवन के निर्माण की सहायतार्थ आयोजित की जा रही रामकथा में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग, दान देकर समिति की मदद करें। यह राम कथा 31 दिसंबर तक दोपहर 2.30 बजे से 6.30 बजे तक सेक्टर 8 स्थित श्री नीलकंठ की मंदिर में जारी रहेगी। नव वर्ष एक जनवरी को यज्ञ हवन व भंडारा होगा।

### उपायुक्त ने इंडोर स्टेडियम के निर्माण का लिया जायजा



फरीदाबाद। खेल परिसर में आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करके इसके रख-रखाव को और बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कोई असुविधा न हो। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सेक्टर-31 में नए टाउन पार्क के पास करीब ढाई एकड़ में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट के तहत सेक्टर-31 में नया इंडोर स्टेडियम बनाया है जिसको नववर्ष पर खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए कामों को जल्द से जल्द निपटाया जाये और जिस खेल का मैदान तैयार हो गया है उस खेल से संबंधित कोचों को नियुक्त किया जाए और इंडोर स्टेडियम में रोशनी को व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने कहाकि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में सेक्टर-12 में जिला खेल परिसर के बाद यह दूसरा छोटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स होगा। अभी तक दिल्ली सीमा से सटे खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए, सेक्टर-12 के खेल परिसर आना पड़ता है, जो उनके क्षेत्र से कई किलोमीटर दूर पड़ता है, लेकिन सेक्टर-31 में बनने वाले इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से दिल्ली बॉर्डर तक क्षेत्र के खिलाड़ी घर के समीप में ही अभ्यास कर सकेंगे। इससे जहां उनके धन की बचत होगी, वहीं समय भी बचेगा। इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अलग-अलग खेलों में खिलाड़ी पसीना बहाकर अपनी प्रतिभा उभार सकेंगे। सभी खेलों के अलग-अलग सेक्टर बनाए गए हैं। इन खेलों में बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, जिम, जुडो, कराटे, कुश्ती, स्क्वॉश समेत कई खेल शामिल हैं। इस अवसर पर उपनिदेशक गुरुग्राम गिरिराज सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, कोच धर्मेंद्र सहित अन्य अधिकारीगण व कोच मौजूद थे।

# एसआई राजवीर और एएसआई दानवीर ने दिया ईमानदारी का परिचय



सेक्टर 12 में मिले पर्स को मालिक को लोटाते उप निरक्षक राजवीर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक दानवीर।

फरीदाबाद। पुलिस की सुरक्षा शाखा में तैनात उप निरीक्षक राजवीर और सहायक उपनिरीक्षक दानवीर ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ बटवा उस तक वापिस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक राजवीर सुरक्षा शाखा के अधीन सेक्टर 17 में तैनात है, जो किसी काम से लघुसचिवालय आए हुए थे। जहां उन्हें उनके साथी सहायक उपनिरीक्षक दानवीर मिले।

दोपहर करीब 2:30 बजे दोनों पुलिस कर्मचारी लघु सचिवालय के पास मौजूद थे। जहां उन्हें एक बटवा सड़क पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। उप निरीक्षक राजवीर ने कुछ समय पर तक देखा कि शायद कोई इसे लेने के लिए आएगा परंतु कोई नहीं आया तो उन्होंने बटवा उठाकर आसपास के लोगों से पूछताछ की परंतु उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। पर्स में 2500 रुपये तथा अन्य जरूरी कागजात थे। बटवे को चेक करने पर उसमें एक पर्ची भी मिली जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। पुलिस कर्मी ने जब उस नंबर पर संपर्क करके पूछा तो उसने बताया कि यह उसी का बटुआ है। पुलिसकर्मियों ने उसे लघु सचिवालय के पास बुलाया। बटवा लेने आए युवक ने बताया कि उसका नाम निरंजन है और वह सदर बल्लभगढ़ एरिया में स्थित डीग गांव का रहने वाला है। निरंजन ने बटवा चेक किया और उसमें पैसे और कागजात पूरे मिले जिसपर निरंजन ने दोनों पुलिस कर्मियों की ईमानदारी के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

# आशा वर्करों ने किया सीएमओ कार्यालय का घेराव, नारेबाजी की

## डीसी के आने की सूचना पर आशा वर्करों ने जमकर की नारेबाजी, अस्पताल नहीं पहुंचे डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आशा वर्कर्स यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद मंगलवार को अपनी मांगों की प्राप्ति के लिए बादशाह खान अस्पताल फरीदाबाद के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करके धरना दिया।

धरने के बाद प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए हाथ पर झंडे और बैनर लेकर सिविल सर्जन के कार्यालय के सामने पहुंचे। जहां उन्हें डीसी के आने की जानकारी मिली, जिस पर उन्होंने प्रदर्शन तेज कर दिया। लेकिन डीसी अस्पताल में नहीं पहुंचे। जिसे देखते हुए उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा सरकार, के नाम नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन डॉक्टर रचना को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के





सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर।

अनुसार पूरे जिले के सभी सेंटरों से कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों में बैठकर मंगलवार सुबह बादशाह खान अस्पताल के सामने एकत्रित होनी शुरू हो गई। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला उपप्रधान अनीता भारद्वाज ने की, संचालन सुशीला चौधरी कर रही थी।

सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आशा वर्कर के वेतन में बढ़ोतरी की मांग करते हुए बताया कि सरकार की केंद्र सरकार की स्कीम में कार्यरत मिड डे मील वर्कर्स का वेतन अभी हाल में दोगुना कर दिया गया। जबकि आगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। एनएचएम कर्मचारियों के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। जबकि फ्रंटलाइन वर्कर और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवॉर्ड से सम्मानित आशा वर्करों के वेतन में पिछले साढ़े चार साल से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वेतन में इजाफा करने के बजाए एक्टिविटी की राशियों में कटौती की जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार आशा वर्कर के ऊपर ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है।

# सर्दियों में स्ट्रोक से बचाव को सावधानी बरतें : डॉ. कुणाल

फरीदाबाद। सर्दियों का मौसम है और तापमान में गिरावट का असर आपकी सेहत, खासतौर से आपके हृदय के लिए नाजुक साबित हो सकता है, जिससे स्ट्रोक का जोखिम बढ़ सकता है। वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रोक दुनिया में मौतें का दूसरा सबसे प्रमुख कारण है और इसकी वजह से हर साल करीब 60 लाख लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। लांसेट द्वारा कराए एक अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2019 में करीब 7 लाख मौतें स्ट्रोक की वजह से हुई थीं, यानि उस साल होने वाली कुल मौतों में 7.4 फीसदी का कारण स्ट्रोक रहा। स्ट्रोक उस स्थिति में होता है जब ब्रेन को रक्त पहुंचाने वाली रक्तवाहिका ब्लॉक (इस्केमिक स्ट्रोक) होती है या फिर रक्तवाहिका फट जाती है (जिसे हेमरेजिक स्ट्रोक कहते हैं)। यदि किसी को एक बार स्ट्रोक हो चुका है तो उसे दोबारा स्ट्रोक होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि पर्याप्त सावधानियां बरती जाएं ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# अवैध खनन करने पर हो सख्त कार्रवाई

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की बैठक में दिए अधिकारियों दिशा-निर्देश

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम ने कहा कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपायुक्त विक्रम गत मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। अवैध खनन और अवैध क्रेशर जोन



अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

को बंद कराए। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, खनन विभाग, आरटीए, व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण किया जा रहा है। जिला फरीदाबाद में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकदमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षति-पूर्ति राशी व खनिज की रॉयल्टी व जुर्माना राशि के रूप में उनसे जुर्माने की वसूली की धनराशि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक में एसडीएम परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, आरटीए जितेन्द्र गहलोत, जिला खनन अधिकारी बलराम सिंह, एसीपी अभिमन्यु और आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुमिता कनौडिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अलायंस क्लब ग्रीन ने शहीदी दिवस मनाया

फरीदाबाद। अलायंस क्लब ग्रीन फरीदाबाद ने रविवार को शहीदी दिवस के तौर पर मनाया। भारत कालोनी, फरीदाबाद में शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट में यह दिवस मनाया गया। इस दिन गुरु गोबिन्द के चारों पुत्र धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गए थे। क्लब के सभी सदस्य निश्चित समय पर निश्चित स्थान पर पहुंच गए। क्लब के प्रधान अलाय धर्मेन्द्र गोयल ने सभी मैंबर का स्वागत किया तथा शहीदी दिवस के बारे मे जान कारी दी तथा अलाय के जी अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष 2021-22 ने इस कार्य में अपना सहयोग दिया। सर्वप्रथम राधा जी की बेटी मायरल ने सरस्वती वन्दना से शुरुआत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में बच्चों को स्नैक्स बांटे। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा जरूरतमंद 36 बच्चों को जुराब, जूते एवं स्वेटर बांटे गए। जिसमें मोनू जी का सहयोगसराहनीय था।

# जनहित सेवा लगाया ने नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर

फरीदाबाद। कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के प्रांगण में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्पणा शर्मा एवं भारत भूषण शर्मा कुंदन ग्रीन वैली स्कूल चेयरमैन ने अपने कर कमलों से रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सतीश चंद शर्मा ज्योतिष मर्मज्ञ हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ पूर्व प्राचार्य ने की। मंच संचालन संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं डॉक्टर सतीश शर्मा का संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा एवं महासचिव सुभाष गहलोत ने अपनी टीम के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्पणा शर्मा ने कहा कि ज्योतिष का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। ज्योतिष के माध्यम से हम अपने जीवन की बाधाओं को दूर कर सकते हैं। कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीनतम भाषा संस्कृत है एवं सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं संस्कृत और वेदों में ज्योतिष का हमारे जीवन में विशेष महत्व बताया है। संस्कृत में हमारी संस्कृति विराजमान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ. अर्पणा शर्मा, डॉक्टर सतीश चंद शर्मा, भारत भूषण शर्मा, संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत मौजूद थे।

# सीबीआई कार्रवाई

## धूत व चंदा गिरफ्तार

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने वीडियोकान अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत व पूर्व आईसीआई सीईओ चंदा कोचर को गिरफ्तार किया है। वीडियोकान समूह के अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा गिरफ्तारी से कार्पोरेट व बैंकिंग क्षेत्र में चिन्ता पैदा हो सकती है। इसके पहले विगत शुक्रवार को सीबीआई ने आईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर व उनके पति दीपक कोचर को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। उपभोक्ता एलेक्ट्रानिक्स तथा तेल व गैस खोज क्षेत्र में काम करने वाले वीडियोकान समूह को 3,000 करोड़ का कर्ज देने के मामले में अनियमितता का आरोप है। सीबीआई के अनुसार, उस समय चंदा कोचर एक निजी क्षेत्र बैंक का संचालन करती थीं तथा कमेटी के एक सदस्य के साथ मिल कर उन्होंने वीडियोकान को कर्ज दिया था। केन्द्रीय एजेंसी ने चंदा कोचर पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर 'अपने पति के माध्यम से धूत को 3,000 करोड़ का कर्ज देने के मामले में अवैध रिश्वत या अनुचित लाभ प्राप्त किया।' अक्टूबर, 2018 में चंदा कोचर ने आरोपों के कारण आईसीआईसीआई बैंक के सीईओ व प्रबंध निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई स्वागत योग्य है, लेकिन विचारणीय प्रश्न है कि इन गिरफ्तारियों से क्या लाभ होगा। इस वर्ष 20 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा था, 'पुलिस अधिकारियों को लोगों को जांच प्रक्रिया समेत आपराधिक न्याय प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर गिरफ्तार करने का



अधिकार है। लेकिन यह शक्ति बिना शर्तों के नहीं है। दंड प्रक्रिया संहिता–सीआरपीसी की धारा 41–1–बी–2 के अंतर्गत पुलिस अधिकारी को संतुष्ट होना चाहिए कि गिरफ्तार किए व्यक्ति को कोई अन्य अपराध करने से रोकना है अथवा यह अपराध की समुचित जांच, गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा प्रमाणों को नष्ट करने या उनसे छेड़छाड़ करने, उसे संभावित गवाहों को प्रभावित करने या उन पर दबाव डालने से रोकने के लिए जरूरी है। गिरफ्तारी उस स्थिति में भी संभव है जब बिना गिरफ्तार किए आरोपी को अदालत के समक्ष पेश नहीं किया जा सकता हो।'

लगभग पूरी तरह स्पष्ट है कि चंदा कोचर व दीपक कोचर या वेणुगोपाल धूत की गिरफ्तारी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप नहीं है। लगभग चार साल पहले आरोप लगने के बाद से उन पर किसी अन्य अनियमितता में संलिप्त होने या प्रमाणों से छेड़छाड़ करने अथवा गवाहों को प्रभावित करने या उन पर दबाव डालने के कोई आरोप नहीं हैं। हाई–प्रोफाइल लोगों की गिरफ्तारी से एजेंसियों की अच्छी छवि बनती है। आईसीआई प्रमुख के रूप में चंदा कोचर तथा बड़े बिजनेसमैन के रूप में धूत ऐसे ही हाई–प्रोफाइल लोगों में शामिल थे। वर्तमान प्रकरण से स्पष्ट है कि सीबीआई किसी से नहीं डरती है और न वह हाई–प्रोफाइल 'असरदार' लोगों से प्रभावित होती है, फिर भी सवाल है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे 'छवि बनाने' के अलावा क्या कोई अन्य उद्देश्य है? यदि कोई अपराध करता है तो उसे दंड मिलना चाहिए, लेकिन क्या अदालत में अपराध सिद्ध होने के पहले उसे अपमानित करना उचित है। आखिरकार गिरफ्तारी से किसी की भी छवि खराब हो सकती है और उस पर लांछन लग सकते हैं। कहने का यह अर्थ बिल्कुल नहीं कि भारत में कार्पोरेट व बैंकिंग क्षेत्र के सभी बड़े खिलाड़ी 'दूध से धुले' हैं तथा गलत काम करने वालों को दंड दिया जाना चाहिए। लेकिन दंड देने की प्रक्रिया को ही दंड में नहीं बदलना चाहिए। ऐसे प्रकरणों से कार्पोरेट कार्यकारियों की तुलना में वरिष्ठ बैंक कार्यकारी ज्यादा भयभीत हो सकते हैं जिससे बिजनेस में पैसे की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। समय आ गया है कि केन्द्रीय एजेंसियां अपनी शक्ति का न्यायोचित ढंग से प्रयोग करें।

# बांग्लादेश में विपक्ष की संभावना

बांग्लादेश में विपक्षी दलों का ढीलाढाला गठबंधन प्रधानमंत्री शेख हसीना व उनकी पार्टी का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है।

**माखन सैकिया**
(लेखक पानीपत विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)





बांग्लादेश में विपक्षी दलों का ढीलाढाला गठबंधन प्रधानमंत्री शेख हसीना व उनकी पार्टी अवामी लीग का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। हसीना की पार्टी अवामी लीग तथा उनकी सरकार द्वारा तैयार विमर्श इतना मजबूत है कि उसे कमजोर रैलियों द्वारा तोड़ना संभव नहीं है। लेकिन यदि हसीना राजनीति की बहुलता में विश्वास करने वाले मतदाताओं की अपने प्रति पसंद बनाए रखना चाहती हैं तो उनको विरोधी दलों को विरोध प्रदर्शन के लिए स्पेस देना होगा। बांग्लादेश राजनीतिक संकट में घिरा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के सामने विपक्ष का उभार रोकने की गंभीर समस्या है। लेकिन उनकी तथा उनकी अवामी लीग के लिए ऐसे राजनीतिक उभार नए नहीं हैं। हसीना 2009 से सत्ता में हैं और वे मतदाताओं को अपने साथ बनाए रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। लेकिन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर कोविड–19 व यूक्रेन पर रूसी हमले का दुहरा प्रभाव पड़ा है। यह हसीना सरकार के लिए नया सिरदर्द है। हालांकि, वे अपने दोनों पड़ोसियों–भारत व चीन से समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करती रही हैं, पर विपक्ष द्वारा अथक रूप से पैदा की जाने वाली राजनीतिक चुनौती से उनका लगातार सत्ता में बने रहना कठिन होता जा रहा है। सभी राजनीतिक विरोधी हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के खिलाफ एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं जो केवल एक साल दूर है। मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी–बीएनपी वर्तमान समय में मिर्जा फ़ख़रुल इस्लाम आलमगीर के नए नेतृत्व में काम कर रही है जो हसीना को सत्ता से हटाने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं।

बीएनपी ने अवामी लीग के खिलाफ गुस्सा भड़काने के लिए सबसे बड़ी इस्लामवादी पार्टी जमाते इस्लामी को अपने साथ जोड़ लिया है। लेकिन जमान नेता शफीकुर रहमान व उनके बेटे रफत सादिक सैफुल्ला को पिछले सप्ताह उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब बीएनपी व अन्य विपक्षी दलों की बड़ी विपक्षी रैली शुरू होनी थी। यह हसीना व उनकी पार्टी के खिलाफ बने व्यापक विपक्षी गठबंधन को सबसे बड़ा धक्का था। इसके साथ ही मुख्य विपक्षी पार्टी द्वारा बनाई गतिशीलता तोड़ने के लिए बीएनपी के नए नेता आलमगीर को भी सीखचों के पीछे डाल दिया गया। हसीना बीएनपी पर हमले का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं जो काफी समय पहले ही अपना जनाधार खो चुकी थी क्योंकि उनकी सरकार बांग्लादेश की जनता को सेवायें देने में विफल रही थी।

वैसे भी आलमगीर को एक कमजोर पार्टी विरासत में मिली है जिसे उसकी पूर्व नेता खालिदा जिया ने कमजोर कर दिया था। ऐसे में सवाल उठता है कि बांग्लादेश की जनता क्या चाहती है? वर्तमान समय में उनको हसीना व उनकी सरकार की चिन्ता नहीं है। इसका प्रमुख कारण यह है कि कोई राजनीतिक विकल्प नहीं है तथा विपक्षी एकता अभी शुरुआती स्तर पर ही है। यदि विपक्षी दलों का ढीलाढाला गठबंधन जनता का समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करता है तो भी उसके पास ऐसा एक भी विश्वसनीय नेता नहीं है जो हसीना का मुकाबला कर सके। हालांकि, चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि देश में गहरी राजनीतिक अनिश्चितता व्याप्त है। वर्तमान समय में भारत और चीन जैसी क्षेत्रीय शक्तियां हसीना सरकार को पूरा समर्थन दे रही हैं क्योंकि बांग्लादेश के बढ़ते विनिर्माण क्षेत्र से उनको द्विपक्षीय लाभ होता है। हसीना को इस बात का श्रेय है कि वे देश के दोनों ओर मौजूद दो बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का प्रबंधन करने में सफल रही हैं। हालांकि, विपक्षी पार्टियां हसीना की सरकार गिराने के लिए मजबूत चुनौती तैयार करने का प्रयास कर रही हैं, पर हसीना के कट्टर समर्थक पुन: उनको सत्ता में लाना चाहते हैं।

लेकिन यदि वे बांग्लादेशियों का विश्वास बनाए रखना चाहती हैं तो हसीना को देश के राजनीतिक इतिहास तथा अपनी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी खालिदा से सबक सीखने होंगे। खालिदा पहली बार 1991 में उस समय सत्ता में आई थीं जब एच.एम. इरशाद की स्वेच्छाचारी सरकार का देश भर में भारी राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों के बाद 1990 में पतन हुआ था। इसके बाद से दो शक्तिशाली महिलायें–हसीना और खालिदा बांग्लादेश पर शासन करती रहीं। वास्तव में दोनों बड़ी राजनीतिक पार्टियों के बीच 2014 तक सत्ता की अदलाबदली होती रही। 2014 में खालिदा और उनकी पार्टी ने आम चुनावों में हिस्सा नहीं लिया था। बीएनपी ने अवामी लीग पर चुनावों में धांधली का आरोप लगा कर चुनावों का बहिष्कार किया था। उस समय बीएनपी समर्थकों पर हिंसक राजनीतिक विद्रोह का आरोप था, जबकि अवामी लीग सरकार पर राजनीतिक विरोधियों के दमन का आरोप था। लेकिन क्षेत्र के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि बीएनपी ने 2014 के चुनाव में भाग न लेकर टैक्टिकल गलती की थी। इस भयानक गलती से उसके समर्थक व हमदर्द भ्रमित हो गए और इसकी प्रतिक्रिया में पार्टी का सर्वोच्च नेतृत्व आने वाले सालों में जमीनी नेताओं के साथ अपना संपर्क खो बैठा। इसके बाद बीएनपी पर सभी प्रकार के आरोप व दोषारोपण किए गए तथा खालिदा जिया को जेल में बंद कर दिया गया। यह बीएनपी के ताबूत में आखिरी कील थी। राजनीतिक परिदृश्य में वरिष्ठ नेता की अनुपस्थिति तथा हसीना द्वारा अपनी सरकार के पक्ष में विमर्श तैयार करने के कारण, बीएनपी के समर्थक निराश हो गए।

2019 के पिछले संसदीय चुनाव में हसीना और उनके राजनीतिक गठबंधन को कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन वे लगातार चौथी बार सत्ता में आने में सफल हुईं। ऐसा लगता है कि वे एक बार और सत्ता में वापसी करने वाली हैं। राजनीतिक विपक्ष कमजोर है और उसका कोई ठोस आर्थिक आधार नहीं है। हसीना का मुकाबला करने के लिए विपक्ष को स्वयं को जमीनी स्तर पर संगठित करना होगा। ऐसा न होने पर हसीना सरकार अपने बावर्दी समर्थकों के साथ विपक्ष के सत्ता में आने के प्रयास विफल कर देंगी। चार साल पहले 2018 में एक जर्मन थिंकटैंक 'बर्टलेसमान फाउंडेशन' ने लेबेनान, उगांडा, निकारागुआ व मोजाम्बीक के साथ बांग्लादेश को तानाशाही घोषित किया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया था, 'चुनावों की खराब गुणवत्ता के कारण पहले पांचवें सबसे बड़े लोकतंत्र को पुन: तानाशाही के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह घटनाक्रम नागरिकों के लिए चिन्ताजनक है क्योंकि भ्रष्टाचार, सामाजिक पृथक्करण व बाधायें उचित आर्थिक प्रतियोगिता में बाधक हैं जो तानाशाही शासनों में जारी रहते है।'

हसीना देश पर कठोरता से शासन कर रही हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को समझना चाहिए कि राजनीतिक विरोध कोई अपराध नहीं है, बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र का हिस्सा है।

# बेहतर पुलिसिंग का प्रतीक इंटरपोल


**डॉ सुधीर हिन्दवान**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



भारत सर्वाधिक सहिष्णु लोकतांत्रिक देश तथा दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। दूसरी ओर यह लगातार जारी आतंकवाद में वृद्धि का भी प्रमुख शिकार है। छिटपुट आतंकी हिंसा की अनेक हालिया घटनाओं से एक नए परिवर्तन का संकेत मिलता है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से आतंकी विभीषिका का सामना करने के लिए संयुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का दीर्घकालिक रूप से गठन हो रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंटरपोल की 90वीं आम सभा को संबोधित किया। उनके भाषण से स्पष्ट है कि भारत रणनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। इंटरपोल भारत को उच्च शक्तिशाली पुलिस तकनीक से लैस करने तथा पुलिस को नवीनतम तकनीकों से सर्वाधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इंटरपोल की लोकप्रियता व महत्व बहुत अधिक है क्योंकि इसके सदस्य 195 देश हैं। इससे यह अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग व महत्वपूर्ण सूचनाओं का साझा करने वाले विशाल पुलिस बल के रूप में सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय खतरों से निपटने में एकसाथ आने व सहयोग पर जोर दिया है जिनमें साइबर अपराध, अवैध शिकार, भ्रष्टाचार व अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद शामिल हैं। उन्होंने अत्यधिक सक्षम अंतरराष्ट्रीय खुफिया व्यवस्था स्थापित करने तथा अंतरराष्ट्रीय रणनीति विकसित करने पर जोर दिया है जो निकट सहयोग से सुनिश्चित करेगी कि ऐसे खतरों से शुरुआती चरणों में ही मुकाबला किया जा सके।

आतंकवादी गतिविधियों की फंडिंग से लेकर पुलिसिंग में सहयोग, साइबर खतरों से निपटना, तकनीकी खोजों के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा समुद्री सुरक्षा सूचनायें एकत्र करने के माध्यम से सीमाओं को मजबूत करना इनमें शामिल है। संचार क्षमताओं को युक्तिसंगत बनाने में सहयोग व समन्वय तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्रबंधन महत्वपूर्ण है ताकि किसी प्रकार के खतरे से निपटा जा सके। यह हाईटेक पुलिसिंग प्रक्रिया बनाने की दिशा में प्रमुख लक्ष्य है।

पुलिस आधुनिकीकरण से व्यावहारिक रूप से विकृत सोच वाले धार्मिक–प्रेरित समूहों से संभावित खतरों का अनुमान लगाया जा सकता है। स्मार्ट पुलिसिंग तथा परस्पर समन्वित व हस्तांतरणीय तरीकों के प्रयोग पर पहले ही जोर दिया जा रहा है। ड्रोन जैसी तकनीकों के प्रयोग से प्रक्रिया को संस्थाबद्ध करने तथा बहुत जटिल




सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सहायता मिलेगी। हाल ही में कश्मीर घाटी में लक्षित हिंसा का उद्देश्य शांतिपूर्ण प्रक्रियाओं में बाधा डालना तथा राज्य में निरंतर हो रही प्रगति को रोकना है। एक फल किसान की हत्या तथा इसके बाद जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में दो श्रमिकों की हत्या राज्य के उन दुश्मनों ने की है जो भारत की बढ़ती शक्ति से ईर्ष्या करते हैं। ऐसे में सरकारी स्तर पर सचमुच प्रभावी तैयारी कार्यक्रम बनाने की जरूरत है। सबसे पहले हमें आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों व उनके इरादों की जानकारी होनी चाहिए। आतंकी घटनाओं से संबंध तथा उसके परिणामों से निपटने के बारे में गंभीरता से विचार होना चाहिए। ऐसी घटनाओं वाले क्षेत्रों के बारे में समुचित डेटा अत्यधिक लाभदायक होगा। यह अच्छी खुफिया व पुलिस एजेंसियों का सामान्य कार्य है। खुफिया विभाग को आतंकियों के संभावित निशानों, समय तथा स्थलों के बारे में पहले से जानकारियां देनी चाहिए। दूसरी ओर समुचित संवेदनशील सुरक्षा प्रक्रियाओं की आवश्यकता है जो हवाईअड्डों से लेकर सीमा क्षेत्रों तक फैली होनी चाहिए।

आतंकवादियों में निराशा पैदा करने वाले कुछ सकारात्मक कार्यक्रम भी प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। इसके साथ ही राजनीतिक संस्थानों समेत सभी संस्थानों में खुलापन पैदा करने की जरूरत है ताकि वे नस्ली, धार्मिक व राजनीतिक दबावों को सहन कर आतंकियों को अपनी भावनायें खुलेआम अभिव्यक्त करने का अवसर दे सकें। इससे लोगों की सोच बदलेगी तथा वे अपने मतभेद शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रेरित होंगे। चूंकि आजकल आतंकवादी एक दशक पहले के अपने समकक्षों की तुलना में ज्यादा संगठित व पेशेवर होते हैं, इसलिए सुरक्षा व संरक्षा की नई अवधारणाओं का विकास होना चाहिए। पुराने के स्थान पर आज ज्यादा दृश्यमान व जागरूक पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों का नेटवर्क जरूरी हो गया है। आशंका है कि जैविक व रासायनिक आयुधों की उपलब्धता के कारण आतंकवादी ज्यादा जोश से अभियान चलाएंगे तथा विनाश की ऐसी श्रृंखला शुरू कर सकते हैं जिसे रोकना लगभग असंभव होगा।

विभिन्न देशों के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुनिया भर में विभिन्न शाखाओं के विशेषज्ञों के सहयोग से विकास योजनायें तैयार कर सकें। सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुमान लगाने की क्षमता विकसित होनी चाहिए। इम्प्रोवाइज्ड डिवाइसेज़–आईईडी के प्रयोग से हालिया आपराधिक गतिविधियां तथा आतंकियों के काम करने के ढंग से स्पष्ट है कि नए किस्म के आतंकी, नशीले पदार्थों के व्यापारी व स्मगलर तैयार हो रहे हैं जो अभूतपूर्व क्रूरता प्रदर्शित करते हैं। दुनिया भर में पुलिस को सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है जो दुनिया भर की समस्याओं से निपटता है, लेकिन बढ़ते व विविधतापूर्ण खतरे पुलिसिंग व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा हैं और उसे भारी नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। समय आ गया है कि हम विभिन्न देशों की पुलिस के बीच अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सहयोग का महत्व समझें क्योंकि वे अकेले अपराध नहीं रोक सकती हैं।

पूरे समाज को अपने लोगों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काफी प्रयास करने होंगे। तेज वैश्वीकरण के चलते अपराधियों व आतंकियों ने भी अपने काम के तरीके बदले हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग के लिए सहयोग व समन्वय बहुत जरूरी हो गया है। इसके लिए पुलिस बलों को अभिप्रेरणा के साथ अथक रूप से भावी व अदृश्य चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार होना होगा।

## आप की बात

### मोबाइल और युवा पीढ़ी

'**द** लिबर्टी इन लाइफ आफ ओल्डर पीपल 2022' नाम से दस शहरों में कराए गए एक सर्वेक्षण में करीब पैंसठ फीसद वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि मोबाइल फोन और अन्य तकनीक को अपनाने से युवा पीढ़ी के साथ उनका व्यक्तिगत संवाद प्रभावित हुआ है।मिशिगन यूनिवर्सिटी के जर्नल में छपे ताजा अध्ययन के मुताबिक खुद तकनीकी उपकरणों में गुम अभिभावक रोते बच्चे को चुप कराने के लिए उसे स्मार्टफोन, आईपैड जैसे डिजिटल उपकरण दे देते हैं। यह बालमन को दिशाहीन करने वाला बर्ताव है। आज दुनिया को स्मार्टफोन और हाई बी इंटरनेट स्पीड आभासी दुनिया में कैद कर कर रख दिया है विभिन्न प्रकार के रिसर्च में सामने आया कि महानगरों से लेकर सुदूर गांव तक इन आभासी तरंगों ने अधिकांश लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रखा है जहां इन तकनीकों से मानव ने अद्भुत सुविधाएं प्राप्त कर ली है वही किसी ने कभी सोचा भी ना था कि पूरी दुनिया समेट कर इस 6 इंच की खिड़की में समा जाएगी इससे ना सिर्फ आदमी आदमी से दूर हुआ बुजुर्गों से बच्चे दूर हुए पति पत्नियों के बीच अनबन शुरू हो गई तो उधर बच्चों को मोबाइल गेम्स छोड़कर पढ़ाई करना एक सजा जैसा लगने लगा है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### हॉकी टीम को शुभकामनाएं

**हॉकी** विश्व कप के 15 वे संस्करण का आगाज भारत के राज्य उड़ीसा की राजधानी भुनेश्वर में 13 जनवरी से 29 जनवरी तक किया जाएगा जिस पर विश्व भर के हॉकी प्रेमियों की निगाह इस टूर्नामेंट पर लगी रहेंगी। भारत वासियों के लिए बड़ी उम्मीद है। हॉकी खेल प्रेमियों के दिल में एक बड़ा सवाल है कि क्या विश्व हाकी कप का खिताब भारत की झोली में आएगा। भारत ने केवल 1975 में हाकी विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है जब भारतीय हॉकी कप्तान अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में कुआलालंपुर मलेशिया में आयोजित भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को हराया था। इसके अलावा 1973 कि विश्व हॉकी कप में भारत उपविजेता बना था। भुनेश्वर में आयोजित होने वाली विश्व कप में कुल मिलाकर 16 टीमें हैं जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन बेल्जियम है और भारतीय हॉकी फेवरेट टीम होगी और पूरे दमखम से इस बार अपने खेल का जौहर दिखाएगी। प्रत्येक भारतीय का सपना है भारत भूमि पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत विश्व विजेता बनेगा। भारतीय हॉकी टीम में सबसे अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश हैं जिनके दमखम पर भारत शानदार प्रदर्शन करेगा और भारत का नाम भारतीय हॉकी टीम जरूर रोशन करेगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### नए वेरिएंट से सावधान

**इन** दिनों कोरोना के जनक चाइना की हालत काफी खराब हैं एवं आज चाइना में लगभग हर दिन ही कोविड–19 के आज एक करोड़ केस निकल रहे हैं एवं लगभग 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है अमेरिका के मशहूर महामारी विशेषज्ञ एरिक फीगल डिंग के मुताबिक आने वाले 90 दिनों में चीन में करीब 90 लाख के लगभग जाने जा सकती है स्थिति आज इतनी अधिक बिगड़ चुकी है कि अब चाहे कोविड–19 के व्यक्तियों का हिसाब किताब रखना भी बंद कर दिया है पिछले रविवार को चीन के पूर्वी प्रांत झेंजियांग के अनुसार वहां 10 लाख केस 1 दिन में आए हैं यहां संक्रमण दुगनी गति से बढ़ रहा है आज एक बार फिर चायना दुनिया भर के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है आज चाइना की 18 फ़ीसदी आबादी पूरी तरह संक्रमित हो चुकी है। अत: यह सब हमारे देश के लिए भी एक बड़ा खतरा है हमें इससे आज सावधान रहने की आवश्यकता है। फिर आज हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हमारा देश आज हर तरह से इससे पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है अत: हमें आज इससे सावधान रहना होगा।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**जब** जेंडर–समानता का अस्तित्व नहीं था, तब भी हमारे देश में गार्गी व मैत्रेयी बहसों में हिस्सा लेती थीं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**रूस** यूक्रेन युद्ध में शामिल सभी पक्षों से बातचीत को तैयार है, पर कीव व उसके पश्चिमी समर्थक इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति





**क्या** ओमीक्रान से एक दिन में 5000 लोग मर सकते हैं? क्या चीन असली समस्या छिपा कर उसे सारी दुनिया पर थोपना चाहता है?

– **जी.डी बख्शी**
सेवानिवृत्त मेजर जनरल

# अगले साल यूपी में होगा खिलाड़ियों का महाकुंभ

## नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगा यूपी

● खेल क्रांति को बढ़ाने की योगी सरकार की पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में साल 2023 में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स होने हैं। यह देश के खिलाड़ियों का महाकुंभ जैसा आयोजन है। इसमें करीब 8000 खिलाड़ी और अन्य स्टाफ भाग लेंगे। यह पिछले आयोजन की तुलना में करीब दोगुना है। करीब दो दर्जन खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आयोजन को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां जारी हैं। प्रयास यह किया जा रहा है कि मेहमानों की मेजबानी हर लिहाज से ऐसी हो कि यहां आए खिलाड़ी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की छवि साथ लेकर जाएं। इन्हीं मुद्दों को केंद्र में रखकर इस बाबत शासन स्तर पर अभी 22 दिसंबर को उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी। इसमें विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल, भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक संदीप प्रधान, खेलो इंडिया की सीनियर निदेशक एकता विश्नोई के अलावा जिलों के भी खेल अधिकारी मौजूद थे।

अप्रैल-मई तक लखनऊ में एक खेल गांव बस जाएगा। इस गांव में हर तरह एवं हर रेंज के चिकेन के कपड़े समेत लखनऊ की पहचान से जुड़े स्टॉल लगेंगे। लखनऊ के प्रमुख मेट्रो रेलवे स्टेशनों को भी नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की थीम पर सजाया जाएगा। लखनऊ विवि में भी कमोबेश ऐसा ही नजारा होगा। जिन जिलों में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स होंगे, वहां के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जहां भी खेल होंगे, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वहां विशेषज्ञ चिकित्सक एवं फिजियोथेरेपिस्ट भी रहेंगे। आयोजन में कुल 22 खेल होंगे। अलग अलग खेलों के लिए उन शहरों को चुना गया है, जहां उनकी परंपरा रही है और इनके लिए बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद हैं। शासन स्तर से इन सुविधाओं को और बेहतर किए जाने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। मौके पर जाकर लगातार इनकी निगरानी भी की जा रही है। वाराणसी में मलखंभ, कुश्ती, योग, गोरखपुर में रोइंग, नोएडा-कबड्डी, जूडो, बॉक्सिंग, तीरंदाजी व फेसिंग स्पर्धाएं, लखनऊ -बैडमिंटन, स्वीमिंग, फुटबॉल, हॉकी, टेनिस, टेबल टेनिस खेल होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी गेम में 85 रिकॉर्ड्स बने थे। इसमें से 65 लड़कियों के खाते में आये थे। इसलिए इनमें भी महिला खिलाड़ियों के खेल पर खास फोकस होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। एसीएस खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सांसद, विधायक खेल प्रतियोगिता, हर जिले में खेलो इंडिया सेंटर, फोकस्ड तरीके से प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक जिला, एक खेल योजना, हर गांव में जिम आदि इसके प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री का यह भी मानना है कि ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाओं की पहचान होती है। कोशिश है कि उन्हें तराशकर उनके प्रदर्शन को उच्चतम स्तर तक पहुंचाया जा सके, जिससे वे देश एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। खिलाड़ी अलग अलग भाषा एवं क्षेत्र के होते हैं। इस लिहाज से ऐसे आयोजन देश की सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

# यूपी की पहली महिला मुस्लिम पायलट ने सीएम से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** सैन्य अकादमी एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश की पहली महिला मुस्लिम पायलट बनने वाली सानिया मिर्जा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके आवास पर भेंट की। मुख्यमंत्री ने सानिया मिर्जा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उनके पिता शाहिद अली और माता तब्बसुम मिर्जा को भी बधाई दी। कहा कि आज हमारी बच्चियों को ऐसे ही कीर्तिमान रचने रहने की जरूरत है साथ ही सानिया मिर्जा कहां की यदि कभी भी सरकार से उन्हें कोई भी आवश्यकता हो निसंकोच कहें, सरकार युवाओं को शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर है। इस मौके पर मौजूद अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जिस तरीके से आज सार्थक दिशा में महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के लिए योगी सरकार प्रयासरत है खास तौर पर अल्पसंख्यक समाज के बच्चों के लिए योगी सरकार की नीतियों का ही यह फल है कि आज एक आम परिवार में जन्मी सानिया मिर्जा जिनके पिता शाहिद अली टीवी मैकेनिक हैं। उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

## नौसेना के वाइस एडमिरल ने भी की भेंट

● नौसेना शौर्य वाटिका को जल्द अंतिम रूप देने का अनुरोध किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वाइस** एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ पश्चिमी नौसेना कमान ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

राज्य के युवाओं, आबादी में भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता फैलाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री से आईएनएस गोमती और लखनऊ के बीच ऐतिहासिक संबंध के आधार पर नौसेना शौर्य वाटिका को जल्द अंतिम रूप देने का अनुरोध किया। हाल ही में डीकमिशन किए गए पोत आईएनएस गोमती ने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना की सेवा की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि परियोजना की शीघ्र प्रगति से पर्यटन क्षमता बढ़ेगी और भारतीय नौसेना के संपर्क में भी वृद्धि होगी। बातचीत से पहले सीएनसी ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ स्मारक के निर्माण के लिए विभिन्न संभावित स्थलों का भी दौरा किया। आईएनएस गोमती गोदावरी क्लास गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट का आखिरी था और राष्ट्र के लिए '34 साल' की शानदार सेवा के बाद 28 मई 2022 को डीकमीशन किया गया था।

# सभी वर्गों की सहभागिता के साथ चुनाव कराना शीर्ष प्राथमिकताः भूपेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में विधि सम्मत तरीके से प्रत्येक वर्ग और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए चुनाव संपन्न कराना भाजपा और उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

प्रत्येक समुदाय व वर्ग के अधिकारों के संरक्षण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। किसी के साथ कोई भी अन्याय नहीं होगा। उन्होंने यह बयान इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ द्वारा निकाय चुनाव के संबंध में पारित किए गए आदेश के संबंध में दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस संबंध में दिये गए वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार ने निकाय चुनाव में आयोग गठित करके ट्रिपल टेस्ट कराकर अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी आरक्षण लागू कराएगी। यह भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का द्योतक है। इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया को यदि कुछ समय के लिए टालनी भी पड़ेगी तो उसके लिए सरकार उच्चतम न्यायालय में अपील भी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने ही ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। संवैधानिक प्रक्रिया का पालन और समाज के पिछड़े, अति पिछड़े और दलित वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करने का काम भाजपानीत सरकारों ने किया है। उन्होंने कहा कि सपा और अन्य विपक्षी दलों ने पिछड़ों के नाम पर केवल राजनीति ही की है। चुनाव को टालने के लिए तरह तरह के हथकंडे इनके द्वारा अपनाए गए। सपा, बसपा और कांग्रेस ने पिछड़े और दलित समाज को केवल वोटबैंक ही समझा है। इनके हित के लिए काम भाजपा सरकार ने ही किया है।

### ओबीसी समाज भाजपा को कभी माफ नहीं करेगाः अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार को आरक्षण खत्म करने के लिए पूरी तरीके से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बगैर ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव की परिकल्पना भी व्यर्थ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने साजिश के तहत उच्च न्यायालय में सही तथ्य जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किये जिससे कि उत्तर प्रदेश के पिछडों को आरक्षण से वंचित किया जा सके। दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यदि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का अनुपालन करते हुये ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को समय से निर्धारित किया होता तो ओबीसी समाज के साथ न्याय होता। उन्होंने कहा कि प्रदेश का ओबीसी समाज भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा।

# पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व खत्म करने की साजिशः कांग्रेस

● पाटी वैधानिक हकों को लेकर सड़क से सदन तक करेगी संघर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग ने योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा और योगी की सरकार निकाय चुनावों में पिछड़ो दलितों के हको को सुनियोजित तरीके से खत्म करना चाहती है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भाजपा और योगी सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश की आड़ में भारतीय जनता पार्टी पिछड़े वर्गों सहित दलित वंचित समुदाय का आरक्षण निकाय चुनाव में खत्म करने पर आमादा है। सरकार की मंशा पिछड़े वर्गों के खिलाफ है। पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने आगे कहा कि योगी सरकार को तुरंत उच्च अधिकार सम्पन्न कमेटी बनाकर पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व पूरा करने के लिए रिपोर्ट बनाकर अविलब उच्च न्यायालय को सौपना चाहिए था। इस काम मे जानबूझ कर की गई देरी बताती है कि योगी सरकार मूलतः पिछड़ा विरोधी है और निकाय चुनावों में पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने में आमादा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अगर पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की होती तो पहले ही ट्रिपल टेस्ट कराकर आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई होती ताकि कोर्ट में कोई विपरीत परिस्थिति न उत्पन्न होने पाती। सरकार नहीं चाहती है कि निकाय चुनाव हो और ओबीसी को आरक्षण मिले। मनोज यादव ने योगी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय की अवधारणा और संविधान की मूल आत्मा और पिछड़ा विरोधी है। उन्होंने आगे कहा कि हार के डर से भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव नहीं करना चाहती है। भाजपा अपने समर्थक और उसके अनुषांगिक संगठनों के लोगों के माध्यम से याचिकाएं डालकर कोर्ट के माध्यम से ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती है। इससे उनकी दलित पिछड़ा आदिवासी विरोधी नीति स्पष्ट होती है। योगी सरकार संविधान की शपथ लेकर संघ के एजेंडे को न्यायालयों के निर्णय के सहारे बैक डोर से लागू करना चाहती है। सामाजिक न्याय और आरक्षण के विरोध में जितने भी आंदोलन हुए हैं उनको पर्दे के पीछे से समर्थन और भरण पोषण भारतीय जनता पार्टी ने ही किया है। मंडल कमीशन लागू होने से लेकर आज तक जितने भी आरक्षण विरोधी आंदोलन हुए हैं उसको भारतीय जनता पार्टी और विद्यार्थी परिषद ने संचालित किया है नगर निकाय के चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने अपना चरित्र उजागर कर दिया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय की हत्या बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से सदन तक पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

# जिले में व्यापक भ्रमण व जनसंपर्क करें सीएम फैलोजः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फैलोज के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल, अवसंरचना, और अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिये कार्य करें। जिले में व्यापक भ्रमण और जन संपर्क करें। समन्वय बनाकर योजनाओं पर लोगों का फीडबैक एकत्रित करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में और क्या बेहतर कर सकते हैं, इस बारे में भी अपने सुझाव दें। ब्लाक को और बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों आधार पर नए सुझाव और विचार उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तर पर आने वाली समस्याओं के निर्धारित समयावधि में निस्तारण के लिए एक डैशबोर्ड तैयार किया जाये। डैशबोर्ड में जिलाधिकारी सहित जनपद के सम्बन्धित अधिकारियों को भी जोड़ा जाये। कहा कि मुख्यमंत्री 29 दिसम्बर को सभी सीएम फैलोज के साथ बैठक करेंगे, जिसमें शोधार्थियों द्वारा अब तक किये गये कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

बैठक में बताया गया कि समस्त शोधार्थियों द्वारा जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों से भेंट कर सामंजस्य स्थापित कर लिया गया है। शोधार्थियों द्वारा आवंटित विकास खण्डों में आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायत भवनों आदि का भ्रमण कर संचालित योजनाओं की समीक्षा कर ली गई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों का निराकरण सम्बंधित अधिकारी के संज्ञान में लाकर कराया जा रहा है। विभिन्न विभागों से संबंधित 75 सूचकांकों की त्रुटिरहित डाटा फीडिंग व प्रगति का अनुश्रवण भी किया जा रहा है। शोधार्थियों के क्षेत्र भ्रमण व अधिकारियों से भेंट की रिपोर्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त ब्लाक रूपईडीह, गोण्डा में एफपीओ का गठन कराया गया है। विकासखंड पन्धरी कृपाल, जनपद गोण्डा में मुद्रा लोन के लिए जागरूकता एवं प्रसार पर कार्य किया गया है। शोधार्थियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए फीडबैक लिया जा रहा है।

बैठक में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव कृषि अनुराग यादव, सचिव महिला कल्याण अनामिका सिंह, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा समर्थक कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** की नीतियों में भरोसा करते हुए राजधानी लखनऊ के गुरुनानक वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के समर्थक राजेश कुमार 'बाबा' के साथ मनोज रावत, रामकुमार, ओम प्रकाश, हरिशचन्द्र गौतम, नीरज सैनी, मोहन गौतम, अंजू सोनकर, मनीष मिश्रा, सुशील बाबा, राहुल सिंह, शशिकांत, विशाल, के साथ काफी संख्या में आए लोगों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मीडिया संयोजक अशोक सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह काली, विकास सक्सेना, राजेश जायसवाल, समीर श्रीवास्तव आदि ने आभार व्यक्त किया।

# समिति के सदस्य अध्ययन करके ही बैठक में जाएंः स्पीकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का बड़ा महत्त्व होता है। फिर चाहे वह सत्ता पक्ष का सदस्य हो अथवा विपक्ष का। जनता को अपने जनप्रतिनिधि से बडी अपेक्षाएं होती है वहीं जनप्रतिनिधि की भी अपनी जनता के प्रति बड़ी जवाबदेही होती है।

विधानसभा अध्यक्ष ने यह बातें नवगठित स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति, पंचायती राज समिति तथा विधान मंडल की अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति की बैठकों के उदघाटन पर कही। श्री महाना ने कहा कि राज्य सरकार विभागों की हर दिन मानिटिरिंग नहीं कर सकती है। इसलिए विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया जाता है। यह समितियां वित्तीय मामलों पर अपनी निगाह रखती है। समितियों के निर्णयों को विधानसभा में रखने के बाद फिर सरकार को इसके सुझाव दिए जाते हैं। महाना ने कहा कि सरकारी बजट का धन जनता तक पहुंचना चाहिए। जनता के धन का सही उपयोग हो, समितियां इन पर पैनी निगाह रखती हैं। समितियों में सब सदस्यों की बराबर की जिम्मेदारी होती हैं। हर समिति के अलग अलग नियम होते हैं। इसलिए यदि समिति के सदस्यों को नियमावली की पूरी जानकारी होगी तो वह उनकी बात अधिक प्रभावी ढंग से बैठक में कही जा सकती हैं। साथ ही समितियां अपने काम से कई कीर्तिमान भी स्थापित कर सकती हैं। इसलिए समिति के सदस्य अध्ययन करके ही बैठक में जाएं। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि राजनीति के क्षेत्र में हमेशा सीखते रहना चाहिए। ये एक बड़ा प्लेटफार्म है। बेहतर काम को देखते हुए संभावना इस बात की भी रहती है कि आप अगली बार किसी दूसरी कमेटी के सदस्य हो जाए। स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति की एक बैठक में उन्होंने कहा कि हमारे देश में यदि कृषि देश की आत्मा है तो नगर निकाय उसका चेहरा है। इस मौके पर बैठक में उपस्थित समितियों के सभी सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि उनके निर्देशन में वह जनहित के कार्यों को सुचारू रूप से करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभायेंगे।

# प्रदेश की जेलों में कोरोना से बचाव के लिए गाइड लाइन जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्तमान** समय में वैश्विक स्तर पर एक बार फिर कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को देखते हुए कारागार मुख्यालय की ओर से प्रदेश की सभी जेलों के लिए गाइड लाइन जारी की गई है। मुख्यालय की ओर से कहा गया है कि वर्तमान परिस्थिति में प्रदेश की कारागारों में निरुद्ध बंदियों एवं तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में पूर्व की भांति दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कारागार मुख्यालय, शासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन तथा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि कोविड-19 संक्रमण के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। कोविड हेल्प डेस्क को पुनः स्थापित करते हुए एक्टीवेट किया जाए तथा सोशल डेस्टिसिंग का पालन सुनिश्चित कराया जाए। आवश्यकतानुसार आइशोलेसन वार्ड तथा क्वारंनटीन बैरक की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार पर्याप्त औषधि की व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसे बंदी जो गम्भीर बीमारी से ग्रसित हैं और जिनमें शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन बंदियों में बुखार, खांसी, बदन दर्द आदि के लक्षण परिलक्षित होते है उनका तत्काल टेस्ट कराएं और आवश्यक कार्रवाई चिकित्सक के परामर्शानुसार तत्काल सुनिश्चित की जाए। कारागारों की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य नियमित रूप से पूर्व की भांत सुनिश्चित किया जाए। समस्त अधिकारियो, कमचारियों तथा बंदियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रत्येक कारागार पर डिजिटल थर्मामीटर, पल्स आक्सीमीटर एवं आक्सीजन सेलेंडर आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए पूर्व की भांति आने वाले आगन्तुकों तथा बंदियों एवं कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से परीक्षण कराए जाने की कार्रवाई शुरू की जाए।

# विदेशों के बाद अब घरेलू निवेशकों को साधेगी टीम योगी

● पांच से 23 जनवरी तक देश के सात शहरों में होगा रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दुनिया** के 16 देशों से 7 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश जुटाने के बाद अब टीम योगी का फोकस घरेलू निवेशकों की ओर है। विदेशी दौरों के बाद अब घरेलू निवेशकों को साधने उत्तर प्रदेश के मंत्रियों का समूह देश के 7 बड़े शहरों में रोड शो करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मुंबई में बड़े उद्योग समूहों से भेंट कर उन्हें यूपी में निवेश का आमंत्रण देंगे जबकि अन्य 6 शहरों के लिए अलगअलग टीमें बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घरेलू रोड शो के लिए नई टीम गठित की गई है जिसमें कैबिनेट मंत्रियों के अलावा स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं। मंत्रियों के सहयोग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का दल इन दौरों पर साथ होगा। 5 जनवरी को मुंबई रोड शो में मुख्यमंत्री योगी भाग लेंगे। यहां टाटा समूह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिन्द्रा, गोदरेज, आदित्य बिरला समूह, बॉम्बे डाइंग, ब्रिटानिया, जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एशियन पेंट्स समूह के अलावा बैंकिग सेक्टर और फिल्म जगत की हस्तियों से मुख्यमंत्री की भेंट संभावित है। जबकि अन्य दौरों में अडानी ग्रुप, हिताची, हीरानंदानी ग्रुप, नेस्ले, कोकाकोला, मारुति सुजुकी, अशोका लेलैंड, गोयनका ग्रुप, ओसवाल इंडस्ट्रीज आदि बड़े औद्योगिक समूहों, कंपनियों से वार्ता हो सकती है। मुंबई रोड शो पांच जनवरी को होगा। मुंबई की टीम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल नन्दी और स्वतंत्र प्रभार मंत्री रविन्द्र जायसवाल भी इस समूह में शामिल हैं। चेन्नई में रोड शो 9 जनवरी को होगा। यहां निवेशकों से भेंट करने वाली टीम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना तथा स्वतंत्र प्रभार मंत्री मंत्री असीम अरुण व नितिन अग्रवाल शामिल हैं। नई दिल्ली रोड शो 13 जनवरी को होगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल नन्दी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और नगरीय विकास विभाग के मंत्री एके शर्मा और स्वतंत्र प्रभार मंत्री सन्दीप सिंह दिल्ली में उद्योग जगत से भेंट कर निवेश का आमंत्रण देंगे। कोलकाता में 16 जनवरी को रोड शो की टीम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल नन्दी, स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल शामिल हैं। हैदराबाद रोड शो 18 जनवरी में होगा जिसमें भारतीय उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने जा रही टीम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्राविधिक शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और स्वतंत्र प्रभार मंत्री अरुण सक्सेना शामिल हैं। अहमदाबाद में रोड शो 20 जनवरी को होगा जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र प्रभार मंत्री जयेंद्र प्रताप और राज्य मंत्री जसवंत सैनी शामिल हैं। बेंगलुरु रोड शो 23 जनवरी को होगा जिसमें औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल नन्दी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण शामिल हैं।

# बेघरों व निराश्रितों के लिए रैन बसेरों में की जाए बेहतर व्यवस्थाः शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भीषण शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप चल रहा है। इस समय सभी निकायों में बेसहारा, निराश्रितों, बेघरों एवं गरीबों को बचाने के लिए सभी स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों को पूर्ण व्यवस्था के साथ संचालित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं हीलाहवाली पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त गरम कपड़े, रजाई, कम्बल की व्यवस्था हो। हो सके तो यहां पर शरण लिए व्यक्ति को भोजन, चाय और गरम पानी की भी व्यवस्था कराने का प्रयास करें। उन्होंने सभी स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों की जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक प्रचारप्रसार कराने को भी कहा। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, आमजनों, सक्षम नागरिकों से बेघरों, निराश्रितों एवं बेसहारा लोगों की मदद के लिए भी अपील की। नगर विकास मंत्री ने कहा कि रैन बसेरों की साफसफाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही कोरोना महामारी से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतें और कोविड हेल्पडेस्क, मास्क, सेनेटाइजर एवं सुनिश्चित दूरी संबंधी गाइडलाइंस का भी अनुपालन कराया जाये।

उन्होंने खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों एवं सड़क किनारे मजबूरी में सोने वाले व्यक्तियों की तत्काल मदद करें और उन्हें नजदीकी रैन बसेरा स्थल पहुंचायें। उन्होंने यह भी कहा है कि मौजूदा रैन बसेरा स्थलों में जगह कम पड़ने पर खाली पड़ी सरकारी इमारतों, धर्म स्थलों पर ऐसे व्यक्तियों की मदद के लिए व्यवस्था की जाए और आवश्यकतानुसार छोटे अस्थायी और रैन बसेरे बनाये जाएं।

# छात्राओं की मौत के मामले में सेना के जवान समेत 7 गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर

● आरबीएसबीएस कॉलेज की तीन छात्राओं की आत्महत्या का मामला

●लोकलाज के मारे परिजनों ने पुलिस को बिना बताए किया अंतिम संस्कार

**क्या अपराधियों** के लिए लोकलाज सबसे बड़ा मददगार बना हुआ है। गांव में जिन अपराधियों के कारण जो छात्राएं/बालिकाएं/महिलाएं अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेती हैं उनके परिवार लोकलाज के कारण अपराध छिपाते हुए अपराधियों को खुली छूट देकर साक्ष्य भी मिटाते हैं। यकीन नहीं होता है तो सीतापुर के राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर (आरबीएसबीएस) की तीन छात्राओं के आत्महत्या के मामलों को ही देख लीजिए, तीनों मामलों में परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। अब वही परिजन मामला उजागर होने के बाद न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मामले में पुलिस ने भी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में खुद को कैप्टन बताने वाले सेना के सिपाही अजय सिंह को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं, सवाल उठ रहे हैं। दूसरे गांव का रहने वाला अजय सिंह इतनी दूर आकर कमलापुर में आखिर किराए से क्यों रहता था। कॉलेज के प्रिंसिपल तो छात्राओं के द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर काफी हद तक एंड्रॉयड मोबाइल को दोषी ठहराते हुए अभिभावक से सवाल कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने तीनों मामलों को अलग-अलग होना बताकर सात आरोपियों को गिरफ्तार जरूर कर लिया है पर चर्चाओं पर विराम अभी तक नहीं लग सका है। दूसरी तरफ मामले की मानवाधिकार ने भी रिपोर्ट मांग ली है। आपको बता दें कि पहली घटना 10 दिसम्बर की है, राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर (आरबीएसबीएस) में कक्षा 12 में पढ़ने वाली कुर्सिनपुरवा की छात्रा ने रस्सी से फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते हैं कि शिवपुरी का रहने वाला राहुल यादव जो कि खोखा लगाता है, रास्ते में रोज परेशान करता था, शादी करने के लिए दबाव बनाता था। परेशान होकर छात्रा ने मौत को गले लगा लिया। मामले में पुलिस ने राहुल यादव निवासी शिवपुरी को धारा 306/354, 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी है। मृतका का पिता कह रहा है कि उसने लोकलाज के मारे पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अब वह दोषियों के खिलाफ कार्रवाई चाहता है। दूसरी घटना 12 दिसंबर की है, राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर (आरबीएसबीएस) में कक्षा 11 में पढ़ने वाली ज्योतिशाह आलमपुर गांव की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतका की मां की माने उसकी बेटी का विवाह अंकित निवासी शाहजलालपुर से तय था। अंकित और उसकी मां कमला देवी दहेज की मांग कर रही थी। इस वजह से उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। तीन बेटी होने के चलते लोकलाज के मारे पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अब जब मामला उजागर हुआ तो पुलिस ने धारा 306 और 3/4 दहेज अधिनियम के तहत अंकित और उसकी मां को जेल भेजने की कार्रवाई कर दी। मृतका की मां चाहती है कि दोषी के विरूद्ध कार्रवाई हो। तीसरी घटना 18 दिसम्बर की है, राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर (आरबीएसबीएस) में कक्षा 12 में पढ़ने वाली तिवारीपुर गांव की एक छात्रा ने गांव से कुछ दूर जयरामपुर पुल से सरांय नदी में छलांग मारकर अपनी जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि उसकी बहन का कुछ लोग पीछा करते थे, जिससे क्षुब्ध होकर उसने ऐसा कदम उठाया, पुलिस का कुछ और ही कहना है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों खुद को कैप्टन बताने वाले सेना के सिपाही अजय सिंह पुत्र गोकरन सिंह निवासी लोधपुरवा थाना संदना, मृतका के गांव के ही संजय तिवारी उर्फ अमन तिवारी, ललित यादव निवासी शिवपुरी और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग के अलावा तीन अन्य आरोपियों के विरूद्ध धारा 306, 354डी, 7/8 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मृतका की बहन के मुताबिक पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन अब दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग कर रही है। राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर (आरबीएसबीएस) के प्रधानाचार्य शाकिब जमाल अंसारी ने बताया कि छात्राओं के परिजनों ने उन्हें भी जानकारी नहीं दी। प्रधानाचार्य का कहना है कि कोविड काल के दौरान ऑनलाइन शिक्षा जब शुरू हुई उस समय एंड्रॉयड फोन का प्रयोग छात्र-छात्राओं ने करना शुरू किया उसके बाद एक-दूसरे के नंबरों का आदान-प्रदान हुआ। अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए कि उनके बच्चे मोबाइल पर किससे बात कर रहे हैं, किससे चैट कर रहे हैं। फिलहाल छात्राओं के मामले में उनके स्कूल के छात्र की संलिप्तता नहीं मिली है। कमलापुर के आरबीएसबीएस कॉलेज में करीब 2200 छात्र और 1300 छात्राएं अध्यनरत हैं, फिर भी तीन छात्राओं के आत्महत्या का मामला मीडिया के जरिए सबसे पहले 19 दिसम्बर को सामने आ सका। स्थानीय अखबारों में खबर आने के बाद भी पुलिस हरकत में नहीं आयी, धीरे-धीरे मामला तूल पकड़ने लगा, राजधानी से मीडिया कर्मियों ने छात्राओं की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करना शुरू किया तब पुलिस 25 दिसम्बर को एक्शन मोड में आयी, जबकि 24 दिसम्बर को इसी कॉलेज की एक अन्य छात्रा और एनसीसी की कैडेट ने अपनी नस काट ली। इस मामले में फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन तीन छात्राओं के मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई जरूर की गयी है। बावजूद इसके कमलापुर में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। अब देखना होगा कि इन पर विराम कब तक लगेगा।

## कमिश्नर के आदेश पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बरेली ।** बरेली कमिश्नर संयुक्ता समद्दार के आदेश पर आज नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया,इस अभियान के दौरान अतिक्रमण कर रहे लोगों का अतिक्रमण फैलाने वाला समान जब्त किया गया।बरेली के नावेल्टी चौराहा से रोडवेज , सिक्लापुर चौराहा , नगर निगम के पीछे की मार्किट होते हुए पटेल चौक तक बरेली कमिश्नर संयुक्ता समद्दार के आदेश पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण जैसे ठेला फड़ इत्यादि को जब्त कर लिया गया साथ ही अतिक्रमण फैला रहे दुकानदारों ने दुकान के बाहर रखे सामान को अतिक्रमण हटाने आई टीम को देखते ही हटा लिया। वहीं दुकान के बाहर बनाई गई अलमारी को टीम ने हथौड़ों से तोड़ा। दुकानदारों को ताकीत की गई कि यदि अब उनका सामान दुकान से बाहर पाया गया तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बरेली ।** स्कूटी सवार युवक को पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दो लोगों को मामूली चोटें आई घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला रफियाबाद स्थित गढ़ी पुलिस चौकी के पास रहने वाले राम कुमार के 30 वर्षीय बेटे दीपू को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दीपू के पिता ने बताया कि वह एक तेल कंपनी की एजेंसी पर काम करता है और कल रात में एजेंसी बंद होने के बाद वह अपने दोस्तों गोविंदा और राजू के साथ स्कूटी से घर वापस लौट रहा था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद ही पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके दोस्तों को मामूली चोट आई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर उसके घर वालों को सूचना दे दी ।

## सड़क दुर्घटना में पीआरडी जवान की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार पीआरडी के जवान को तेजी से आ रहे टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव निवरिया निवासी 50 वर्षीय मुरारीलाल पुत्र सोहनलाल कि कल शाम फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव जेड में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुरारीलाल कल शाम को ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने घर वापस लौट रहा था इसी दौरान रास्ते में तेजी से आ रहे एक टैंकर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे टैंकर और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंकर और उसके चालक को कब्जे में लेकर मृतक के घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक की पत्नी का नाम लज्जावती है वह 4 बच्चों का पिता था।

## खड़े ट्रक में घुसा दूसरा ट्रक चालक की मौत

**बरेली।** कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़े एक ट्रक ने पीछे से आ रहा ट्रक घुस गया और उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया खेतल निवासी 45 वर्षीय करीम खान पुत्र छोटे खा कि कल सुबह भोजीपुरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर हुई दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कलीम ट्रक चालक था और कल सुबह वह अपने ट्रक को लेकर भोजीपुरा से होकर गुजर रहा था लेकिन कोहरे के चलते इसे सड़क किनारे खड़ा दूसरा ट्रक दिखाई नहीं दिया और उसका ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम खुशनसीब है।

## मनोना धाम श्री खाटू श्याम जी मंदिर के महंत पहुचे बरेली हुआ स्वागत

**बरेली।** मशहूर मनोना धाम श्री खाटू श्याम जी मंदिर आंवला के महंत पूजनीय ठाकुर ओमेंद्र पाल सिंह जी अपने शाहजहांपुर प्रवास के उपरांत आज बरेली पहुंचे और शहर के एक निजी होटल में कुछ देर रुके जहां काफी भक्तों ने उनका भव्य स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए महाराज जी ने बताया कि तिलहर शाहजहांपुर में प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए एक मंदिर हटाया जा रहा है जिसको देखने गए थे, लौटते समय बरेली में उन्होंने प्रेसवार्ता की और सबके सवालों के जवाब दिए। मनोना धाम में हो रहे चामत्कारिक घटनाओ पर कहा कि प्रभु पर अडिग विश्वास ही कृपा का पात्र बनाता है, आप सबका धाम पर विश्वास ही उनका कृपा पात्र बनाता है। इस दौरान इनर स्माइल केयर के निदेशक व लाइफआर्ट एक्सपर्ट विशेष कुमार, व्यवस्थापक महेश कठेरिया, सुमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सभी पात्र किसानों का किया जाए फसली बीमा

● डीएम अनुज सिंह ने 31 दिसंबर तक कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

●कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को ऋण जमा अनुपात बढ़ाने को कहा

●वार्षिक ऋण योजना में कम प्रगति को डीएम ने बताया चिंताजनक

संवाददाता। सीतापुर

**वार्षिक ऋण** योजना में कम प्रगति पाए जाने पर डीएम अनुज सिंह ने चिंता जाहिर की। समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के निर्देष दिए। डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक करते हुए सभी बैंको के व्यवसाय वृद्धि को देखते हुए 60 प्रतिशत से कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंको ऋण जमा अनुपात बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने फसली बीमा पर विशेष बल देते हुए बैंको को निर्देशित किया कि सभी पात्र किसानों का फसली बीमा 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व कर लिया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की भूलेख पर दर्ज करने हेतु लंबित सभी बैंको को सूची अग्रणी बैंक कक्ष को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने समीक्षा के दौरान के0सी0सी0 मत्स्य एवं पशुपालन के आवेदन पत्रों में गुणवत्ता हेतु सम्बंधित विभाग एवं त्वरित निष्पादन हेतु सभी बैंको को निर्देशित किया। डीएम ने पी0एम0 स्वनिधि में जिन बैंको की प्रगति कम है को ससमय वार्षिक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिला अग्रणी प्रबंधक ने सभी बैंको की तरफ से आशान्वित किया कि जिले के अधिकारियों व बैंको में समन्वय बनाते हुए सभी लक्ष्यों को सममय प्राप्त कर लिया जायेगा। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक सीतापुर, प्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, विकास विभाग से सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त बैंको के जिला समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।

## बंगो ने पुलिस के सामने की मारपीट

**बरेली ।** कहने को तो पुलिस सुरक्षा के लिए होती है परंतु जब दबंग पुलिस की मिलीभगत से पुलिस के सामने ही किसी पर जानलेवा हमला करते हुए उसे लहूलुहान कर दें तो ऐसी पुलिस का क्या फायदा बताते चलें मामला है फतेहगंज पूर्वी के ग्राम रधौली कला का जहां के रहने वाले जय दयाल पुत्र भगवानदास ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 25 दिसंबर की शाम लगभग 7. 00 बजे वह अपने नाती विरेश के साथ गेहूं की फसल को देखने खेत पर गया था तभी आरोपियों ने उसको घेर कर मारपीट शुरू कर दी जब पीड़ित अपनी जान बचाकर गांव की तरफ भागा अब आरोपियों ने गन्ना काटने वाले फर्शा एवं लाठी-डंडों से हमला करके लहूलुहान कर दिया जबकि मौके पर पीआरबी भी पहुंच चुकी थी पुलिस के सामने हमला होने के उपरांत भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया और नाती के चार टांके आने के उपरांत भी दरोगा जी के दबाव में डॉक्टर ने धारदार हथियार मेडिकल में नहीं लिखा पीड़ित ने बताया कि आरोपी सारे आम तमंचे लहराते हुए पूरे गांव में तांडव कर रहे हैं और धमकी दे रहे हैं कि अगर मुकदमा लिखवाया तो पूरे परिवार को गोलियों से भून देंगे पीड़ित ने बताया कि नाती की हालत गंभीर बनी हुई है आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के लिए थाने पुलिस को निर्देशित किया जाए।

# सौरभ अग्रवाल को मिला बेस्ट एमएसएमई इन स्कूल अवार्ड

**बरेली।** दिल्ली में हुए एसएमई बिज ग्रांड इवेंट्स एमएसएमई स्टार अवार्ड 2022 में माधवराव सिंधिया स्कूल के प्रबंधक डॉ सौरभ अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने सौरभ को बेस्ट एमएसएमई इन स्कूल एजुकेशन कैटेगरी के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया है।



कार्यक्रम में कई देशों के दूतावासों से जुड़े अधिकारी भी शामिल हुए। डॉ सौरभ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मान पाना एक गौरव भरा पल था। कार्यक्रम में विभिन्न एमएसएमई वर्ग जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, कारपोरेट, आईटी, प्रौद्योगिकी, शिक्षा निवेश, ई-कॉमर्स आदि क्षेत्रों की नामी-गिरामी हस्तियों से संवाद करने का मौका मिला। यह भी एक अनोखा अनुभव रहा। पिछले दिनों ही डॉ सौरभ कुमार अग्रवाल को दिल्ली में नेशनल अचीवर्स अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया था। मशहूर अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा ने उन्हें यह पुरस्कार दिया था। सौरभ को शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने के लिए चुना गया था। सौरभ की अगुआई में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल ने बरेली ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी नाम रोशन किया है। स्कूल को अभिभावकों की बेस्ट रैंकिंग मिली हुई है। इन दिनों स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए अभिभावक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सम्पर्क कर सकते हैं।

# एआरटीओ ने पकड़ी बिना फिटनेस वाली चंडीगढ़-पंजाब जाने वाली तीन बसें

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह से प्राप्त निर्देशों के क्रम में खीरी में सड़कों पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे सड़कों पर फुल फॉर्म में नजर आए। एआरटीओ ने चंडीगढ़ से रूपईडीहा जा रही दो बस सीज की। प्रपत्रों के अवलोकन के दौरान प्रवर्तन दल ने पाया कि दोनो बसों का एक वर्ष पहले फिटनेस खत्म हो चुका था, इनका कर भी बकाया मिला। बसों पर सवार यात्रियों को रोडवेज के जरिए इनके गंतव्य के लिए रवाना किया। एआरटीओ ने बहराइच से पंजाब जा रही एक बस को परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं ज्यादा सवारी बैठाने पर सीज की। लखीमपुर से खीरी मार्ग पर एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने एक ऑटो को बिना फिटनेस संचालन एवं ज्यादा सवारी




बैठाने पर सीज किया। वही लखीमपुर से सिसैया मार्ग पर बिना फिटनेस पर एक मैजिक को सीज कर संबंधित थाने को भिजवाया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने बताया कि बिना फिटनेस के वाहनों का परिचालन नहीं हो सकता।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर बेड, पीकू वार्ड और दवा आपूर्ति की जांची गई सत्यता


संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● ऑक्सीजन, एम्बुलेंस और स्टाफकी उपलब्धता की परखी गई हकीकत

**दुनिया के कई** देशों में बढ़ रहे कोविड के नए वैरियंट से जिला स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। इसी क्रम में कोविड संक्रमण से बचने और लड़ने की तैयारियों पर जनपद स्तर पर मंगलवार को मॉक ड्रिल की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि अब नए वैरियंट को देखते हुए कोविड मरीजों के लिए कुल 420 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसमें -241 बेड आक्सीजन सहित और वार्ड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि -04 स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं। सभी चयनित सीएचसी पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। अगर कहीं कोई कमी दिखती है तो उसको तत्काल पूरी करने की कोशिश होगी। लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में अभी तक 175018 बच्चों ने, 15 से 17 वर्ष के आयु वर्ग में 302780 किशोर किशोरी ने टीका से प्रति रक्षित हो चुके हैं। वहीं 18 से अधिक आयु वर्ग में 2904594, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग में 346190 लोगों के टीका लगवा लिया है। उन्होंने बताया कि 3382392 लोगों ने पहली खुराक लगवाई है और 3240745 लोगों ने दोनों खुराक ले ली हैं। वहीं 917310 लोगों को एहतियाती डोज भी लगाई जा चुकी है।

# पिछड़ा विरोधी है भाजपा:अनुराग

**लखीमपुर खीरी।** निकाय चुनाव में उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ के फैसले के बाद आरक्षण प्रक्रिया को रद्दकर पिछडा आरक्षण को शून्य घोषित करने के फैसले के खिलाफ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि इस फैसले ने भाजपा के चाल चरित्र चेहरा उजागर कर दिया है पिछडों का वोट लेकर पिछडों दरवाजे से पिछडों जातियों का आरक्षण समाप्त कर आरएसएस के असली मनुवादी ऐजेण्डे को लागू करना चाहती है। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा दिखावे के लिए पिछडों के



प्रतीकों का इस्तेमाल कर पिछडों को धोखा देकर उनका आरक्षण हड़प ही है। जिसकी परिणीति निकाय चुनाव में उच्च न्यायालय लखनऊ के आये फैसले ने सामने ला दी है। भाजपा पिछडा विरोधी है, इसलिए बिना आंकडों के फर्जी आरक्षण लागूकर और न्यायालय में सही पक्ष न रखने की वजह से यह फैसला आया है। श्री पटेल ने कहा कि अगर निकाय चुनावों में पिछडों के हकों पर आरक्षण खत्मकर हमला किया गया, तो समाजवादी पार्टी सडकों पर उतर कर इस मुद्दे पर संघर्ष चलायेगी और पिछडा विरोधी योगी भाजपा सरकार को उखाड फेंकेगी।

# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक कुंभी सभागार में महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान एवं डीपीओ संजय निगम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा जी की अध्यक्षता में एवं समिति सचिव प्रदीप कुमार चौधरी की मौजूदगी में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह टास्क फोर्स एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक का आयोजन हुआ।बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण सेवा योजना के तहत ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर 18 वर्ष से कम आयु के शिशु बालक बालिकाओं के लिए बाल संरक्षण, सशक्त संरक्षणत्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन पोषण करने, परिवार की देखरेख पाने, प्रतिष्ठा के साथ रहने, बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाने के उद्देश्य से ब्लॉक व ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। उक्त समितियों का मिशन वात्सल्य योजना के तहत नाम परिवर्तित करते हुए ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति रखा गया है। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने समिति की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए न केवल जरूरी कदम उठा रही बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही है। बैठक में मिशन शक्ति अभियान 4.0'' के अन्तर्गत यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा तथा दहेज, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जागरूकता पैदा करना, आत्मरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना, सुरक्षा शपथ तथा उनके प्रति हिंसा/अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट हेतु जागरूकता किया। संरक्षण अधिकारी अनुज कुमार चतुर्वेदी के द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन नम्बर, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपात सेवाएं आदि हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।

# पेज एक का शेष

## यूपी निकाय...

व संवैधानिक प्राविधानों के मद्देनजर यह आवश्यक है कि निकाय चुनाव जल्द करा लिए जाएं। पीठ ने यह भी कहा है कि निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जब डेडिकेटेड कमेटी (समर्पित आयोग) का गठन किया जाए तो वह कमेटी ट्रांसजेंडर्स को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के उनके दावे पर भी विचार करे।

## जरूरत पड़ी...

विकास मंत्री एके शर्मा ने साफ कहा है कि ओबीसी को बिना आरक्षण दिए उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव 2022 नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव-2022 के सम्बंध में तथा ओबीसी आरक्षण को लेकर उच्च न्यायालय में विपक्षियों द्वारा याचिकाएं दाखिल की गयी थी जिसमें आज मंगलवार को उच्च न्यायालय का निर्णय आया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न्यायालय के निर्देशानुसार आरक्षण के सम्बंध में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा करेगी तथा इस सम्बंध में आयोग भी गठित करेगी और ओबीसी को आरक्षण देने के पश्चात ही प्रदेश में निकाय चुनाव की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कानूनी पहलुओं का भी गम्भीरता से अध्ययन किया जायेगा और वकीलों से भी सलाह-मशविरा होगा। एके शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट में दाखिल की गयी याचिकाओं में याचिकाकर्ताओं द्वारा स्वयं भी मांग की गयी थी कि प्रदेश के 2022 के निकाय चुनाव को बगैर ओबीसी आरक्षण के ही पूरा करा लिया जाए, ऐसा आदेश कर दिया जाए। सभी को मालूम है कि निकाय चुनाव के खिलाफ कोर्ट में किस पक्ष के लोगों ने अपील दायर की थी। उन्होंने कहा कि 5 दिसम्बर 2022 को प्रदेश सरकार द्वारा निकाय चुनाव के लिए जारी की गयी अधिसूचना में ओबीसी को सभी पदों पर 27 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया था। इस मामले में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी है।

## पिछड़ा विरोधी...

के समक्ष जानबूझकर तथ्य प्रस्तुत नहीं किये गये। उत्तर प्रदेश की 60 प्रतिशत आबादी को आरक्षण से वंचित कर दिया गया। भाजपा ने मनमानी प्रक्रिया अपने फायदे के लिए ही की थी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने डॉ. राममनोहर लोहिया और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों को आत्मसात करके सदैव सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी है। जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय की मांग की है। भाजपा समाजवादी पार्टी की इस न्याय की लड़ाई से डरी है। भाजपा ने इससे पहले 17 अति पिछड़ी जातियों से भी झूठ बोला है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की पिछड़ा विरोधी नीयत साफ हो गई है। भाजपा जो खुद नहीं कर पाती वह जनहित याचिका के माध्यम से करवाती है। भाजपा का चाल, चरित्र, चेहरा सारी दुनिया के सामने उजागर हो गया है। जो खुद को पिछड़ा वर्ग हितैषी बताते थे वे भाजपा में आज बंधुआ मजदूर की तरह दिख रहे हैं।

## पिछड़ों का...

व मानसिकता को प्रकट करता है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अनुपालन करते हुए ट्रिपल टेस्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को समय से निर्धारित करके चुनाव की प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया जाना था, जो सही से नहीं हुआ। इस गलती की सजा ओबीसी समाज बीजेपी को जरूर देगा।

## ओडिशा में...

मौत दौरा पड़ने के कारण हुई और उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके मित्र पावेल एंटोव व्लादिमीर की मौत के बाद अवसाद में थे और 25 दिसंबर को उनकी भी मौत हो गई।

## कोविड से...

तौर पर सभी कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल करने को कहा है। मॉक ड्रिल में बिस्तरों की उपलब्धता, चिकित्साकर्मियों, रेफरल संसाधनों, जांच की क्षमता, चिकित्सकीय उपकरण एवं अन्य सामान, टेलीमेडिसिन (दूरसंचार एवं डिजिटल माध्यमों की मदद से चिकित्सा सेवा) सेवा और चिकित्सकीय ऑक्सीजन उपलब्धता समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा की जा रही है। मांडविया ने कहा कि हमारे अस्पतालों में तैयारियों का पता लगाने के लिए ड्रिल जरूरी थी। मांडविया ने कहा, पूरी दुनिया में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं और भारत में भी संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि उपकरणों, प्रक्रियाओं और मानव संसाधनों के रूप में कोविड संबंधी पूरा ढांचा पूरी तरह तैयार हो। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में तैयारी अहम है और इस लिहाज से सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पताल भी मॉक ड्रिल कर रहे हैं। मांडविया ने कहा कि प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में मॉक ड्रिल की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने, असत्यापित जानकारी साझा करने से बचने और उच्च स्तर की तैयारियां रखने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में मंगलवार को कोविड-19 के 157 नए मामले सामने आए, वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुछ कम होकर 3,421 हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल और अन्य सरकारी अस्पतालों में ड्रिल की गई और कुछ निजी अस्पताल भी यह कवायद कर सकते हैं।

## कर्नाटक के...

सुनिश्चित किया जाए कि इस मामले को और न भड़काया जाए। हालांकि, कर्नाटक सरकार ने अपनी विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर इससे विपरीत कदम उठाया। भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1957 से ही दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है। कर्नाटक विधानसभा ने महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद पर बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में राज्य के हितों की रक्षा करने और अपने पड़ोसी राज्य को एक इंच जमीन भी न देने का संकल्प व्यक्त किया गया था। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में महाराष्ट्र द्वारा खड़े किए गए सीमा विवाद की आलोचना की गई। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा में मांग की कि इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आने तक 865 गांवों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया जाए। हालांकि, प्रस्ताव में यह मांग शामिल नहीं की गई। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और यह सुनिश्चित करना होगा कि इस मांग को आगे रखते हुए न्यायालय की अवमानना न हो। महाराष्ट्र पूर्ववर्ती बंबई प्रेसीडेंसी का भाग रहे बेलगावी पर दावा करता है, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में मराठी भाषी लोग रहते हैं। वह कर्नाटक के 800 से ज्यादा मराठी भाषी गांवों पर भी दावा करता है। लेकिन कर्नाटक का कहना है कि सीमांकन, राज्य पुनर्गठन कानून और 1967 की महाजन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भाषाई आधार पर किया गया था, जो अंतिम है।

## चीन आठ...

तर्क है कि ओमीक्रॉन स्वरूप डेल्टा स्वरूप जितना घातक नहीं है, जिससे पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर मौतें हुई थीं। क्वांरटीन संबंधी सभी नियमों को समाप्त करने की घोषणा का व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, विशेष रूप से चीन स्थित विदेशी कंपनियों ने इसका स्वागत किया है। लेकिन प्रतिबंध हटाए जाने के समय को लेकर चिंता भी है क्योंकि यह कदम 22 जनवरी को देश के वार्षिक वसंत महोत्सव से पहले उठाया गया है, जिसके दौरान लाखों चीनी यात्रा देश और विदेश में यात्रा करेंगे।

## सड़क हादसे...

ने बताया कि मैसुरु पुलिस अधीक्षक सीमा लटकर ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा किया। अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा, जब वे आए तो सभी की हालात मामूली चोटों के साथ स्थिर थी, उनका तुरंत उपचार किया गया और बिना किसी बड़े रक्तस्राव के खतरे से बाहर हैं। एक्स-रे और सीटी स्कैन किया गया है... केवल बच्चे के बाएं पैर के टिबिया (पिंडली की हड्डी) में एक छोटा सा फ्रैक्चर हुआ है, लेकिन यह बड़ा नहीं है और इसका उपचार किया जा रहा है। मैसूरु-कोडागु निर्वाचन क्षेत्र से सांसद प्रताप सिम्हा ने भी अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि निजी दौरे पर आए परिवार को मामूली चोटें आई हैं और बच्चे को मामूली फ्रैक्चर हुआ है। उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, प्रह्लाद मोदी के चेहरे पर मामूली खरोंच आई है, इसके अलावा कुछ नहीं है, चिंता की कोई बात नहीं है, वह ठीक हैं और बात कर रहे हैं। उनके बेटे को भी मामूली चोटें आई हैं और वह ठीक है। उनकी बहू को एक तरफ की भौंह पर मामूली चोट लगी है, उनका इलाज चल रहा है। सभी ठीक हैं और होश में हैं। बच्चे की बाएं घुटने के नीचे की हड्डी टूट गई है, लेकिन वह स्थिर है। सिम्हा ने कहा कि प्रह्लाद मोदी की बेटी दूसरी कार में थी और वह ठीक है। उन्होंने कहा, निगरानी के लिए, वे (मोदी) आज अस्पताल में रहेंगे।

# जापान के पूर्व मंत्री ने बुन्देलखंड के विकास की गारंटी दी

### ● हेली काप्टर से पहुंचे मंत्री

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में आज शाम जापान सरकार के आईटी के पूर्व मंत्री नौकाजु टेक्कोटो ने हाईटेक कृषि विश्वविद्यालय के लिये भूमि देखने आये इसके बाद वहा पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुये जापानी भाषा में सिर्फ तीस सेकेंड में कहा कि बुन्देलखंड में जापान सरकार व भारत सरकार मिलकर विकास कार्य करेगी। हेलीकाप्टर से बांदा के बबेरु गाव का दौरा करने के बाद क्षेत्र के मोराकादर परसनी, गांव पहुचे जापान के पूर्व मंत्री ने समयाभाव के चलते चंद सेकेंड के उद्बोधन में कहा कि बुन्देलखंड क्षेत्र उन्हे बहुत अच्छा लगा हम सभी लोग यहा पर मिलकर विकास करेगेएताकि यह क्षेत्र चमक सके। उनके साथ जापान सरकार के सलाहकार समिति के सदस्य जावेद खान ने कहा कि एमजे फाउन्डेंशन के अंतर्गत बुन्देलखंड में हाईटेक कृषि विश्वविद्यालय को स्थापित किया जायेगा। उन्होने कई कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना की है। अव बुंदेलखंड में स्थापित किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि उनके सहयोग से वह दिल्ली पहुच गये है वह विकास में अपने जिले व जन्मभूमि के विकास के लिये पूरी तरह संकल्पित है। वह चाहते है कि उनके गांव के अलावा आसपास के गांवों का हरेक क्षेत्र में विकास हो। वह इसके लिये पूरी तरह प्रयासरत रहेगे। इस मौके पर भाजपा के अशोक तिवारी, कृष्णा निषाद, गणेश यादव,शिवनारायण सोनकर,रामदेव सिंह, संतोष गुप्ता ग्राम प्रधान बदलू निषाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में संबोधित करते जापान के पूर्व मंत्री    पायनियर

### सांसद की हो रही है चारों तरफ जय जय कार पहली मर्तवा उतरा है गांव में हेलीकाप्टर

**हमीरपुर।** राज्यसभा सांसद बाबूराम के इस प्रयास को सभी राजनैतिक दल के लोग भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे है। उनके परसनी गांव में ग्रामीणों ने पहली मर्तवा हेलीकाप्टर देखा है,ग्रामीणों को बड़ी उम्मीद दिखायी गयी है। ग्राम प्रधान बदलू निषाद का कहना है कि सांसद के प्रयास से गरीब छात्रों का बहुत भला हो जायेगा लोग कृषि विश्वविद्यालय में चाहकर भी नही पढने बाहर जा पाते थे,यदि विश्वविद्यालय खुलता है तो छात्र यही पर अध्ययन कर सकेगे। गांव के रामबाबू का कहना है कि यह पहला मौका है जब किसी भाजपा नेता इतने कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर लिया है। आज गांव में पहली मर्तवा उच्चाधिकारी व भाजपा नेताओं जमावड़े को देखकर चारों तरफ सराहना की जा रही थी।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान

संवाददाता। कानपुर देहात



**राज्य** स्वच्छ भारत नगरीय के निर्देशानुसार मंगलवार को नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइव अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 30 दिसंबर तक चलाया जाएगा।

प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइव अभियान परिपेक्ष्य में नगर पालिका परिषद पुखरायां द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के अभियान के दृष्टिगत पालिका कर्मचारियों एवं पुलिस बल के साथ नगर के मुख्यमार्ग में अभियान चलाया गया। प्रयोग करते पाये गए दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही की गयी है। अभियान के दौरान मुख्यमार्ग के किनारे किराना दुकान आनंद किराना स्टोर, अबरार, आसिफ आरिफ कल्लू किराना मर्चेण्ट की दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की गयी है। इस सम्बन्ध में पालिका के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि शासन की मंशानुसार नगर क्षेत्र में दिनांक 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक प्रतिदिन नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के अन्तर्गत प्रवर्तन ड्राइव चलायी जाएगी। इस मौके पर पालिका के अतुल पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, अरविन्द पटेल, प्रमोद गुप्ता, दीनदयाल पाल, धर्मेन्द्र पाल, रामकिशोर पुलिस चौकी पुखरायां के सिपाही भी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### आक्सीजन प्लांट का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिये कोरोना से निपटने के दिये आदेश

**घाटमपुर।** मंगलवार दोपहर बाद उप जिलाधिकाकारी अमित ओमर ने घाटमपुर सीएचसी पंहुचे और परिसर स्थित आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर कोविड-19 की चौथी लहर की सभावना को देखते हुए तैयार रहने का आदेश दिया। उनके साथ अपर मुख्य चिकित्साधीकारी डा0 एस0के0 सिंह व चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा भी साथ थें, एसडीएम अमित ओमर ने बताया कि सीएचसी में कोविड से निपटने के लिये घाटमपुर सीएचसी में लेविल-वन का कोविड अस्पताल बनाया गया है जिसकी छमता 50 बेड है। और हर बेड में आक्सीजन पंहुचाने की ब्यवस्था है। आज ( माओजिंग ) मरीज भर्ती करने का रियार्सल कर के देखा गया। माओजिंग प्रक्रिया में सब कुछ ठीक पाया गया।

### रॉयल एकेडमी ने घाटमपुर को आठ विकेट से हराया

**घाटमपुर।** नगर के मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता महा विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शोभिटाल कप टूनामेंट में आज रॉयल एकेडमी ने घाटमपुर इलेविन को 8 बिकेट से हरा दिया, टास जीत कर रॉयल एकेडमी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, मैदान में उतरी घाटमपुर इलेबिन की छीम ने बल्लेबाजी करते हुए 118 रन बनाये जिसमें रितिक सोनकर 32, आनन्द 27 और साहिल ने 18 रनों का योगदान रहा, रॉयल एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सहवाग ने दो बिकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल एकेडमी ने 15 ओवर में ही दो बिकेट खोकर जीत हासिल कर ली, घाटमपुर की ओर से रितिक सोनकर सफल गेंदबाज रहे उन्होने तीन बिकेट लिये, राजेश सोनकर और संदीप सचान के द्वारा समय त्रिवेदी को मैन आफद मैच घोषित किया गया, इसके पहले भूप किशोर ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय कराया। उधर सोमवार को हुए एक मैच में प्रेम एकेडमी ने इलेविन एकेडमी को 63 रनों से शिकस्त दी थी।

### अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**बाँदा।** जिलाधिकारी अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई सए बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियोजन अंतर्गत कार्यों में तथा वादों के निस्तारण में प्रभावी पैरवी करके वादों का निस्तारण किया जाएस उन्होंने निर्देश दिया कि अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए तथा महिला अपराधों के संबंध प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा पैरोंकारो को आवश्यक सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान करते हुए कार्रवाई की जाएसए उन्होंने विभिन्न लंबित वादों का समय से निस्तारण एवं प्रभावी पैरवी कराए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा सहित अभियोजन अधिकारी सहित शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कोरोना के बढ़ते मामले देख स्वास्थ्य महकमा हुआ चौकन्ना

**जालौन (उरई)।** देश में कोरोना का कहर अभी खत्म नहीं हुआ है। कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में कोरोना से निपटने की तैयारियों को परखा। निरीक्षण के उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। कोरोना के कहर को देखते हुए चिकित्सा विभाग सतर्क है। मंगलवार को चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक डॉ. एसके राय, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, एसीएमओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया और अस्तपाल में उपलब्ध आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली। सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने टीम को बताया कि कोरोना के मरीजों के लिए 20 बेड ऑक्सीजन सिलिंडर के साथ तैयार हैं। इसके अतिरिक्त दो बेड बच्चों के लिए भी आरक्षित किए गए हैं। प्रशिक्षण प्राप्त स्टाफभी सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। अस्पताल में ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए 9 बड़े सिलिंडर व 13 छोटे सिलिंडर भरे हुए हैं। इसके अलावा 36 कंसंट्रेटर भी उपलब्ध हैं। किसी भी दशा में ऑक्सीजन की कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 20 बेड के अतिरिक्त वार्ड का भी निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निर्माण अंतिम चरण में हैं। अपर निदेशक ने निर्माणाधीन वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में दरवाजों की चौड़ाई कम मिलने पर उन्होंने निर्देश दिए कि दरवाजों की चौड़ाई कम होने मरीजों को परेशानी होगी। इसके लिए अवर अभियंता से बात कर दरवाजों की चौड़ाई को बढ़वाएं। अंत में उन्होंने महिला प्रसव कक्ष का निरीक्षण और दस्तावेजों के रख रखाव को भी देखा। उन्होंने अस्पताल में सीजेरियन डिलीवरी शुरू करने पर महिला सर्जन डॉ. गरिमा सिंह की सराहना की।

# भाभी से अबैध संबंधों का विरोध करने पर पति ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** भाभी से अबैध संबधो का विरोध करने पर गुस्साए पति ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या ` कर दी। कानूनी शिंकजे में फंस जाने के भय से परिजन घर छोड़ कर भाग गए। यह सनसनीखेज मामला थाना कमालगंज के ग्राम महावीर नगला निवासी ˙ सुरजीत यादव के घर पर हुआ। पत्नी से विवाद होने पर सुरजीत ने आंगन में खड़ी पत्नी ममता को पकड़ लिया और रस्सी से उसका गला घोटकर हत्या कर दी। दम घुटने से उसकी पत्नी ममता जमीन पर गिर गई। पड़ोसी ममता को गंभीर अवस्था में सीएससी कमालगंज ले गए। जहां पर डॉक्टर विकास पटेल ने ममता को मृत घोषित कर दिया।

जनपद एवं कोतवाली कन्नौज के बिछुइया निवासी रामविलास की 22 वर्षीय पुत्री ममता का 20 मई 2022 को थाना कमालगंज के ग्राम महावीर नगला निवासी सुरजीत यादव से विवाह हुआ था। घटना के बाद सुरजीत घर से भाग गया। घर पर रहने वाली भाभी माधुरी का पति अजीत सेना में नौकरी करता है। सुरजीत के पिता रोज की तरह खोए का व्यापार करने कमालगंज बाजार गए थे। वही उनको घटना की जानकारी मिली सुरजीत के पिता बाजार से घर नहीं पहुंचे। बताया गया कि माधुरी कुछ दिन पहले ही मायके गई है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि सुरजीत का अपनी भाभी माधुरी से अवैध संबंध थे। उसकी पत्नी ममता ने इस बात का पति से कई बार विरोध किया था और मायके वालों को भी पति के करतूत की जानकारी दी थी। सुरजीत व माधुरी के अवैध संबंधों के कारण ममता का अक्सर पति से विवाद होता था। एक ही मकान में सुरजीत व उसकी भाभी अलग.अलग हिस्से में रहते हैं। ममता के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में नियमित करें सुधारः जितेन्द्र कुमार

### ● समस्त सीएचसी में टेलीमेडिसिन की सुविधा करे संचालित

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रमुख सचिव,** सामान्य प्रशासन उत्तर प्रदेश पूनर्गठन समन्वय एकीकरण विभाग/जनपद नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद द्वारा 01 अक्टूबर 2022 को जनपद कानपुर देहात के रमऊ में हुए कार्यक्रम एवं कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में हुई बैठक की परिपालन आख्या व दौरे के दौरान प्राप्त शिकायती पत्रों के हुए गुणवत्तायुक्त निस्तारण की समीक्षा की गयी। बैठक में मा0 उप मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में विभिन्न विभागों द्वारा की गयी कार्यवाही की प्रगति का जायजा लिया, जिसमें बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल पंजीकृत 1 लाख 85 हजार 136 के सापेक्ष अभी तक लगभग 1 लाख 65 हजार 510 बच्चों के खाते में चौथे बैच में डीबीटी के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करायी गयी है एवं शेष अभिभावकों के खातों की आधार से शीडिंग सुनिश्चित कराते हुए पांचवें बैच में शत प्रतिशत अभिभावकों के खातों में धनराशि मुहैया करायी जायेगी। उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करने तथा मिल रही धनराशि का उपयोग बच्चों के ड्रस आदि खरीदने में ही किये जाने हेतु प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने पंचायतीराज, खाद्य एवं रसद, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि विभाग के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों के हुए गुणवत्तायुक्त निस्तारण की आख्या मिनट टू मिनट के साथ मुहैया कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी नेहा जैन ने बताया कि जनपद की बेटियां जो आगे बढ़ रही है एवं उच्च शिक्षा प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन कर रही है उनको पहचान दिलाने हेतु गांव की गरिमा कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम रमऊ में बालिका विनामिका के नाम पर विनामिका मार्ग जैसे अन्य ग्रामों में भी मार्गो का नामांकन किये जाने हेतु कार्यवाही संचालित है। उन्होंने गोल्डन कार्ड में जनपद की प्रगति को और आगे बढ़ाने हेतु ग्राम प्रधानों व सचिवों को अपने नियमित कार्यो के साथ ही गोल्डन कार्ड हेतु पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के जल स्तर को बढ़ाने हेतु अमृत सरोवर का निर्माण किये जाने के उपरान्त उसे सुव्यवस्थित रूप से संचालन हेतु आमजनता को सम्मलित कर उसके महत्व को समझाने तथा नियमित साफ सफाई किये जाने हेतु भी प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने 31 दिसम्बर 2022 तक शत प्रतिशत गौवंशों को संरक्षित करने के निर्देशों के क्रम में हुई कार्यवाही तथा गौ आश्रयस्थल के निर्माण व हरे चारे हेतु चिन्हित भूमि पर कृषि के माध्यम से चरी, नेपियर घास, बरसीम आदि के बोये जाने की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में चिन्हित 101 हेक्टेयर भूमि में अभी तक लगभग 32 हे0 भूमि पर नेपियर घास बोयी जा रही है तथा चारागाह की भूमि पर चरी, बरसीम आदि भी बोयी जा रही है। उन्होंने भूसा बैंक के अन्तर्गत दानदाताओं से प्राप्त भूसे की भी समीक्षा की एवं गौवंशों के नियमित रख रखाव, पेयजल एवं खानपान को ध्यान में रखते हुए सर्दी के मौसम के दृष्टिगत त्रिपाल, अलाव, काऊ कोट आदि भी व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने गढ़ढामुक्त सड़कों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत सड़कों का चिन्हित करे गढ़ढ़ामुक्त किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र रनिया में जहरीले पानी का निकास नोन नदी में किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत के निस्तारण की समीक्षा की।

# चौकीदार को बंधक बनाकर सर्राफ की दुकान से बदमाश लूट ले गये लाखों के जेवर व नगदी

संवाददाता। हमीरपुर

**शहर के** मुख्य बाजार सूफीगंज चौराहा स्थित सोमवार रात बदमाशों ने दोनो चौकीदारों को बंधक बनाकर सर्राफ की दुकान से लाखों के जेवर व नगदी उठा ले गये। इस घटना से व्यापारियों में रोष है। पुलिस अधीक्षकक ने एक सिपाही व एक होमगार्ड को निलंबित कर दिया है।



सोमवार रात असलहों से लैस पांच बदमाशों ने शहर के में बाजार में घटना को अंजाम दिया। पुलिस से बेखौफ बदमाशों ने सुभाष बाजार सूफीगंज चौराहा में रात की ड्यूटी कर रहे चौकीदार बिंदा व रामेश्वर को बंधक बनाकर मारापीटा। असलहों से डराया धमकाया। उन्हें बंधक बनाकर बेतवा नदी घाट की ओर ले गए जहां एक बदमाश उनकी निगरानी करता रहा। जबकि अन्य चार बदमाश अली ज्वैलर्स की दुकान की शटर काटकर जेवरातों से भरी तिजोरी ले गए। ज्वैलरी की दुकान आसिफ अली चलाते हैं।चौकीदार ने बताया कि घटना के पूर्व यूपी 112 पुलिस का बाइक सवार सिपाही निकला तो उसे कुछ लोगों के खड़े होने की जानकारी दी, लेकिन वह उधर न जाकर दूसरे रास्ते से निकल गया। इस मामले में व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ धीरू ने कहा अली ज्वैलर्स के यहां दूसरी बार घटना हुई है। कहा यह शहर की में मार्केट है। पुलिस रात में ड्यूटी करने में कोताही बरत रही है। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने काम मे लापरवाही बरतने पर डायल 112 के सिपाही सूरज चौधरी व होमगार्ड अनुरुद्ध को निलंबित कर सीओ सदर को जांच के आदेश कर दिये है। अभी एक हफ्ते पूर्व ही इस स्थान पर शव फेंका गया था। दुकानदार चोरी गए जेवर और नगदी की जानकारी नहीं दे पा रहा है। घटना स्थल पर एसपी शुभम पटेल के साथ अन्य पुलिस अधिकारी जांच पड़ताल में जुटे हैं।

### वादी का फर्जी शपथ पत्र देने वाले पर पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

**जालौन ( उरई )।** आठ माह पूर्व जगतपुरा अहीर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर से कुचलकर 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने कोतवाली में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में ट्रैक्टर चालक के पक्ष में एक व्यक्ति ने वादी के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। पुलिस ने फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा अहीर में अतर सिंह ने अपने साले के 4 वर्षीय पुत्र यश को गोद लिया था। बीती 20 अप्रैल को यश गांव में पंचायत भवन के पास खेल रहा था। तभी गांव में तेजी से ट्रैक्टर चलाकर आ रहे अनुज ने यश को टक्कर मार दी थी। हादसे में यश की मौके पर ही मौत हो गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### डीएम ने कोविड-19 केन्द्र का लिया जायजा

**फतेहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी में महामारी के प्रबंधन हेतु बनाये गए कोविड–19 केन्द्र का मॉकड्रिल व स्वास्थ्य संबंधी सामान्य सुविधाओं का जिलाधिकारी श्रुति ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड–19 महामारी के प्रबंधन हेतु 48 ऑक्सीजन युक्त बेड, 39 ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर पाए गए। निरीक्षण के दौरान पाईप लाइन से ऑक्सीजन की क्रियाशीलता, ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर से ऑक्सीजन की क्रियाशीलता को चलाकर देखा और कोविड प्रबंधन के लिए बनाए गए पीकू वार्ड, ओमिक्रन वार्ड, गर्भवती महिलाओं से सम्बंधी वार्ड, एचडीयू कक्ष, दवा भंडारण कक्ष को देखा। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऑक्सीजन युक्त बेडो की बेडसीट, तकिया, चादर, कक्ष, उपकरणों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जायें। कोविड प्रबंधन में प्रयोग आने वाले सभी उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर ली जाये, यदि किसी भी प्रकार की कोई कमी नही होनी चाहिए। कोविड–19 वैश्विक स्तर की महामारी है। इसके बचाव संम्बंधी सभी कार्य बड़ी संजीदगी के साथ करें, इस कार्य मे लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जद में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टोर रूम में कोविड से सम्बंधित दवाओं की एक रैक बनाकर दवाओं को सुव्यवस्थित रखी जाये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी में सामान्य स्वास्थ्य सुविधाओं संम्बंधी ओपीडी कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, एक्स–रे कक्ष आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर सही नही पाए जाने पर डा0 पंकज अवस्थी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश संबंधित को दिए। डीएम ने ड्रेसिंग बॉक्स में ड्रेसिंग मैटेरियल के रख–रखाव, आईस बॉक्स में इंजेक्शन के रख–रखाव को देखा और पैथोलॉजी में हीमोटाएनालाइजर मशीन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद मरीजो से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, मरीजो द्वारा बताया गया कि अस्पताल से सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है।

# जल शक्ति मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंचाई विभाग के अभियंताओं को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सिंचाई एवम् जलसंसाधन विभाग लखनऊ द्वारा मंगलवार को आयोजित भव्य समारोह में सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वत्रंत देव सिंह द्वारा नहर सफाई कर किसानों को समय से पानी उपलब्ध कराने एवं अन्य कार्यो में अग्रणी रहे प्रदेश भर के अभियंताओं को सम्मानित किया गया। राममनोहर लोहिया प्रेक्षागृह लखनऊ में आयोजित अभियंता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रहे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा प्रदेश के कई जिलों से आए अभियंता गणों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भूरी भूरी प्रसंसा की।साथ ही कहा कि हमारी सरकार किसानों को अच्छी सिंचाई सुविधा प्रदान कर रही है। जहा पर कई वर्षो से किसानों को पानी नहीं मिला है वहा आप सभी ने सरकार के मंशा के अनुरूप दिन रात कड़ी मेहनत कर हमारी गरिमा को ऊंचा किया है।कहा कि ऐसे में हमारा भी कर्तव्य बनता है कि आपको भी सम्मान मिलना चाहिए और इस व्यवस्था को पहली बार लागू किया गया है। इससे आपकी ऊर्जा दुगनी होगी। अच्छी मेहनत से कार्य कर हमारे अन्नदाता को समय से टेल तक पानी पहुंचा कर सरकार की इच्छा के अनुरूप महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं जलशक्ति मंत्री के निर्देशन में वर्ष 2021 एवम 2022 में नहर की सफाई व अन्य कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है तथा समय से किसानों को पानी असमय से मुहैया कराया है। ऐसे ही चित्रकूट जिले के सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार एवं सहायक अभियंता गुरु प्रसाद तथा जूनियर इंजीनियर जय प्रकाश को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने कर कमलों से इन सभी को विभाग में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



# जरूरत पड़ी तो सपा ओबीसी आरक्षण बचाने को करेगी आंदोलन

### ● स्व. सुरेंद्र मौखरी के परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस

संवाददाता। उरई(जालौन)

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि भाजपा के द्वारा खत्म किए जा रहे ओबीसी आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी सुप्रीम कोर्ट तक जाएगी और जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन भी करेगी।

मंगलवार को उरई पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव सबसे पहले विजय विक्रम रिसोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र मौखरी को श्रद्धांजलि दी, जिनका विगत सोमवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से मुलाकात की, साथ ही पार्टी की तरफ से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के उरई आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद वह युवा नेता दीपराज गुर्जर के आवास पर गये। उन्होंने समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव के आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। वह वरिष्ठ सपा नेता अनूप यादव के आवास पर भी गये उनकी पत्नी का कोरोना से निधन हो गया था वहां संवेदना व्यक्त की। हालांकि उनके कार्यक्रम से सुबह से ही जाम की स्थिति का सामना कर रहे राजमार्ग पर चलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना न करने पड़े जिससे पूर्व मंत्री दयाशंकर वर्मा के आवास पर नही जा पाये। हालांकि पूर्वमंत्री दयाशंकर के पुत्र अंकित वर्मा के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं के साथ हाईवे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव दादी, सुरेन्द्र बजरिया, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री नारायणदास अहिरवार, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व मंत्री भगवती सागर, पुष्पेन्द्र सिंह ममना, राजबहादुर पाल हमीरपुर, मुन्न आमीन खान, चुन्ना हुसैन, संजय रेड्डी, शफीकुर्रहमान कश्फी, तेजप्रताप यादव, दीपू त्रिपाठी, चंद्रपाल रूरा, गिल्लू भिटारी, मु. तारिक, शिवेन्द्र सिंह यादव, रविन्द्र यादव, थोपन यादव, नत्थू कुशवाहा, केके प्रजापति, मइयादीन पांचाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव, विवेक यादव, असलम राहिया, सभासद शैलेन्द्र श्रीवास, जीवन बाल्मीकि, दिनेश जैसारी, सिद्धार्थ गौतम, मिर्जा साबिर बेग, विजय शुक्ला,अभिषेक रक्यवार, मोनू यादव, इकबाल मंसूरी, शबीउद्दीन, अनुरूद्ध द्विवेदी, राजपाल जाटव, सत्यम ठाकुर, विमलेश सिंह, गणेशदत्त गिरि, लोचन दाऊ, रामकुमार चौहान आदि सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# यूक्रेन ने रूस के साथ शांति वार्ता की जताई इच्छा

एपी। कीव

**यूक्रेन के विदेश** मंत्री दमित्रो कुलेबा ने सोमवार को कहा कि उनका देश युद्ध खत्म करने के लिए शांति शिखर वार्ता करना चाहता है लेकिन उन्हें रूस के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है।

कुलेबा ने कहा कि उनकी सरकार दो महीने के भीतर शांति शिखर वार्ता चाहती है जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस मध्यस्थ होंगे।उनके इस बयान पर संयुक्त राष्ट्र ने बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है।संयुक्त राष्ट्र के सहायक प्रवक्ता फ्लोरेंसिया सोतो निनो-मार्टिनेज ने सोमवार को कहा, जैसा कि महासचिव ने पहले भी कई बार कहा है, वह तभी मध्यस्थता कर सकते है जब सभी पक्ष ऐसा चाहेंगे। कुलेबा ने कहा कि उनका देश रूस से सीधी बातचीत करने से पहले चाहता है कि मॉस्को युद्ध अपराध न्यायाधिकरण का सामना करे। बहरहाल, उन्होंने कहा कि अन्य देश रूस से बातचीत कर सकते हैं जैसे कि तुर्किए और रूस के बीच अनाज समझौते से पहले हुआ था। इस साक्षात्कार से यूक्रेन की इस दूरदृष्टि का पता चल सकता है कि रूस के साथ युद्ध कैसे खत्म हो सकता है। हालांकि, कोई भी शांति वार्ता होने में महीनों लगेंगे।कुलेबा ने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की पिछले सप्ताह अमेरिका की यात्रा के नतीजों से पूरी तरह संतुष्ट हैं और उन्होंने बताया कि अमेरिकी सरकार ने छह महीने से भी कम समय में देश में पैट्रियट मिसाइल बैटरी को इस्तेमाल में लाने की एक विशेष योजना बनाई है।कुलेबा ने विदेश मंत्रालय में एपी को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन 2023 में इस युद्ध को जीतने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।उन्होंने कहा, हर युद्ध कूटनीतिक तरीके से खत्म होता है। प्रत्येक युद्ध जंग के मैदान और वार्ता की मेज पर लिए गए फैसलों के परिणामस्वरूप खत्म होता है। कुलेबा के प्रस्ताव पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने सरकारी आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी से कहा कि रूस दूसरों द्वारा तय की गई शर्तों पर कभी नहीं चलता। वह केवल अपनी और सामान्य समझ के अनुसार चलता है।

कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन सरकार फरवरी के अंत तक शांति वार्ता शुरू करना चाहेगी। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र इस शिखर वार्ता के लिए सबसे अच्छा आयोजन स्थल हो सकता है क्योंकि यह किसी एक देश का पक्ष लेने वाला नहीं है। यह वास्तव में सभी को वार्ता की मेज पर लाने को लेकर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की भूमिका के बारे में कुलेबा ने कहा, उन्होंने एक प्रभावी मध्यस्थ और वार्ताकार तथा सबसे महत्वपूर्ण, उसूलों पर चलने वाले और ईमानदार शख्स के तौर पर स्वयं को साबित किया है इसलिए हम उनकी सक्रिय भागीदारी का स्वागत करेंगे। तुर्किए तथा सऊदी अरब जैसे दुनिया के अन्य नेताओं ने भी मध्यस्थ की भूमिका निभाने की पेशकश की है।यूक्रेन के खिलाफ रूस का सैन्य अभियान फरवरी से चल रहा है।

## यूक्रेन को अपना असैन्यीकरण करना चाहिए

**कीव,एपी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन को अपना असैन्यीकरण और खुद को नाजीवाद के प्रभाव से मुक्त करना चाहिए, अन्यथा रूसी सेना इस मुद्दे का समाधान करेगी। लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि वे रूस को कमजोर करने के लिए यूक्रेन में युद्ध को हवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने के बाद शुरू हुआ संघर्ष कितना लंबा चलेगा, यह कीव और वाशिंगटन पर निर्भर करता है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी तास से कहा, जहां तक संघर्ष की अवधि की बात है, गेंद यूक्रेन के पाले में है और वाशिंगटन उसके पीछे खड़ा है। लावरोव की टिप्पणी यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा के उस साक्षात्कार के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार चाहती है कि युद्ध समाप्त करने के लिए फरवरी के अंत तक संयुक्त राष्ट्र में शांति शिखर सम्मेलन आयोजित की जाए। इस बीच, यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्रों में मंगलवार को भी भीषण लड़ाई जारी रही। यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हान्ना मालयार ने कहा कि रूसी सेना दोनेत्स्क क्षेत्र में बाखमत शहर की घेराबंदी करने की कोशिश कर रही है। लुहांस्क के गवर्नर सेरहीय हैदई ने कहा कि क्रेमीना शहर के आसपास भीषण लड़ाई जारी है। लावरोव ने कहा कि यूक्रेन को और अधिक पश्चिमी सहयोग एक सीधे टकराव की ओर ले जा सकता है।

# भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने पहली बार मनाया वीर बाल दिवस

भाषा। वाशिंगटन




**भारतीय-अमेरिकी** समुदाय ने यहां पहला वीर बाल दिवस मनाया और 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस साल नौ जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारतीय दूतावास द्वारा सोमवार को यहां अपने परिसर में आयोजित एक समारोह में चारों साहिबजादों के जीवन पर एक डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई गई।प्रभारी राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने अपने बयान में सिख त्योहारों को मान्यता देने वाली भारत सरकार की विभिन्न पहलों को रेखांकित किया।उन्होंने करतारपुर गलियारा खोले जाने का जिक्र किया, जो पाकिस्तान में लाहौर के पास गुरुद्वारा दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले में गुरुद्वारा डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। रंगनाथन ने दुनिया भर में गुरु नानक देव की 550वीं जयंती मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई पहलों, गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के एक विशेष सिक्का तथा एक डाक टिकट जारी करने और पिछले साल अगस्त में पूरे सम्मान के साथ अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के तीन पवित्र स्वरूप वापस लाए जाने का भी जिक्र किया। गुरु गोबिंद सिंह के दो बेटे बाबा अजीत सिंह और जुझार सिंह इस लड़ाई में शहीद हो गए थे, जबकि बाबा जोरावर और फतेह सिंह को जिंदा चुनवा दिया गया था।



सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में (बाएं से) बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको, किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदर जापारोव, राज्य रूसी संग्रहालय के निदेशक व्लादिमीर गुसेव, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायव ने पूर्व सोवियत राष्ट्रों के प्रमुखों की एक अनौपचारिक बैठक के दौरान राज्य रूसी संग्रहालय का दौरा किया

# महिलाओं पर प्रतिबंध हटाए तालिबानः बोल्कर तुर्क

एपी। बर्लिन

**संयुक्त राष्ट्र** के मानवाधिकार प्रमुख ने अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों पर बढ़ती पाबंदियों की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि देश के तालिबान शासकों को इन प्रतिबंधों को तुरंत वापस लेना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने से रोकने के फैसले के भयानक परिणामों की ओर इशारा किया।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने जिनेवा में जारी एक बयान में कहा कि कोई भी देश अपनी आधी आबादी को बाहर कर सामाजिक और आर्थिक रूप से विकास नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, “महिलाओं और लड़कियों पर लगाए गए इन प्रतिबंधों से न केवल सभी अफ़गानों की पीड़ा बढ़ेगी, बल्कि मुझे डर है कि अफ़गानिस्तान की सीमाओं से परे भी एक जोखिम पैदा होगा। तुर्क ने कहा कि महिलाओं को गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने से प्रतिबंधित करना उन्हें और उनके परिवारों को आय से वंचित करेगा तथा उन्हें देश के विकास में “सकारात्मक योगदान” करने के अधिकार से वंचित करेगा।

# इमरान खान की हत्या की कोशिश थी सुनियोजित साजिश : जेआईटी

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पिछले महीने इस्लामाबाद तक मार्च के दौरान हुई हत्या की कोशिश सुनियोजित साजिश थी। यह दावा मामले की जांच कर रही संयुक्त जांच टीम (जेआईटी) ने की है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान पर तीन नवंबर को हमला हुआ था और एक गोली उनके दाहिने पैर में तब लगी जब दो बंदूकधारियों ने उस समय खान और अन्य पर गोली चलाई। गोली तब चलाई गई जब वे लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर वजीराबाद इलाके में कंटेनर ट्रक पर खड़े थे। वह मध्यावधि चुनाव की मांग को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। लाहौर के पुलिस प्रमुख गुलाम महमूद डोगर के नेतृत्व में गठित जेआईटी जांच में सामने आई जानकारी मीडिया से साझा करते हुए पंजाब के गृहमंत्री उमर सरफराज चीमा ने सोमवार को कहा कि खान पर बंदूक से किया गया हमला संगठित और पूर्व सुनियोजित साजिश थी। उन्होंने बताया कि जेआईटी जांच में पाया गया कि एक से अधिक हमलावर थे जिन्होंने 70 वर्षीय खान को रैली में मारने की कोशिश की। चीमा ने बताया कि पुलिस ने मुख्य संदिग्ध मुहम्मद नवीद को गिरफ्तार कर लिया है और वह तीन जनवरी तक पूछताछ के लिए जेआईटी की हिरासत में है। मंत्री ने दावा किया कि नवीद प्रशिक्षित था और अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर मौजूद था। उन्होंने बताया कि नवीद पॉलीग्राफ जांच में असफल रहा। चीमा के मुताबिक नवीद ने पुलिस को बताया कि वह खान की तब हत्या करना चाहता था जब रैली में अजान के लिए तेज संगीत बजाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि नवीद का रिश्ते का भाई मुहम्मद वकास भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश के लिए तीन जनवरी तक जेआईटी की हिरासत में है। वकास ने तीन नवंबर को ट्वीट किया था, आज इमरान खान की रैली में कुछ बड़ा होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि खान ने मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आतंरिक मंत्री राणा सन्नाउल्लाह और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। पंजाब पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी लेकिन खान के आरोप के बावजूद किसी व्यक्ति को नामजद नहीं किया था। खान इस समय स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और लाहौर के जमन पार्क स्थित अपने निवास में हैं।

## क्विक न्यूज

### जापान के प्रधानमंत्री ने दो महीने में चौथे मंत्री को बर्खास्त किया

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने घोटाले के आरोपों से जूझ रहे अपने मंत्रिमंडल की साख में सुधार के प्रयासों के तहत पिछले दो महीने के भीतर मंगलवार को अपने चौथे मंत्री को बर्खास्त कर दिया। घोटाले संबंधी आरोपों के कारण मंत्रिमंडल का चयन करने के किशिदा के फैसले पर सवाल उठ रहे है। फुकुशिमा और अन्य आपदा प्रभावित इलाकों के पुनर्निर्माण के प्रभारी मंत्री केन्या अकीबा पर राजनीतिक एवं चुनावी कोष के दुरुपयोग के आरोप लगे है। अकीबा ने किशिदा से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने बड़ा फैसला किया है और अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने दोहराया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार है। किशिदा ने अकीबा का प्रभार पूर्व पुनर्निर्माण मंत्री हिरोमिची वातनाबे को सौपा है। वातनाबे की नियुक्ति को बाद में आधिकारिक रूप प्रदान किया जाएगा।ऐसा माना जा रहा है कि अकीबा पर लगे आरोपों के कारण अहम बजट विधेयक पर आगामी संसदीय कार्य में बाधा उत्पन्न होने की आशंका के मद्देनजर उन्हे बर्खास्त किया गया। किशिदा ने मंगलवार को आंतरिक मामलों की मंत्री मिओ सुगिता को भी हटा दिया। उन्होंने लैंगिक एवं जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए थे।

### पश्चिमी न्यूयॉर्क में तूफान संबंधी घटनाओं में 28 लोगों की मौत

**बफेलो (अमेरिका)।** पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान संबंधी घटनाओं में 28 लोगों की मौत हो गई। अमेरिका में आए बर्फीले तूफान के चलते देश के कई हिस्सों में भीषण ठंड जारी है। पश्चिमी न्यूयॉर्क में लोगों को भारी हिमपात का सामना करना पड़ रहा है। तूफान और हिमपात ने बफेलो के लिए भी स्थिति कठिन कर दी है।राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, मंगलवार तक पश्चिमी न्यूयॉर्क के कुछ इलाकों में नौ इंच तक बर्फ गिर सकती है। एरी काउंटी के कार्यकारी अधिकारी मार्क पोलोनकार्ज़ ने कहा, यह अभी थमने नही वाला। यह संभवतः हमारे जीवन का सबसे खतरनाक तूफान है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान का जबरदस्त असर देखा गया। बर्फ की मोटी चादर बिछ जाने के कारण मोटर चालक फंसे रहे, बिजली गुल रही और आपातकालीन कर्मचारियों को बर्फबारी से प्रभावित घरों के निवासियों और अटकी कारों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी को ठंड के मौसम संबंधी किसी न किसी परेशानी का सामना कर रही है।

### तूफान की वजह से उड़ानें रद्द करने के मामले में साउथ वेस्ट एयरलाइन की होगी जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि वह साउथ वेस्ट एयरलाइन द्वारा उड़ानों को रद्द करने की जांच करेगा, जिसकी वजह से पूरे देश में लोग बर्फीली तूफान के बीच हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस तूफान में दर्जनों लोगों की मौत हुई है। खराब मौसम की वजह से कई विमानन कंपनियों ने अपनी उड़ानें रद्द की, लेकिन साउथ वेस्ट एयरलाइन इस मामले में आगे रही। विमानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के मुताबिक सोमवार को अमेरिका में करीब चार हजार घरेलू उड़ाने रद्द हुईं, जिनमें से अकेले 2900 उड़ाने साउथ वेस्ट की थी। साउथ वेस्ट की समस्या मंगलवार को भी बनी रही और कंपनी ने चेतावनी दी कि वह आने वाले दिनों भी कम उड़ानों का परिचालन करेगी। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक अमेरिकन, यूनाइटेड, डेल्टा और जेट ब्लू सहित प्रमुख विमानन कंपनियों ने मंगलवार को शून्य से दो प्रतिशत उड़ाने रद्द की जबकि साउथ वेस्ट ने अपनी 62 प्रतिशत उड़ाने रद्द कर दी।

# पीएम शरीफ ने पाक से आतंकवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** हाल में बढ़ी आतंकवादी घटनाओं से जूझ रहे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस समस्या को समाप्त करने का अपना संकल्प दोहराया। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार पर अपने आठ महीने के कार्यकाल में आतंकवाद से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। डॉन अखबार के अनुसार, शरीफ ने अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में सोमवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है और सरकार इसे बहुत जल्द कुचल देगी। उन्होंने कहा कि प्रांतीय सरकारों और सुरक्षा बलों की मदद से सरकार सभी प्रकार के आतंकवाद का सफाया कर देगी।शरीफ ने कहा कि सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए कुछ दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने पिछले हफ्ते अशांत खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में एक सुरक्षा परिसर पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिल दहला देने वाला हमला था। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक सफल अभियान चलाकर परिसर पर कब्जा करने वाले सभी आतंकवादियों को मार गिराया। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) आतंकवादी समूह ने ली है। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री खान ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार पर आतंकवाद पर लगाम लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने लाहौर में अपने निवास पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की बैठक के दौरान दावा किया कि उनकी सरकार ने आतंकवाद को नियंत्रित किया था।

# समुद्र की खतरनाक यात्रा के दौरान 26 रोहिंग्या शरणार्थी मारे गए: संयुक्त राष्ट्र

एपी। पिडी (इंडोनेशिया)

**संयुक्त राष्ट्र** की एक एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि खतरनाक समुद्री यात्रा करते हुए खुले समुद्र में एक महीने के दौरान कम से कम 26 रोहिंग्या मुसलमानों की मौत हो गई, बाकी कुछ अन्य शरणार्थी सुरक्षित इंडोनेशिया पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 185 पुरुष, महिलाएं और बच्चे सोमवार शाम को आके प्रांत के पिडी जिले में तटीय गांव मुआरा तिगा में उजोंग पाई समुद्र तट पर लकड़ी की एक जर्जर नाव से उतरे थे।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कमजोर, थके हुए और मदद के लिए गुहार लगाते रोहिंग्या शरणार्थियों को देखा जा सकता है।स्थानीय पुलिस प्रमुख फौजी ने कहा, वे कुछ सप्ताह तक समुद्र में रहने के बाद पानी की कमी और थकान के कारण बहुत कमजोर हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने कहा कि जीवित बचे लोगों ने एजेंसी को बताया कि इस लंबी यात्रा के दौरान 26 लोगों की मौत हो गई। एक शरणार्थी ने बताया कि वे नवंबर के आखिर में बांग्लादेश में एक शरणार्थी शिविर से निकले थे और खुले समुद्र में यात्रा करते रहे। रोसयिड नामक इस शरणार्थी ने कहा कि कम से कम 20 लोग ऊंची लहरों और बीमारी के कारण मर गए और उनके शवों को समुद्र में फेंक दिया गया।यूएनएचसीआर के अनुसार अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में इस साल 2,000 से अधिक लोगों ने खतरनाक समुद्री यात्राएं की हैं और इनमें करीब 200 की मौत हो चुकी है। एजेंसी को इस तरह की अपुष्ट खबरें भी मिली हैं कि करीब 180 लोगों के साथ एक और नौका लापता है और माना जा रहा है कि सभी यात्री मारे जा चुके हैं। म्यांमा के रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए काम करने वाली संस्था अराकान प्रोजेक्ट में निदेशक क्रिस लेवा ने कहा कि लोगों की आमद के ताजा मामले रोहिंग्या के उन पांच समूहों के हैं जो स्थानीय तटरक्षकों द्वारा हिरासत में लिए जाने से बचने के लिए बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शरणार्थी शिविरों से छोटी नौकाओं पर सवार होकर निकले थे। इसके बाद उन्हें पांच बड़ी नौकाओं पर भेजा गया। म्यांमा के सुरक्षा बलों पर अल्पसंख्यक रोहिंग्या मुस्लिमों के घरों को जलाने, सामूहिक नरसंहार और दुष्कर्म के आरोप लगते रहे हैं। अनेक शरणार्थी समुद्री रास्ते से मलेशिया आते रहे हैं लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

# ताइवान अनिवार्य सैन्य सेवा को बढ़ाकर एक साल करेगा

**ताइपे, एपी।** ताइवान अनिवार्य सैन्य सेवा को बढ़ाकर एक साल करेगा। ताइवान के राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने मंगलवार को कहा कि देश के नागरिकों के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि को 2024 से चार महीने से बढ़ाकर एक साल करने का फैसला किया गया है।

गौरतलब है कि 1949 में गृहयुद्ध के बाद चीन से अलग हुए ताइवान पर चीन अब भी अपना दावा करता है। इस स्वायत्त क्षेत्र में चीन द्वारा अतिक्रमण का दशकों पुराना खतरा 2016 में चीन द्वारा द्वीपीय देश के साथ संवाद बंद करने के बाद से और बढ़ गया है। ताइवान में अनिवार्य सैन्य सेवा का यह नया नियम 2005 के बाद जन्मे पुरुषों पर लागू होगा और यह एक जनवरी, 2024 से शुरू होगा। वहीं, 2005 से पहले जन्मे लोगों के लिए पुरानी चार महीने की सैन्य सेवा अनिवार्य होगी।

# महारानी एलिजाबेथ से सना मारिन तक, राजनीति में महिलाओं को सदा पूर्वाग्रह झेलना पड़ा

द कन्वरसेशन। लंदन

**दो देशों के** प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए होने वाली बैठक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सामान्य कवायद है। लेकिन न्यूज़ीलैंड की जैसिंडा अर्डर्न और फ़िनलैंड की सना मारिन को हाल ही में हुए एक शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए सफाई देनी पड़ी, जब एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या उनमें मुलाकात हुई क्योंकि वे दोनों युवा, महिला नेता हैं।

प्रधानमंत्रियों के रूप में, अर्डर्न और मारिन ने वास्तव में राजनीति में बाधाओं को तोड़ा है। लेकिन इस सवाल में उनके प्रति जो पूर्वाग्रह प्रदर्शित किया गया, उनका एक लंबा इतिहास रहा है। युवा महिलाओं को हमेशा अपने अनुभव और शासन करने की क्षमता के बारे में संदेह का सामना करना पड़ा है।यह दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बारे में भी सच था। 70 वर्षों तक साप्ताहिक निजी सत्रों में 15 प्रधानमंत्रियों से पूछताछ करने से निश्चित रूप से उन्हें सरकार की चुनौतियों के बारे में जानकारी मिली। लेकिन जब उन्होंने पहली बार गद्दी संभाली, तो इतिहासकार केट विलियम्स के अनुसार, विंस्टन चर्चिल ने सोचा कि वह “सिर्फ एक बच्ची” है और इस भूमिका के लिए बहुत अनुभवहीन है। हमें यह सोचकर आश्चर्य होगा कि क्या उन्होंने 25 वर्षीय राजा के बारे में भी ऐसा ही कहा होता।ब्रिटेन के समाज का उम्र के साथ एक जटिल रिश्ता है। वृद्ध लोगों को बुद्धिमान और अनुभवी के रूप में देखा जाता है, लेकिन संपर्क से बाहर और मानसिक और शारीरिक रूप से गिरावट में भी। युवा लोगों को आविष्कारशील लेकिन अविश्वसनीय या यहां तक कि लापरवाह के रूप में देखा जाता है।बेशक ए केवल सामान्ईकरण हैं। लेकिन उनका अभी भी कार्यस्थलों और राजनीतिक संस्थानों पर प्रभाव है, जिससे वृद्ध लोगों के लिए खुद को विशेषज्ञों के रूप में स्थापित करना आसान हो जाता है। यह आंशिक रूप से इस कारण से है कि ब्रिटेन की संसद में वृद्ध लोगों का वर्चस्व बना हुआ है।हाउस ऑफ लॉर्ड्स में यह निश्चित रूप से सच है, जहां 92 वंशानुगत पद हैं। वंशानुगत राजनीतिक पद अत्यंत जोखिम भरे और निश्चित रूप से अनुचित हैं। वे परिवारों की एक छोटी संख्या और विशेष रूप से पुरानी पीढ़ी को विशेषाधिकार देते हैं क्योंकि आप केवल तभी पात्र बनते हैं जब आपसे पहले समकक्ष (आमतौर पर आपके माता-पिता) मर जाते हैं।बाकी सदस्यों को उनके करियर को स्थापित करने के बाद नियुक्त किया जाता है, इसलिए हाउस ऑफ लॉर्ड्स में शुरूआत करने तक उम्र ज्यादा हो जाती है। इस साल औसत उम्र 71 थी। उम्र के लिहाज से हाउस ऑफ कॉमन्स थोड़ा युवा है - 2019 में सांसदों की औसत आयु 51 थी। पिछले 50 वर्षों में, हमने 60-69 आयु वर्ग के सांसदों की संख्या में 105 तक की वृद्धि देखी है। हालांकि 18-29 के बीच की आयु वाले भी बढ़े, लेकिन इस वर्ग में अब भी केवल 21 सांसद हैं।

## ब्रिटेन की संसद में युवतियां

**हाउस ऑफ** कॉमन्स में कुछ युवा लोगों को संरक्षण प्राप्त है, विशेषकर महिलाओं को। उनके प्रति लापरवाह होने का पूर्वाग्रह शत्रुता के रूप में कायम है।दशकों से, सांसदों और अश्वेत सदस्यों (विशेष रूप से महिलाओं) ने मुझे साक्षात्कार में बार-बार बताया है कि सुरक्षा अधिकारी और यहां तक कि अन्य राजनेता भी समझते हैं कि वे कर्मचारी या आगंतुक हैं। यदि आप पहले से ही इम्पोस्टर सिंड्रोम से जूझ रहे हैं, जो कि कई राजनेता करते हैं, तो कल्पना करें कि यह कितना अटपटा है, जब लोग यह मान लेते हैं कि आप वह नहीं हैं, जो दरअसल आप हैं।राजनीति में युवा महिलाएं भी अक्सर भयानक ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार होती हैं।सदन में 2018 में महिलाओं के प्रति द्वेष को घृणा अपराध मानने के लिए बहस में, 20 वर्ष की आयु में चुनी गई सबसे कम उम्र की सांसद म्हैरी ब्लैक ने स्पष्ट किया: “इसे नरम शब्दों में नहीं बताया जा सकता कि दुर्व्यवहार कितना कामुक और गलत है ... मुझे कई बार यह आश्वासन दिया गया कि मुझे चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि मैं इतनी बदसूरत हूं कि कोई भी मेरा बलात्कार नहीं करना चाहेगा। ये सभी अपमान मेरे लिए तैयार किए गए हैं क्योंकि मैं एक महिला हूं।यहां तक कि जब दुर्व्यवहार हिंसक के बजाय संरक्षण दे रहा हो, तो यह गंभीर रूप से कमतर हो सकता है। अर्डर्न के साथ अपनी मुलाकात के कुछ ही महीने पहले, फ़िनलैंड की नेता मारिन (37 साल की उम्र में, दुनिया के सबसे कम उम्र के शासन प्रमुखों में से एक) की एक वीडियो को लेकर आलोचना की गई थी, जिसमें वह नाचते और गाते हुए दिखाई दे रही थी।अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और राजनीतिक दबाव के कारण मारिन ने ड्रग्स टेस्ट कराया (यह नकारात्मक था)। फिर भी, उनके व्यवहार को युवाओं की गैरसंजीदगी से जोड़कर देखा गया।सभी राजनेता हानिकारक सामग्री लीक करने वाले विरोधियों के प्रति संवेदनशील होते हैं, लेकिन इस आलोचना की विशिष्टता को उनके एक युवा महिला होने के कारण महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया गया था। यह संभवतः इस पूर्वाग्रह के साथ कि युवा महिलाएं मस्तीखोर और लापरवाह होती हैं। राजनीति गंभीर है, और अभी भी दुनिया भर के अधिकांश देशों में इसे पुरुषों के क्षेत्र के रूप में देखा जाता है।

## संसदों में पक्षपात

**समाजशास्त्री निर्मल** पुवार ने बताया है कि महिलाओं - विशेष रूप से युवा, अल्पसंख्यक जातीय और कामकाजी वर्ग की महिलाओं - को उन राजनीतिक स्थानों में आक्रमणकारियों के रूप में देखा जाता है, जिन पर सदियों से गोरे पुरुषों का कब्जा रहा है। उम्र और लिंग के आसपास सामाजिक असमानताएं अक्सर संसद जैसे स्थानों में बढ़ जाती हैं, जहां प्रतिनिधि तीव्र शक्ति संघर्ष में संलग्न होते हैं। इन मुद्दों पर आधारित पूर्वाग्रह का उपयोग राजनीतिज्ञों (और उनके समर्थकों) द्वारा एक दूसरे को संरक्षण देने, आरोप लगाने और बहिष्कृत करने के लिए एक हथियार के रूप में किया जाता है।लेकिन पूर्वाग्रह के विपरीत - सामान्य भावना, साझा अनुभव - इसका जवाब हो सकता है। मारिन के साथ एकजुटता में, फ़िनलैंड और डेनमार्क की महिलाओं ने खुद के नाचते हुए वीडियो अपलोड किए, जो महिलाओं के प्रति द्वेष और उग्रवाद का जवाब था, जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

**Public Notice**

My client Shri Ram Lals/o Late Shiv Lal r/o 603, Sunlight Colony-II, New Delhi-110014, hereby disown his (1) grand-son Shri Tarun Kumar s/o Shri Harbans Lal, (2) grand-daughter-in-law Smt. Anita, w/o Shri Tarun Kumar, both r/o 619, Sunlight Colony-II, New Delhi-110014, and debar them from inheriting any share in entire property No.619, Sunlight Colony-II, New Delhi-110014, belonging to my client, as my client Shri Ram Lal has already transferred the said property in favour of his son Shri Harbans Lal. Anyone dealing with the said Shri Tarun Kumar & Smt. Anita will be doing so at his own risks and consequences.

Kapil Gupta, Advocate
5/25-A, Jangpura-B, New Delhi-110014

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Nita Parti has acquired the Ground Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Property Bearing No. F-271 Land area measuring 125 Sq. yds. Situated in the Layout Plan of New Rajinder Nagar, New Delhi vide Relinquishment Deed dated 14.01.2013, Doc no. 254. Now, Mrs. Nita Parti is intending to sell above said property to Mr. Lakshay Raheja, Mr. Mohinder Raheja and Mrs. Sunita Raheja and further Mr. Lakshay Raheja, Mr. Mohinder Raheja and Mrs. Sunita Raheja are mortgaging the above said property with RBL Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Unit No. J1-603 was allotted to Mr. Gaurav Sharma, Unit No. E-1401 was allotted to M/s Better Option Propmart Private Limited, Unit No. L-1607 was allotted to Mrs. Mridula Sharma & Mr. Kishor Kumar Kaushik, Unit No. L-1707 was allotted to Mr. Rajendra Kumar Mishra & Ms. Meenakshi Mishra, Unit No. G-2001 was allotted to Mr. Sanjay Kumar in project Blossom County (Logix Infrastructure) Plot No.02, Sector 137, Noida Expressway, Noida 201305. Pursuant to repeated reminders the allottees has defaulted in making payments and taking possession of the said unit.

This to intimate that in case nothing is heard from the concerned allottees within 2 working days of this public notice, the unit's shall stand cancelled without any right or lien of the allottees and Logix shall be free to deal with the said unit's.

For Logix Infrastructure Pvt. Ltd.
Authorised Signatory
Contact No. 8595791125

**सार्वजनिक सूचना**

बिहार बंधु कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड,फ्लैट न०3 पाकेट-5 DDA फ्लैट सैक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-110075

डी.सी.एस. नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार बंधु कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के निम्न सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है 1. श्री महेश चंद्र पंत (सदस्य सं. 129) 2. श्रीमती अंशू शर्मा (सदस्य सं.237). इन दोनो को इनकी सभी प्रकार की जमा राशी इन्हें लौटा दी गयी हैं,यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो आर.सी.एस, संसद मार्ग, नई दिल्ली या सोसायटी आफिस फ्लैट न०3 पाकेट-5 DDA फ्लैट सैक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-110075 में इस नोटिस के छपने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

सचिव-बिहार बंधु सी.जी.एच.एस लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Rama Chauhan W/o. Mr. Arun Kumar Chauhan** who is/are purchasing the Fourth Floor, built up on Eastern Side Portion, area measuring 75 Sq Yds., part of Property bearing Municipal No.XV/1980, 1981, 1983 & 1984, Ward No. XV, comprised in Khasra No.375 (743/218/216) and 376 min, situated at Chuna Mandi, Pahar Ganj, New Delhi-110055; from (1) Mr. Anil Kumar and (2) Mr. Parveen Kumar both S/o Late Mr. Ramesh Chand vide Relinquishment Deed dated 08.10.2018, vide Document No.9221, registered with the office of Sub-Registrar-III, Asaf Ali Road, Delhi, registered on 15.10.2018 and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/ title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy, New Delhi-110049 Contact: 011-40046316, 41667327

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Rashmi Kaushik** claims to be owner and in possession of Flat no. 1220 on G.F in G T B Enclave, Nand Nagri,Illaqa, Shahdara,Delhi-110093 **(hereinafter called the said property)** by virtue of Relinquishment Deed **Dated 04.07.2018, Initially** Ravi Parkash Kaushikwas the Owner of said property by virtue Conveyance Deed executed by POI registered vide Doc No.5881and after the death of said Ravi Parkash Kaushik, legal heirs of late Ravi Parkash Kaushik had executed a relinquishment deed same is registered vide Doc no 3950 SR IV A Shahdara in favor of **Rashmi Kaushik** and Said **Rashmi Kaushik** has agreed to sell the said Property to **Naveen Kumar & Chanchal Upadhyay** and Said Naveen Kumar & Chanchal Upadhyayhas agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD , Rajendera Place Branch , New Delhi**.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

# नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करें : मुर्मू

भाषा। हैदराबाद




**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने मंगलवार को कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए उन्हें नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिए। मुर्मू यहां आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित एक समारोह में केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता भी प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर बच्चों को उनकी किताबों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर ही ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा, मैं हर जगह कहती हूं कि नैतिक शिक्षा को हमारे पाठ्यक्रम, हमारी प्रणाली में जोड़ा जाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि अगर शुरू से ही नैतिक शिक्षा दी जाएगी, तो इससे एक अच्छे समाज का निर्माण करने में मदद मिलेगी। वह एक छात्र के इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि नैतिक मूल्यों के अध्ययन के अभाव में समाज में अवांछित घटनाएं हो रही हैं। अपने भाषण में, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन से महत्वपूर्ण सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षा प्रणाली का निर्माण होगा।

उन्होंने कहा कि यह बदलाव न केवल छात्रों को व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित करेगा, बल्कि राष्ट्र की समग्र प्रगति और विकास में भी योगदान देगा। पढ़ने के महत्व पर जोर देते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि पढ़ने की आदत आत्म-विकास के सबसे प्रभावी साधनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कौशल है, जो जीवन भर छात्रों की मदद करेगा। राष्ट्रपति ने कहा, यह इंटरनेट और सोशल मीडिया का युग है, जिसमें ध्यान देने की अवधि कम होती जा रही है और पात्रों में संचार सीमित है, मैं आपसे अपनी समझ को बेहतर बनाने एवं अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए और अधिक पढ़ने का आग्रह करूंगी। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और अन्य लोग उपस्थित थे।

## डाकघर की जमीन को बेचने की तैयारी, प्रशासन ने फेरा भू माफियाओ के मंसूबों पर पानी

**मुज़फ्फपुर।** बिहार के मुज़फ्फपुर जिले में सरकारी जमीन पर बने एक डाकघर की जमीन का भू-माफिया द्वारा करोड़ों रुपए में सौदा तय कर लिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। मुज़फ्फपुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी (पश्चिमी) बृजेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में सहायक निबंधक ने स्थानीय अंचलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी जिसके बाद तत्काल प्रभाव से इस बिक्री पर रोक लगाई गई। मुजफ्फरपुर के मोतीपुर बाजार स्थित डाकघर की 26 डिसमिल जमीन को भूमाफिया अब्दुल रहीम ने करीब पांच करोड रुपए में बेचने का असफल प्रयास किया था लेकिन उसे जमीन बेचने में सफलता नहीं मिली। उक्त जमीन डाक विभाग की है और डाक विभाग के नाम से उसकी जमाबंदी कायम है। 70 के दशक में इस डाकघर में आग लग गई थी जिसमें कई कागजात जलकर खाक हो गए थे और उक्त डाकघर को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया था।



नागपुर में महा विकास अघाड़ी के विधायक महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विधान भवन के सामने मंजीरा बजाकर प्रदर्शन करते हुए।

## गृह मंत्रालय ने उप्र के दो स्थानों के नाम में बदलाव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की सिफारिशों के बाद राज्य के दो स्थानों के नाम बदलने पर अपनी सहमति दे दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर जिले में नगर पालिका परिषद मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरी-चौरा और देवरिया जिले के तेलिया अफगान गांव का नाम बदलकर तेलिया शुक्ला करने के लिए मंत्रालय ने अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया है। गृह मंत्रालय नाम परिवर्तन के प्रस्तावों पर संबंधित एजेंसियों के परामर्श के बाद मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार विचार करता है। गृह मंत्रालय किसी भी स्थान का नाम बदलने के लिए रेल मंत्रालय, डाक विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सहमति लेने के बाद अनापत्ति प्रमाणपत्र देता है। किसी गांव, कस्बे या शहर का नाम बदलने के लिए कार्यकारी आदेश की आवश्यकता होती है।

## धर्मांतरण संबंधी राज्यों के कानूनों के विरुद्ध याचिकाओं पर दो को सुनवाई

**नई दिल्ली।** अंतरधार्मिक विवाह के कारण होने वाले धर्मांतरण का नियमन करने वाले राज्यों के विवादास्पद कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय दो जनवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ अधिवक्ता विशाल ठाकरे और एनजीओ सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस की जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

उच्चतम न्यायालय जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसे उसने पिछले साल याचिकाओं में पक्ष बनने की अनुमति दी थी। संगठन ने दावा किया था कि देशभर में इन कानूनों के तहत बड़ी संख्या में मुस्लिमों को परेशान किया जा रहा है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक केंद्र या किसी राज्य ने कोई जवाब नहीं दिया है, जिन्हें वाद में पक्ष बनाया गया है।

शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी, 2021 को एनजीओ को अनुमति दी थी कि हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश को उसकी लंबित याचिका में पक्षकार बनाया जाए। इस याचिका के माध्यम से अंतरधार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण पर नियंत्रण वाले राज्यों के विवादास्पद कानूनों को चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत ने छह जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के ऐसे कुछ नए कानूनों का परीक्षण करने पर सहमति जताई थी।

हालांकि, उसने कानूनों के विवादास्पद प्रावधानों पर रोक लगाने से मना कर दिया और याचिकाओं पर हिमाचल प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की सरकारों को नोटिस जारी किए। एनजीओ ने पिछली सुनवाई में कहा था कि हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों को उसकी याचिका में पक्षकार बनाया जाए, क्योंकि उन्होंने भी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की तर्ज पर कानून बनाए हैं।

# गांधी परिवार भारतीय राजनीति का सबसे भ्रष्ट परिवार : भाजपा

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की, भूमि खरीद प्रकरण से जुड़े एक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को गांधी परिवार को कट्टर पापी परिवार और भारतीय राजनीति का सबसे भ्रष्ट परिवार करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी को वाड्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए क्योंकि यह मामला उस समय का है जब उनकी पार्टी हरियाणा और राजस्थान के साथ साथ केंद्र की सत्ता में भी थी। कांग्रेस दावा करती रही है कि वाड्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने वाड्रा और उनकी मां से जुड़ी एक कंपनी (स्काईलाइट हॉस्पिटेलिटी) द्वारा बीकानेर में कथित संदिग्ध तरीकों से जमीन खरीदने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पिछले सप्ताह खारिज कर दी थी। भाटिया ने आरोप लगाया, यह भारत का कट्टर पापी परिवार है। इसका एकमात्र काम भ्रष्टाचार करना और वाड्रा को सौंपने के लिए जमीन हड़पना है। उन्होंने वाड्रा के खिलाफ बदले की भावना से कार्वाई के कांग्रेस के दावे को भी खारिज कर दिया और कहा कि यह न्यायपालिका पर आक्षेप लगाने जैसा है, जिसने वाड्रा के खिलाफ आरोपों को खारिज करने से इनकार कर दिया है।

उन्होंने कहा, वे भारतीय राजनीति में सबसे भ्रष्ट परिवार हैं। परिवार के तीन सदस्य भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर हैं। भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाली सरकार के लिए यह चिंता का गंभीर विषय है। भाटिया का इशारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की ओर था।

भाजपा प्रवक्ता ने राजस्थान में वाड्रा के खिलाफ मामले का हवाला देते हुए कहा कि 2008-13 के बीच वहां कांग्रेस की सरकार थी और इस दौरान उसने जमीन अधिग्रहित की और उसे ऐसे लोगों के नाम आवंटित किया जिनका अस्तित्व ही नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी इकाइयों से जुड़े लेन-देन के माध्यम से जमीन का एक बड़ा हिस्सा उस कंपनी के स्वामित्व में चला गया, जिसमें वाड्रा और उनकी मां साझेदार थे।

## तमिलनाडु सुरक्षित हाथों में नही सत्ता बदलना बेहतर: नड्डा

**कोयंबटूर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को सत्तारूढ़ द्रमुक पर अकेले एक परिवार के हितों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जितना सुरक्षित हाथों में है, तमिलनाडु उतना सुरक्षित हाथों में नहीं है। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शायद ही देश की भलाई के बारे में चिंतित है क्योंकि वह केवल एक परिवार की समृद्धि के लिए उत्सुक है। उन्होंने लोगों से हाथ बदलने (सरकार बदलने) की अपील की ताकि राज्य भी समृद्ध हो।

जाहिर तौर पर द्रमुक को सत्ता से बेदखल कर भारतीय जनता पार्टी को राज्य में शासन करने का अवसर दिए जाने का संकेत देते हुए नड्डा ने कहा, देश सुरक्षित हाथों में है, लेकिन तमिलनाडु सुरक्षित हाथों में नहीं है। इसलिए बेहतर होगा कि आप हाथ बदल लें। अगले लोकसभा चुनाव को लक्ष्य कर भाजपा प्रमुख ने यहां पास मेट्टुपालयम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, जब मैं क्षेत्रीय दलों की बात करता हूं, तो यह यहां की पारिवारिक पार्टी है - वंशवादी पार्टी। द्रमुक एक क्षेत्रीय पार्टी नहीं है, यह एक पारिवारिक पार्टी है। द्रमुक में डी डायनेस्टी (वंश) के लिए है, एम मनी पैसे की ठगी और के कट्टा पंचायत के लिए है।

भाजपा अध्यक्ष ने द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा, वे लूट लेंगे, जितना हो सके निकाल लेंगे। वे यहां आपकी सेवा करने के लिए नहीं हैं। लेकिन हम यहां आपकी सेवा करने के लिए हैं। वे यहां आपको बर्बाद करने के लिए हैं। हम यहां लोगों की देखभाल करने के लिए हैं। हमारे लिए, राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में और स्वयं सबसे अंत में आता है लेकिन उनके लिए स्वयं पहले, पार्टी बाद में और राष्ट्र अंत में आता है। उन्होंने दावा किया कि द्रमुक ने जहां लोगों को बांटा, वहीं भाजपा ने उन्हें जोड़ा।

## लखबीर लंडा के आतंकी सब-मॉड्यूल के तीन सदस्य गिरफ्तार, आरपीजी बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि उसने तीन लोगों को गिरफ्तार कर कनाडा में रह रहे आतंकवादी लखबीर लंडा के एक सब-मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और एक लोडेड रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) लॉन्चर भी बरामद किया है। तरनतारन के सरहाली पुलिस थाने में रॉकेट संचालित ग्रेनेड हमले की जांच के तहत यह भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक बयान में कहा कि सब-मॉड्यूल को कथित रूप से लंडा के निर्देश पर फिलीपीन से यादविंदर सिंह द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तरनतारन के चंबल गांव के रहने वाले कुलबीर सिंह, हीरा सिंह और दविंदर सिंह के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि पुलिस ने यादविंदर सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

डीजीपी ने कहा, आरपीजी की बरामदगी के साथ, पंजाब पुलिस ने राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के उद्देश्य से एक और संभावित आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया है। इससे पूर्व, 9 दिसंबर को तरनतारन के सरहाली पुलिस थाना भवन में कथित तौर पर हमले को अंजाम देने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और दो किशोरों को पकड़ा गया था। यह हमला पिछले सात महीनों में पंजाब में इस तरह की दूसरी घटना थी। यादव ने कहा कि खुफिया अभियान के तहत पुलिस ने जिले के बिलियांवाला पुल पर नाकाबंदी की और सरहाली आरपीजी हमले के संबंध में कुलबीर सिंह और हीरा सिंह को गिरफ्तार किया। तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गुरमीत सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि हमले के दिन उन्होंने यादविंदर सिंह के निर्देश पर एक आरपीजी उपलब्ध कराया था।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते केरल के सीएम पी विजयन

## विपक्ष भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूरे महाराष्ट्र मंत्रिमंडल को घेरेगा: संजय राउत

**नागपुर।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि विपक्ष भ्रष्टाचार को लेकर पूरे महाराष्ट्र मंत्रिमंडल को घेरेगा, न कि केवल एक या दो मंत्रियों को। राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि उन्हें उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सहानुभूति है, जिन्हें अपने भ्रष्ट सहयोगियों का बचाव करना पड़ता है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, विपक्ष एकनाथ शिंदे-फडणवीस कैबिनेट में केवल कुछ मंत्रियों को नहीं, बल्कि पूरी कैबिनेट को घेरने जा रहा है। मुझे फडणवीस से सहानुभूति है, क्योंकि उन्हें उन लोगों का बचाव करना है, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इससे पहले, राउत की यह टिप्पणी वायरल हो गई थी कि मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान उनकी पार्टी कुछ बम गिराएगी।

विपक्षी शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस ने कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार को तब निशाना बनाया, जब बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले हफ्ते वाशिम जिले में गांव की 37 एकड़ सार्वजनिक भूमि एक निजी व्यक्ति को हस्तांतरित करने के मामले में उन्हें नोटिस जारी किया। ऐसा ही आरोप मंत्री संजय राठौड़ पर भी लगा था।

फडणवीस ने आरोपों को मामूली पटाख करार दिया। फडणवीस की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राउत ने कहा, मुख्यमंत्री शिंदे खुद एनआईटी भूमि घोटाले में शामिल हैं, और आप इसे मामूली पटाखा कहते हैं? मुझे फडणवीस से सहानुभूति है कि उन्हें भ्रष्ट मंत्रियों का बचाव करना पड़ता है। विपक्ष ने पिछले हफ्ते नागपुर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की एक विवादित जमीन के नियमितीकरण को लेकर शिंदे को घेरने की कोशिश की थी। शिवसेना नेता ने कहा, "विपक्ष के नेता के रूप में, फडणवीस तत्कालीन सरकार के बेहद आलोचक थे, लेकिन अब वह अपने ही भ्रष्ट सहयोगियों के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं।

## मोदी सरकार ने देश के युवाओं के लिए भविष्य की राह तैयार की: केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले आठ सालों में देश के युवाओं के लिए भविष्य की राह तैयार की है। वह उप्र में गजरौला स्थित श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में नए युवा मतदाताओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से शुरू किए गए दूरगामी सुधारों ने युवाओं को नई उम्मीद प्रदान की है। भारत की साख वैश्विक स्तर पर बढ़ी है और पूरा विश्व अब भारत को समझना और इससे जुड़ना चाहता है। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि नया भारत खुला और भविष्योन्मुखी है और अपने प्रगतिशील विचारों के लिए जाना जाता है। देश के विकास का भार युवाओं के कंधों पर है। युवा मतदाताओं को याद दिलाया कि कुछ दशकों तक देश में अस्थिर और गठबंधन सरकारें थीं जिसके कारण भारत के बारे में ना केवल जनता, बल्कि विश्व में एक तरह की धारणा बन गई।

## तमिलनाडु में केन्द्र के कार्यालयों, पीएसयू में तमिल भाषियों के लिए पर्याप्त अवसर हों: स्टालिन

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य में केंद्र सरकार के कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में स्थानीय तमिल भाषी लोगों को नियुक्ति में प्राथमिकता देने की अपनी पुरानी मांग एक बार फिर केंद्र के साथ उठाई है। स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि पिछले साल उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसके बाद एक पत्र में स्थानीय तमिल लोगों को पर्याप्त अवसर देने की मांग की गई थी। उन्होंने पत्र में लिखा, मुझे विश्वास है कि आप इस बात पर सहमत होंगे कि सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए पर्याप्त अवसर से ही क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के साथ-साथ बेहतर सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की जा सकती है और विभिन्न स्तरों पर केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में शामिल होने की उनकी आकांक्षा को पूरा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, नागरिक केंद्रित प्रशासन, सुशासन की अनिवार्य शर्त है जिसमें जनता के साथ मुक्त संपर्क की आवश्यकता है और केवल स्थानीय भाषा एवं संस्कृति से परिचित व्यक्ति ही इसे पूरा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने मंगलवार को पत्र जारी किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा, तमिलनाडु में तकनीकी और शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से उच्च ज्ञान और कौशल वाले अधिक मानव संसाधन हैं और उनका अच्छी तरह से उपयोग किया जा सकता है।

स्टालिन ने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग की वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट स्पष्ट इशारा करती है कि दक्षिणी क्षेत्र से योग्य उम्मीदवारों की संख्या चयनित हुए कुल 28,081 योग्य व्यक्तियों का केवल 4.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इसी तरह रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा इस साल दक्षिण में विभिन्न पदों के लिए विभिन्न तारीखों पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अधिकतर लोग तमिलनाडु के नहीं हैं। स्टालिन ने कहा, इससे बेरोजगार युवाओं में बहुत निराशा है और सामाजिक-राजनीतिक हलकों में भी बहुत चिंता की स्थिति है। मुख्यमंत्री ने इच्छा जताई कि प्रधानमंत्री सभी केंद्रीय भर्ती एजेंसियों द्वारा तमिल भाषा में भी परीक्षा कराने के लिए जरूरी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि यह राज्य में रेलवे के अलावा केंद्र सरकार के दफ्तरों और पीएसयू में भर्ती में तमिलनाडु के अभ्यर्थियों के लिए मददगार होगा।

## अदालत ने कोचर दंपति व धूत को सीबीआई हिरासत में विशेष बिस्तरों व घर के खाने की अनुमति दी

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और एमडी चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर एवं वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की हिरासत में विशेष बिस्तर और गद्दे का उपयोग करने की अनुमति दे दी। एक दिन पहले ही, सीबीआई की एक अदालत ने ऋण धोखाधड़ी मामले में तीनों को 28 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने उन्हें घर का खाना और दवाओं के लिए भी अनुमति दे दी। कोचर दंपति और धूत ने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए एक कुर्सी, विशेष बिस्तर, गद्दे, तकिए, तौलिया, कंबल और चादरें इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने उन्हें अपने खर्चे पर इन चीजों के इस्तेमाल की अनुमति दी। अदालत ने उन्हें पूछताछ पूरी होने तक हर दिन एक घंटे तक अपने वकीलों से सहायता लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि सीबीआई हिरासत के दौरान आवश्यकता पड़ने पर धूत को इंसुलिन लेने में मदद के लिए एक सहायक को अनुमति देगी। जांच एजेंसी ने शुक्रवार की रात कोचर दंपति को गिरफ्तार किया था। धूत (71) को सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया गया था।

## भारत जोड़ो यात्रा में कश्मीर में शामिल होंगी महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में कश्मीर में शामिल होंगी। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, मुझे भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जी के साथ कश्मीर में जुड़ने का आज न्योता दिया गया। उनके अदम्य साहस को सलाम करती हूं और मेरा मानना है कि उस व्यक्ति के साथ खड़े होना मेरा कर्तव्य है, फासीवादी ताकतों को चुनौती देने की हिम्मत है। यात्रा के जम्मू कश्मीर में प्रवेश करने पर नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है।

# पाकिस्तानी नौका से हथियार, मादक पदार्थ गुजरात तट पर उतारे जाने थे: डीजीपी

**अहमदाबाद।** गुजरात तट के पास बीच समुद्र में एक पाकिस्तानी नौका से जो हथियार एवं मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं, वे सलाया और ओखा कस्बों के बीच तट पर उतारे जाने थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आशीष भाटिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) इस बारे में जांच करेगा कि जब्त की गई इन वस्तुओं को कौन प्राप्त करने वाला था और उनका अंतिम गंतव्य कहां था। डीजीपी ने कहा कि शुरूआती जांच के मुताबिक,मादक पदार्थ को पाकिस्तान स्थित एक ड्रग माफिया ने भेजा था, जिसकी पहचान हाजी सलीम बलूच के रूप में की गई है। भारतीय तट रक्षक ने कहा था कि गुजरात तट के पास सोमवार तड़के चालक दल के 10 सदस्यों के साथ एक पाकिस्तानी नौका पकड़ी गई, जिसके जरिए 300 करोड़ रुपए मूल्य के हथियार, गोला-बारूद और 40 किग्रा मादक पदार्थ लाए जा रहे थे।

भाटिया ने संवाददाताओं से कहा, गुजरात एटीएस इस गिरोह के पीछे मौजूद पाकिस्तानी तस्कर के अलावा उन व्यक्तियों के बारे में जांच करेगी, जो 300 करोड़ रुपए मूल्य की हेरेइन और हथियार प्राप्त करने वाले थे, जिसे बीच समुद्र में जब्त कर लिया गया। यह भी पता लगाया जाएगा कि गुजरात तट पर उतारे जाने के बाद इन्हें कहां ले जाया जाना था। जब्त मादक पदार्थ और आग्नेयास्त्र गुजरात तट पर सलाया और ओखा कस्बों के बीच उतारे जाने थे। मादक पदार्थों की आपूर्ति गुजरात तट होते हुए भारत में अज्ञात व्यक्तियों को की जानी थी।

सलाया और ओखा देवभूमि द्वारका जिले में स्थित तटीय कस्बे हैं। डीजीपी ने कहा, मादक पदार्थ और आग्नेयास्त्रों को गुजरात तट पर सलाया एवं ओखा कस्बों के बीच उतारा जाना था, जहां से उन्हें किसी और को सौंपा जाना था। एटीएस इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों और मादक पदार्थों को किस दिशा में ले जाया जाना था तथा इसके पीछे मौजूद तस्कर हाजी सलीम बलूच के बारे में भी जांच करेगी। पकड़ी गई नौका अल सोहेली पर दो गैस सिलेंडर में 300 करोड़ रुपए मूल्य की करीब 40 किग्रा हेरेइन छिपा कर रखी गई थी। छह अर्द्ध-स्वचालित इतालवी पिस्तौल, 12 मैगजीन और 120 कारतूस तीसरे सिलेंडर में छिपा कर रखी पाई गई।

भाटिया ने कहा कि एटीएस और तटरक्षक की एक संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास बीच समुद्र में अभियान चलाने के दौरान चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना किया। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए योजना पर कई दिनों से कार्य किया जा रहा था। इस तरह के अभियान आईएमबीएल के पास चलाए जाते हैं। समुद्र में लंबे समय तक रहना पड़ता है। तटरक्षक ने अभियान की योजना तैयार की और सूचना के आधार पर टीम समुद्र में करीब 140 समुद्री मील तक गई। अभियान समुद्र में छह दिनों तक चला। उन्होंने बताया कि अल सोहेली नौका कराची के पास बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से रवाना हुई थी। भाटिया ने कहा कि पकड़ी गई नौका से गिरफ्तार किए गए 10 पाकिस्तानी नागरिक बलूचिस्तान (प्रांत) के रहने वाले हैं।

# वॉर्नर का दोहरा शतक, ऑस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त

●दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 386 रन बनाए, कुल बढ़त 197 रन की हो गई है, दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए थे



भाषा। मेलबर्न

**पिछले कुछ** समय से लचर प्रदर्शन के कारण आलोचकों के निशाने पर रहे डेविड वॉर्नर ने अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाते हुए दोहरा शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल की। वॉर्नर ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 200 रन बनाए जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 386 रन बनाए हैं। उसकी कुल बढ़त 197 रन की हो गई है। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए थे। स्टंप उखड़ने के समय ट्रेविस हेड 48 और एलेक्स केरी नौ रन पर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की पारी का आकर्षण वॉर्नर का दोहरा शतक रहा। उन्होंने इस बीच स्टीव स्मिथ (85) के साथ तीसरे विकेट के लिए 239 रन की साझेदारी की। स्मिथ के आउट होने के 15 मिनट बाद वॉर्नर भी पांव में ऐंठन के कारण मैदान छोड़कर चले गए। वह अपने 100वें टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले इंग्लैंड के जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले वह दुनिया के 10वें और ऑस्ट्रेलिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उनसे पहले रिकी पोंटिंग ने यह कारनामा किया था। ऑस्ट्रेलिया भले ही मजबूत स्थिति में पहुंच गया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी से पहले उसके दो तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन चोटिल हो गए हैं। ग्रीन जब छह रन पर खेल रहे थे तब एनरिक नोर्किया की गेंद उनकी उंगली पर लगी और उन्हें क्रीज छोड़नी पड़ी। बाएं हाथ के बल्लेबाज वॉर्नर ने मैदान छोड़ने से पहले अपनी पारी में 254 गेंदें खेली तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। यह उनका कुल 25वां और जनवरी 2020 के बाद पहला शतक है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें क्रिकेटर बने वॉर्नर ने शतक जड़कर फॉर्म में भी वापसी की। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए पहले मैच में भी शून्य और तीन रन ही बना पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह एक विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। वॉर्नर जब 47 रन पर थे तब तेज गेंदबाज नोर्किया का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा और उन्हें चिकित्सकों की मदद लेनी पड़ी। इससे काफी समय तक खेल रुका रहा। खेल शुरू होने के दो गेंद बाद ही मार्नस लाबुशेन (14) रन आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 75 रन हो गया जिसके बाद वॉर्नर और स्मिथ ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। वॉर्नर ने 81वां रन पूरा करते ही टेस्ट क्रिकेट में 8000 रन भी पूरे किए। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह ऑस्ट्रेलिया के आठवें बल्लेबाज हैं।

## अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले 10वें बल्लेबाज बने

**मेलबर्न।** डेविड वॉर्नर अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे और दुनिया के 10वें बल्लेबाज बन गए हैं। वॉर्नर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को यहां रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 200 रन बनाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में जनवरी 2020 के बाद पहला शतक है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें क्रिकेटर बने वॉर्नर से पहले पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बने थे। पोंटिंग ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जनवरी 2006 में सिडनी में यह उपलब्धि हासिल की थी। पोंटिंग ने तब दोनों पारियों में शतक (120 और नाबाद 143 रन) बनाए थे। यह कारनामा करने वाले वह दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। वॉर्नर ने अपने 100वें टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाया। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के दूसरे खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट (218) ने फरवरी 2021 में भारत के खिलाफ चेन्नई में यह कारनामा किया था। टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 100 मैच कॉलिन कॉउड्रे ने खेले थे और उन्होंने इसमें इसमें शतक भी जड़ा था। उनके बाद जावेद मियांदाद, गार्डन ग्रीनिज, एलेक स्टीवर्ट, इंजमाम उल हक, पोंटिंग, ग्रीम स्मिथ, हाशिम अमला, रूट और वॉर्नर ने अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने का कारनामा किया। वॉर्नर ने 81वां रन पूरा करते ही टेस्ट क्रिकेट में 8000 रन भी पूरे किए। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह ऑस्ट्रेलिया के आठवें बल्लेबाज हैं।

# हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के कप्तान

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** में बदलाव के दौर की शुरूआत करते हुए हरफनमौला हार्दिक पंड्या को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है जबकि रोहित शर्मा वनडे टीम के कप्तान बने रहेंगे। विराट कोहली और केएल राहुल भी टी20 टीम में नहीं हैं और ऐसे संकेत हैं कि 2024 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विराट, राहुल और रोहित को शायद अब इस प्रारूप में चुना भी नहीं जाएगा। पंड्या को वनडे टीम में भी उपकप्तान चुना गया है जबकि पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार यादव टी20 टीम के उपकप्तान होंगे। गुजरात टाइटंस को आईपीएल के उसके पहले ही सत्र में खिताब दिलाने वाले पंड्या को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों भारत की हार के बाद से ही रोहित की जगह लेने का दावेदार माना जा रहा था। रोहित अंगूठे की हड्डी खिसकने के बाद अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। बीसीसीआई की विज्ञप्ति में यह नहीं कहा गया है कि यह बदलाव स्थाई है या सिर्फ एक श्रृंखला के लिए है। टी20 टीम में तेज गेंदबाज शिवम मावी और मुकेश कुमार को पहली बार मौका मिला है।मावी को आईपीएल नीलामी में टाइटंस ने छह करोड़ रूपए में खरीदा जबकि मुकेश को दिल्ली कैपिटल्स ने साढे पांच करोड़ रूपए में खरीदा है। रूतुराज गायकवाड़ और राहुल त्रिपाठी भी टी20 टीम में हैं। वनडे टीम में मोहम्मद शमी की चोट से उबरने के बाद वापसी हुई है। शिखर धवन वनडे टीम में नहीं हैं।



**श्रीलंका के खिलाफ भारत की टी20 टीम :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन, रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल , उमरान मलिक, शिवम मावी, मुकेश कुमार। **वनडे टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह।

## चयनकर्ताओं के साक्षात्कार के लिए 29 को हो सकती है सीएसी की बैठक

**नई दिल्ली।** अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नाइक और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) की 29 दिसंबर को मुंबई मे नई राष्ट्रीय चयन समिति के संभावित उम्मीदवारों के साक्षात्कार के लिए बैठक होने की संभावना है। समझा जाता है कि बीसीसीआई साक्षात्कार के लिए नामों को छांटने की प्रक्रिया मे है और पिछली चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा के मध्य क्षेत्र के अपने सहयोगी हरविंदर सिंह के साथ सूची मे शामिल होने की काफी संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, अगर सब कुछ ठीक रहा तो 29 दिसंबर को सीएसी की मुंबई मे बैठक होनी है। इसी मे चयनित नामों का साक्षात्कार भी होगा। इस बीच समझा जाता है कि चेतन और उनकी समिति को एक और सप्ताह का विस्तार दिया गया है। इस दौरान उन्हें रणजी ट्रॉफी मैचों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। चेतन और उनके सहयोगी हरविंदर तमिलनाडु के खिलाफ घरेलू टीम का मैच देखने के लिए दिल्ली मे थे, जबकि सुनील जोशी हैदराबाद मे असम और हैदराबाद के बीच मैच देख रहे थे। सूत्र ने कहा, उन्हें कल ही सूचित किया गया था कि उन्हें इस दौर के मैचों को देखने की जरूरत है। यह हालांकि समझा जाता है कि चेतन और हरविंदर दोनो का सीएसी से फिर से साक्षात्कार लिए जाने की संभावना है और दोनो अपने-अपने क्षेत्र से चयनकर्ता पद पर बने रह सकते है।

## सरकार ने ई खेलों को आधिकारिक मान्यता दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ई खेलों को आधिकारिक मान्यता देकर देश की प्रमुख खेल विधाओं में शामिल कर लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान की धारा 77 के प्रावधान तीन में मिले अधिकारों का प्रयोग करके ई स्पोर्ट्स से संबंधित नियमों में बदलाव किया और सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स और खेल मंत्रालय से ई स्पोर्ट्स को बहु खेल आयोजनों में शामिल करने के लिए कहा। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में ई खेलों को नुमाइशी खेल के रूप में शामिल किए जाने के बाद से इसे बहु खेल आयोजन का हिस्सा बनाने की मांग उठ रही थी। राष्ट्रपति की अधिसूचना (23 दिसंबर को जारी) के बाद आई टी मंत्रालय आनलाइन गेमिंग संबंधी मसलों पर नोडल एजेंसी होगा और खेल मंत्रालय को अपने विषयों में इसे शामिल करना होगा।

## भारतीय फुटबॉल का रणनीतिक खाका सात को पेश किया जाएगा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने राज्य संघों के साथ बैठक में भाग लेने के बाद मंगलवार को बताया कि भारतीय फुटबॉल का बहुप्रतीक्षित रणनीतिक खाका सात जनवरी को पेश किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने की, जिसमें राज्यों के प्रतिनिधि भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। एआईएफएफ की वेबसाइट के मुताबिक प्रभाकरण ने कहा, हम रणनीतिक ढांचे पर चर्चा करने के लिए फिर से मिलेंगे। हमने इसे आप सभी के सुझावों को लेकर तैयार किया है। इसे सात जनवरी को पेश किया जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका के बेहरडीन ने संन्यास की घोषणा की

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के विशेषज्ञ और पूर्व टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान फरहान बेहरडीन ने मंगलवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने 59 एकदिवसीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला मे दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी की थी। बेहरडीन ने संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। इस हरफनमौला ने कहा कि 18 साल से अधिक समय तक खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट छोड़ने का फैसला कठिन था।

## बृजेश ने राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलो के रजत पदक विजेता बृजेश दमानी ने इंदौर में पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के अपने साथी खिलाड़ी ध्रुव सितवाला को हराकर पहली बार राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती। फाइनल मैच चार गेम के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद बृजेश ने शानदार खेल दिखाया और 4-3 से बढ़त हासिल की। उन्होंने आखिर में आठवें गेम में भी दबदबा बनाए रखा और 5-3 से खिताब अपने नाम किया। बृजेश ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के बी भास्कर और सेमीफाइनल मे विश्व 6रेड चैंपियन एस श्रीकृष्णा को हराया था।

# तमिलनाडु के तेज गेंदबाजों ने दिल्ली को रोका

●रणजी : छह विकेट पर 212 रन पर रोका

भाषा। नई दिल्ली

**फॉर्म में चल** रहे ध्रुव शोरे लगातार तीसरा शतक जमाने से चूक गए जिससे तमिलनाडु ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच के पहले दिन मंगलवार को दिल्ली को छह विकेट पर 212 रन पर रोक दिया। शोरे ने 168 गेंद में 66 रन बनाए जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज जोंटी सिद्धू ने 107 गेंद में 57 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 105 रन जोड़े। पहले डेढ़ घंटे के बाद पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो गई थी लेकिन दिल्ली के बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके। तेज गेंदबाज संदीप वारियर ने 22 ओवरों में 59 रन देकर और एल विग्नेश ने 19 ओवरों में 42 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। इससे पहले तमिलनाडु के कप्तान बाबा इंद्रजीत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया। सुबह कड़ाके की ठंड में विग्नेश ने सफेद ऊनी टोपी पहनकर गेंदबाजी की। दिल्ली ने कप्तान यश धुल (0) का विकेट जल्दी गंवा दिए जो विग्नेश की गेंद पर आउट हुए। असम के खिलाफ 252 और नाबाद



## समर्थ की शतकीय पारी से कर्नाटक मजबूत

**पोरवोरिम (गोवा)।** सलामी बल्लेबाज आर समर्थ की 140 रन की शानदार पारी और मयंक अग्रवाल (50) तथा विशाल ओनत (नाबाद 73) के साथ पहले और दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारियों के दम पर कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच मे गोवा के खिलाफ मंगलवार को तीन विकेट पर 294 रन बनाए। कर्नाटक के कप्तान मयंक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और अर्धशतक लगाते हुए समर्थ के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। मयंक ने 82 गेंद की पारी मे पांच चौके और दो छक्के जड़े। वह लक्ष्य गर्ग (48 रन पर एक विकेट) की गेंद पर आउट हुए। समर्थ को इसके बाद ओनत का अच्छा साथ मिला और दोनो ने अर्जुन तेंदुलकर, गर्ग, दर्शन मिसल और मोहित रड़कर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बनाए। समर्थ की 238 गेंद में 14 चौके जड़ति पारी का अंत तेंदुलकर (30 रन पर एक विकेट) की गेंद पर हुआ। समर्थ ने लगातार तीसरे मैच मे शतक जड़ा। उन्होने इससे सेना और पुडुचेरी के खिलाफ भी तीन अंक मे रन बनाए थे। मिसल (73 रन पर एक विकेट) ने पारी के 86वे ओवर मे निकिन जोस (नौ रन) को आउट कर गोवा को तीसरी सफलता दिलाई। ग्रुप के अन्य मैचो मे थुंबा मे केरल ने जलज सक्सेना के पांच विकेट से छत्तीसगढ़ को 50 ओवर के अंदर 149 रन पर आउट कर स्टंप्स तक दो विकेट पर 100 रन बना लिए।

## आवेश के चार विकेट से मध्यप्रदेश ने रेलवे की पारी को 274 रन पर समेटा

**इंदौर।** आवेश खान (69 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से मौजूदा चैम्पियन मध्यप्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच मे मंगलवार को शुरूआती दिन रेलवे की टीम को पहली पारी मे 87.4 ओवर में 274 रन पर आउट कर दिया। आवेश के अलावा सारांश जैन (50 रन पर दो विकेट), पुनीत दाते (52 रन पर दो विकेट) कुमार कार्तिकेय (57 रन पर एक विकेट) और शुभम शर्मा (आठ रन पर एक विकेट) सफलता हासिल करने वाले गेंदबाजों में शामिल रहे।

## बिपिन सौरभ के पहले शतक ने बिहार की पारी को संभाला

**शिलांग।** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज बिपिन सौरभ (107) की पहली शतकीय पारी से बिहार ने रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मे मंगलवार को पहले दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 247 रन लिए। स्टंप्स के समय सकीबुल गनी 52 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि शिवम कुमार ने अभी खाता नही खोला है। मेघालय के लिए राजेश बिश्नोई सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होने 22 ओवर मे 56 रन देकर चार विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला बिहार के लिए अच्छा नही रहा।

## धापोला के आठ विकेट से उत्तराखंड ने हिमाचल को 49 रन पर समेटा

## उत्तर प्रदेश ने बड़ौदा के खिलाफ सात विकेट पर 225 रन बनाए

**देहरादून।** तेज गेंदबाज दीपक धापोला के आठ विकेट की मदद से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन हिमाचल प्रदेश को 49 रन पर समेट दिया। वहीं वडोदरा में उत्तर प्रदेश ने बड़ौदा के खिलाफ सात विकेट पर 225 रन बनाए। 32 वर्ष के धापोला ने 8.3 ओवर में 35 रन देकर आठ विकेट लिए। हिमाचल की पारी 17 ओवर में ही सिमट गई। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर उत्तराखंड ने छह विकेट पर 295 रन बना लिए थे और अब उसके पास 246 रन की बढत हो गई है। आदित्य तारे 91 और अभय नेगी 48 रन बनाकर खेल रहे हैं। बागेश्वर में जन्में धापोला की गेंदबाजी पहले दिन के खेल का आकर्षण रही। चार साल पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले इस गेंदबाज का यह 15वां मैच ही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 50 रन देकर सात विकेट था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उनके प्रदर्शन की तारीफ करते हुए ट्वीट किया , रणजी ट्रॉफी ने समय समय पर हमारे घरेलू क्रिकेटरों को मंच देने में मदद की है।

# कुलदीप की जगह लेने का कोई दबाव नहीं था , घरेलू क्रिकेट खेलने से मदद मिली : उनादकट

भाषा। नई दिल्ली



**बारह बरस में** पहली बार भारत के लिए टेस्ट खेल रहे जयदेव उनादकट ने शानदार प्रदर्शन करके अपना वादा निभाया। टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए वह किस कदर तरस रहे हैं, इसकी बानगी जनवरी में देखने को मिली जब उनका एक ट्वीट वायरल हो गया था। उन्होंने लिखा था , डियर रेड बॉल , मुझे एक मौका और दे दो प्लीज। तुम्हें फख्र होगा, ए मेरा वादा है। उनादकट ने बांग्लादेश से लौटने के बाद पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा , हर किसी को लगा कि मैं राष्ट्रीय टीम में वापसी की बात कर रहा हूं। मुझे लाल गेंद से क्रिकेट खेलने की उत्कंठा थी क्योंकि कोरोना के कारण रणजी ट्रॉफी फिर स्थगित हो गई थी। उनादकट ने आखिरी बार 2010 में टेस्ट खेला था जिस टीम में सचिन तेंदुलकर और मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी थे। उन्होंने दूसरा टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ अब खेला चूंकि मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट नहीं थे। वीजा मिलने में देरी के कारण वह पहला टेस्ट शुरू होने के बाद ही बांग्लादेश पहुंचे लेकिन दूसरे टेस्ट में उन्हें कुलदीप यादव की जगह उतारा गया। पहले टेस्ट में आठ विकेट लेने वाले कुलदीप को बाहर करने से काफी विवाद खड़ा हुआ। उन्होंने जाकिर हसन के रूप में पहला टेस्ट विकेट लिया। यह मेरे कैरियर की सबसे सुनहरी यादों में से एक होगा। टेस्ट विकेट लेने की कल्पना मैं हजार बार कर चुका था। यह पूछने पर कि क्या कुलदीप की जगह लेने से कोई दबाव महसूस हुआ, उन्होंने कहा , बिल्कुल नहीं। जब आप अपेक्षा नहीं करते और चीजें हो जाती है तो उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिए। मैं सिर्फ अपना योगदान देना चाहता था। घरेलू क्रिकेट खेलने से मुझे काफी फायदा मिला।

# पाक के 438 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की दमदार शुरूआत

भाषा। कराची

डेवोन कोंवे और टॉम लाथम के नाबाद अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के पहली पारी के 438 रन के जवाब में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बिना किसी नुकसान के 165 रन बना लिए। कोंवे 82 और लाथम 78 रन बनाकर खेल रहे हैं। बीस साल बाद पाकिस्तान का दौरा कर रही न्यूजीलैंड टीम पहली पारी में अभी भी मेजबान से 273 रन पीछे है। कोंवे ने 19 पारियों में 1000 टेस्ट रन पूरे करके जॉन एफ रीड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 57 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब पाकिस्तान ने विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर डीआरएस नहीं लिया। टीवी रिप्ले से जाहिर था कि कोंवे का बल्ला नोमान अली की गेंद पर लगा था। इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट में 17 विकेट लेने वाले अबरार अहमद की गेंदों को दोनों बल्लेबाजों ने सहजता से खेला। कोंवे ने 89 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अर्धशतक पूरा किया। लाथम ने 96 गेंद में 50 रन पूरे किए जिसमें छह चौके शामिल थे। चोटिल शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान का तेज आक्रमण बेहद कमजोर था जिसका न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने फायदा उठाया। इससे पहले सलमान आगा ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारियां करके 103 रन की पारी खेली जिसमें 17 चौके शामिल थे। वह आउट होने वाले आखिरी पाकिस्तानी बल्लेबाज थे। न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टिम साउदी ने उन्हें आउट किया जो उनका 350वां टेस्ट विकेट था।



# साइना एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में शामिल की गईं



भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन साइना नेहवाल को 14 से 19 फरवरी के बीच दुबई में होने वाली एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के सीनियर चयन समिति की 25 दिसंबर को वर्चुअल बैठक हुई जिसमें एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन करने के लिए ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को चुना गया। समिति ने विश्व रैंकिंग के आधार पर एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को सीधे प्रवेश देने का फैसला किया। चौदह सदस्ईय टीम के बाकी सदस्यों का चयन नई दिल्ली में दो और तीन जनवरी को होने वाले चयन ट्रायल्स से किया जाएगा। महिला एकल में साइना के अलावा मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप को ट्रायल के लिए बुलाया गया है, जबकि पुरुष युगल में एमआर अर्जुन-ध्रुव कपिला, कृष्ण प्रसाद गर्ग-विष्णुवर्धन गौड़ पी और ईशान भटनागर-साई पाथेक के नाम शामिल हैं। महिला युगल में दो स्थानों के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री पी गोपीचंद, सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम तथा हरिता मंझील और आशना रॉय को ट्रायल्स के लिए चुना गया है। मिश्रित युगल में एक टीम का चयन किया जाएगा जिसके लिए ईशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो, वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन और रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को ट्रायल्स में बुलाया गया है।

## करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवी रैंकिंग पर पहुंचे प्रणय

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय मंगलवार को जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में आठवे स्थान पर पहुंच गए है जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। केरल का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस साल शानदार फॉर्म में रहा। उन्होंने इससे पहले 2018 में भी आठवी रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद वह 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे। प्रणय ने इस साल यादगार प्रदर्शन किया। वह सात टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, दो टूर्नामेंट मे वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे जबकि स्विस ओपन मे उपविजेता रहे थे। उन्होने कोई एकल खिताब नही जीता लेकिन भारत की थॉमस कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन पहले की तरह सातवे स्थान पर बने हुए है लेकिन किदांबी श्रीकांत एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए है। राष्ट्रमंडल खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोटिल होने के कारण किसी टूर्नामेंट मे भाग नही ले पाने वाली पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग मे एक पायदान नीचे सातवे स्थान पर खिसक गई है। पुरुष युगल रैंकिंग मे सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन पांचवें स्थान पर बने हुए है। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती जोड़ी तीन पायदान ऊपर चढ़कर 21वे नंबर पर पहुंच गई है। महिला युगल रैंकिंग मे गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी एक पायदान आगे 17वे स्थान पर पहुंच गई है। मिश्रित युगल मे ईशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी दो पायदान ऊपर 18वे स्थान पर पहुंच गई है।

# दक्षिण अफ्रीका को 54 रन से हराकर भारतीय महिला टीम ने बढ़त बनाई

● अंडर 19 क्रिकेट टीम

भाषा। प्रिटोरिया

**भारतीय महिला** अंडर 19 क्रिकेट टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 मैच में 54 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में बढ़त बना ली। यह श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के लिए अहम मानी जा रही है। सलामी बल्लेबाज श्वेता सहरावत और सौम्या तिवारी ने क्रमश: 39 और 46 गेंदों में 40 . 40 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत ने पांच विकेट पर 137 रन बनाए। कप्तान शेफाली वर्मा हालांकि पहली ही गेंद पर आउट हो गई थी जिसके बाद सहरावत और तिवारी ने 74 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। सहरावत ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए जबकि तिवारी ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा। इन दोनों के अलावा विकेटकीपर रिचा घोष ने 15 और तितास संधू ने नाबाद 13 रन बनाए। कायला रेनेके और अयांडा एच ने मेजबान टीम के लिए दो दो विकेट लिए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 83 रन ही बना सकी। मध्यम तेज गेंदबाज शबनम शकील ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका ने तीन ओवर के भीतर 10 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे और इस सदमे से टीम उबर ही नहीं सकी।

## गार्डनर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला बनीं

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला एशले गार्डनर ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज, भारत की दीप्ति शर्मा और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन को पछाड़कर मंगलवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑलराउंडरों की सूची में करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग हासिल की। भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-। से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली गार्डनर ने आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मे 32 गेंद मे नाबाद 66 रन बनाने के बाद 20 रन देकर दो विकेट चटकाए थे। वह तीन स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग मे शीर्ष स्थान पर पहुंची।